प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी
देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित
वर्ष 22 अंक 342
पृष्ठ 8 मूल्य-2.00
दैनिक
# समय जगत
दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
गुरूवार 29 जनवरी 2026
माघ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत्-2082
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com
दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित
एक संदेश-पूरा देश
ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

### सुभाष स्कूल में शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन में हुए शामिल मोहन यादव

## शासकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम हुआ बेहतर, बढ़ रहा नामांकन : मुख्यमंत्री

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युग बदले, सदियां बदलीं पर शिक्षकों का सम्मान कभी कम नहीं हुआ। शिक्षक उस दीपक के समान होते हैं, जो खुद जलकर दूसरों के जीवन को आलोकित करते हैं। शिक्षकगण सदैव सम्मानित थे, हैं और आगे भी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इनके सद्प्रयासों से ही प्रदेश के शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम ऐतिहासिक रूप से बेहतर से और बेहतर हुए हैं। बच्चों के प्रवेश, शाला नामांकन दर में भी रिकार्ड वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदेश में बच्चों की ड्राप-आउट दर भी शून्य हो गई है। इसमें शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है, वंदनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन में कहा कि हमारे सांदीपनि विद्यालय और पीएमश्री विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता के नए-नए मानक स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों की सफलता से हम सब अभिभूत हैं। इसलिए प्रदेश में इसी सत्र से 200 नए सांदीपनि विद्यालय खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 को लागू करने में मध्यप्रदेश देश के पहले राज्यों में हैं। हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए ए.आई., कोडिंग और कौशल आधारित शिक्षा की दिशा में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। इसमें शिक्षकों का बहुमूल्य योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों के हित में सरकार ने कोई कमी नहीं रखी है। आगे भी जो कुछ हित लाभ बचा है, वह भी जल्द ही देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ सरस्वती पूजन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अनेक शिक्षक हितैषी निर्णयों के लिए संघ द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती कोकिला सिंह, श्री बद्री प्रसाद तिवारी, बृजमोहन आचार्य, श्री देवकृष्ण व्यास, श्री किशनलाल नाकड़ा को सम्मानित किया। श्रीमती कोकिला सिंह ने उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भौतिक शास्त्र की शिक्षा दी थी। मुख्यमंत्री ने अपनी गुरु का सम्मान कर उनके चरण छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इसी तरह बद्री प्रसाद तिवारी ने नरसिंहपुर में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को स्कूल में पढ़ाया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को सुभाष स्कूल में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की विकास यात्रा पर केन्द्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर, हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ नामक पुस्तिका, टेबल कैलेंडर एवं डायरी का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे मन के भावों से शिक्षा पद्धति और शिक्षकों से जुड़े हुए हैं। यह सम्मेलन भाव विभोर कर देने वाला है। एक शिक्षक हमारे अंदर विद्मान प्रतिभाओं को निखारने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में अपनी एक नई पहचान बना रहा है।



### विकसित भारत का लक्ष्य पाने में प्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार का एक अर्थ सहकार भी होता है। यह परस्पर सामंजस्य से ही संभव है। सरकार के लक्ष्य उच्चतम होने चाहिए। उसके समाज के सभी प्रश्नों और समस्याओं के समाधान की मंशा और ऐसा सामर्थ्य भी होना चाहिए। चुनी हुई सरकार हर वर्ग के कल्याण का ध्यान रखती है। विकसित भारत का लक्ष्य पाने में मध्यप्रदेश अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। देश के प्रधानमंत्री, राज्य के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री भी शासकीय विद्यालयों से ही पढ़कर यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के 22 हजार से अधिक शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण बड़ी सरलता से हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति को सफलतापूर्वक लागू करने में मध्यप्रदेश देश के पांच राज्यों में से एक है। मध्यप्रदेश भारत के सबसे कम बेरोजगारी दर वाले तीन राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भव्य सांदीपनि विद्यालय बन रहे हैं। हमारी सरकार ने शिक्षकों को महंगाई भत्ते का भी लाभ दिया है। करीब डेढ़ लाख शिक्षक इससे लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को हमने कुलगुरु का नया नाम दिया है। हमारी सरकार गुरूजनों के सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ रही।

## महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार का विमान दुर्घटना में निधन



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बारामती के पास एनसीपी नेता और डिप्टी सीएम अजित पवार की निजी विमान दुर्घटना में मौत हो गई। प्लेन की लैंडिंग के दौरान ये हादसा हुआ, जिसमें अजित पवार समेत विमान में सवार सभी लोगों की जान चली गई। सियासत के बेताज बादशाह कहे जाने वाले अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार की उंगली पकड़कर राजनीति में कदम रखा था। उन्होंने अपनी राजनीतिक कौशल के जरिए पार्टी को महाराष्ट्र में मजबूत बनाया। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एनसीपी को एक बड़ा जनाधार तैयार करने में अहम रोल अदा किया, लेकिन 2022 में शरद पवार से अलग अपनी राजनीतिक लकीर खींची और बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बनाई। अजित पवार ने साल 1982 में राजनीति में कदम रखा। अजित पवार प्राथमिक शिक्षा की पढ़ाई कर रहे थे, तो उस दौरान उनके चाचा शरद पवार दिग्गज सियासी नेता बन चुके थे। राजनीति में कदम रखने के बाद सबसे पहले उन्होंने एक सहकारी चीनी कारखाने के बोर्ड के लिए चुनाव लड़ा। वह पुणे सहकारी बैंक के अध्यक्ष चुने गए, वो 16 सालों तक इस पद पर रहे। साल 1991 में पहली बार बारामती संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गए, लेकिन बाद में उन्होंने यह सीट अपने चाचा शरद पवार के लिए खाली कर दी। इसके बाद शरद पवार केंद्र में पीवी नरसिम्हा राव सरकार में रक्षा मंत्री बने। यहीं से शरद पवार केंद्र की राजनीति में खुद को सक्रिय कर लिया तो अजित पवार महाराष्ट्र की सियासत की कमान अपने हाथ में ले ली।

अजित पवार ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को शरद पवार के सियासी वारिस के तौर पर महाराष्ट्र में स्थापित किया। महाराष्ट्र की राजनीति पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली, इसके बाद साल 1995 में वो पहली बार पुणे जिले में बारामती विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुने गए। इसके बाद से वो लगातार इस निर्वाचन क्षेत्र के विधायक रहे। उन्होंने साल 1995, 1999, 2004, 2009, 2014, 2019 और 2024 में भी विधायक बने। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में खुद को स्थापित ही नहीं किया बल्कि अपनी पकड़ भी मजबूत की।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू हुआ संसद का बजट सत्र



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के बजट सत्र का पहला चरण बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति ने सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। अभिभाषण के दौरान जैसे ही राष्ट्रपति ने वीबीङ्क जी राम जी कानून का जिक्र किया, विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया और कानून वापस लो के नारे लगाए। हालांकि, कुछ देर बाद शोर-शराबा शांत हुआ और अभिभाषण जारी रहा। एनडीए सांसदों ने मेज थपथपाकर राष्ट्रपति के वक्तव्य का समर्थन किया। बजट सत्र 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलना है, जो दो चरणों में आयोजित होगा। पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी और दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक रहेगा। इस दौरान कुल 30 बैठकें प्रस्तावित हैं। 28 जनवरी और 1 फरवरी को शून्यकाल नहीं होगा। अभिभाषण में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार सामाजिक न्याय के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भ्रष्टाचार व घोटालों से सख्ती से निपटने में सफल रही है। उन्होंने बताया कि 2014 में जहां सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ 25 करोड़ लोगों तक सीमित था, वहीं अब करीब 95 करोड़ भारतीय इन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।






































# भगवान श्रीराम ने अनुकूल व प्रतिकूल परिस्थितियों में जीने का तरीका सिखाया : शान्तनु जी महाराज

## अध्यक्षता कर रहे वावन पीठाधीश्वर महंत बैदेही बल्लभ शरण महाराज ने भी दिया आशीर्वाद







### मोंठ में आयोजित श्रीराम कथा में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब

**समय जगत, मोंठ।** शीतला धाम में अयोध्या वावन पीठाधीश्वर महंत बैदेही बल्लभ शरण जी महाराज की अध्यक्षता में चल रही संगीतमयी श्री राम कथा के छठवें दिन की कथा सुनाते हुए श्री राम कथा के प्रवक्ता शान्तनु जी महाराज ने वैदेही विवाह प्रसंग का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि जो भगवान के विवाह प्रसंग को सुनते हैं वह जीवन मे सुखी रहते हैं।

अयोध्या काण्ड का वर्णन करते हुए कि मनुष्य के जीवन मे प्रतिकूलता एवं अनुकूलता दोंनो परिस्थितियां होती है। भगवान ने दोनों परिस्थितियों में जीने का तरीका सिखाया।

चार शास्त्र प्रत्येक मनुष्य के घर मे रहना चाहिए। जिनमे श्रीमद्भागवत, गीता,राम चरित मानस एवं महाभारत प्रमुख ग्रंथ हैं।राम चरित मानस जीना सिखाती है,भागवत मरना सिखाती,गीता ज्ञान एवं महाभारत करना सिखाती है।

भारत का साधु शस्त्र एवं शास्त्र दोनों रखता है। हिन्दू समाज जितना संगठित होगा उतना ही मजबूत होगा। हिंदुओं को संगठित होने की आवश्यकता है।देश को मजबूत बनाने के लिए मजबूत बनना होगा।

उन्होंने कहा जिन्होंने माता पिता की सेवा नहीं की उनके तीर्थ करने से कुछ नहीं होता।माता पिता की सेवा करने में ही समस्त तीर्थ करने का फल मिलता है। अध्यक्षता कर रहे वावन पीठाधीश्वर महंत बैदेही बल्लभ शरण महाराज ने भी आशीर्वाद दिया।आरती कुंवर प्रतिपाल सिंह रामजी परिहार ने की। संचालन पार्षद गोविंद सिंह सिसोदिया ने किया। इस मौके पर चकाडोरी महंत राकेश दास महाराज,पूर्व मंत्री गोविन्द सिंह,कानपुर के प्रांत प्रचारक श्री रामजी ,जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल,जिला महामंत्री बद्रीप्रसाद त्रिपाठी,विधायक पुत्र राहुल राजपूत, सत्येंद्र खरे,सुरेन्द्र तिवारी गुड्डु महाराज,चेयरमैन गुरसरांय जयपालसिंह राजू चौहान,सुनील दत्त गोस्वामी, सितारवादक पं सरजू शरण पाठक,हर्षबर्धन मौर्य आदि मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर गूंजे राष्ट्रभक्ति के तराने

**समय जगत, गुरसरांय।** गणतंत्र दिवस पर नगर के शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों पर ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए।


नगर के खेर इण्टर कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर बच्चों द्वारा एक से एक बढ़कर आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

विद्यालय के मुख्य भवन में प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं देवेश पालीवाल ने ध्वजारोहण किया। अतिथियों में संगीतगुरु पं परशुराम पाठक,ओ पी शर्मा,सतीश चौरसिया, सुशील स्वामी आदि उपस्थित रहे।संचालन प्रवक्ता जितेंद्र पटेल ने किया।आभार व्यक्त प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने किया।

खेर इण्टर कॉलेज बालिका विभाग में विद्यालय के प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर ने ध्वजारोहण किया मुख्य अतिथि शिवकुमार तिवारी,विशिष्ट अतिथि के के तिवारी,सुरेन्द्र कुमार मिश्रा,जगमोहन समेले, राम बाबू शर्मा,प्रसिद्ध नारायण यादव,राम नारायण पस्तोर रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर अखिलेश पिपरैया ने किया। संगीत अध्यापक सरजू शरण पाठक के नेतृत्व में एवं देवेंद्र घोष नाल वादक के सहयोग से छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत किया।स्वागत भाषण प्रभारी कैलाश प्रकाश गुप्ता ने प्रस्तुत किया।

अतिथि स्वागत डॉ विवेक मुदगल एवं प्रवक्ता राजेश चंद्र ने किया।संचालन प्रवक्ता सुनील कुमार व्यास ने किया।अंत मे डॉ विवेक मुदगल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एकादशी व्रत से समस्त पाप नष्ट होते हैं: आचार्य कृष्ण तिवारी



**समय जगत, गुरसराय ।** टीचर्स कॉलोनी में प्रतिदिन पद्म पुराण की कथा का श्रवण आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी के द्वारा कराया जा रहा है । ठाकुरदास तिवारी के आवास पर आयोजित शिव सत्संग समिति के तत्वाधान में लगभग एक माह से पद्म पुराण की कथा का वाचन आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा किया जा रहा है स कथावाचक द्वारा आज एकादशी व्रत का महत्व एवं व्रत करने की विधि का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गयास एकादशी का व्रत करने से मनुष्य के समस्त पापों का नाश होता है तथा व्यक्ति इस लोक में सुख भोगते हुए मोक्ष की प्राप्ति करता हैस यह व्रत प्रत्येक माह की शुक्ल पक्ष एवं कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को किया जाता है स व्रत करने से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं आत्मिक बल में वृद्धि होती है । सत्संग समिति के संयोजक ठाकुर दास तिवारी ने बताया कि बारह वर्ष से लगातार प्रतिदिन सत्संग का आयोजन किया जा रहा है अभी तक श्रीमद् भागवत, रामचरितमानस, विष्णु पुराण, शिव पुराण, आनंद रामायण, अध्यात्म रामायण सत्यार्थ रामायण का वाचन किया जा चुका है विगत एक माह से पद्म पुराण का वाचन किया जा रहा है। इस अवसर पर मेजर अखिलेश पिपरैया, ओम प्रकाश शर्मा, रामबाबू शर्मा, सुरेश नायक, राधेश्याम यादव, छुन्ना कोठारी, शिवकुमार तिवारी, श्रीकांत त्रिपाठी, कैलाश मिश्रा, रामेश्वर पाठक, हनुमत सिंह, रमेश अग्रवाल, मानिक लाल साहू, लक्ष्मी नारायण घोष,झनक सिंह यादव, चंद्रभान यादव, बृजेंद्र खरे, मुन्ना मालीआदि उपस्थित रहे।

# यू जी सी का नया इक्विटी रेगुलेशन ,टहरौली के अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**समय जगत, टहरौली । झाँसी** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (न्ळब) द्वारा हाल ही में अधिसूचित यू जी सीष् को लेकर विधिक जगत में विरोध के स्वर प्रखर होने लगे हैं। बुधवार को तहसील टहरौली के अधिवक्ताओं ने एडवोकेट रीतेश मिश्रा श्राघवेन्द्रश् के आवाहन पर एवं टहरौली बार संघ के पूर्व अध्यक्ष राजीव समाधिया, अश्वनी पटैरिया और नरोत्तम शर्मा के संयुक्त नेतृव में इस नियमावली को असंवैधानिक करार देते हुए देश के प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी टहरौली गौरव आर्या को सौंपा।

**संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार का आरोप**

अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार को चेताया कि यूजीसी के नए नियम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 द्वारा प्रदत्त समानता के अधिकारों का खुला उल्लंघन करते हैं। ज्ञापन में तर्क दिया गया है कि श्इक्विटीश् की आड़ में लाए गए ये प्रावधान वर्ग-विशेष पर आधारित हैं, जो समान परिस्थितियों वाले विद्यार्थियों के बीच भेदभाव पैदा करेंगे।

**विधिक आपत्तियों के मुख्य बिंदु'**

ज्ञापन में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए चार प्रमुख चिंताएं जताई गई हैंरू- अनुच्छेद 14 का उल्लंघनरू- ई.पी. रॉयप्पा बनाम तमिलनाडु राज्य मामले का जिक्र करते हुए कहा गया कि कोई भी नियम जो मनमाना (।तइपजतंतल) हो, वह समानता के अधिकार के विरुद्ध है।



**नेचुरल जस्टिस (प्राकृतिक न्याय) की अनदेखी**

अधिवक्ताओं का कहना है कि नए नियमों में शिकायत तंत्र को इतना एकपक्षीय बनाया गया है कि इसमें श् (दूसरे पक्ष को सुनो) के सिद्धांत की अनदेखी की गई है, जिससे मेधावी छात्रों के करियर और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मेरिट प्रणाली पर आघात इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ मामले का संदर्भ देते हुए कहा गया कि सामाजिक न्याय के नाम पर आरक्षण या विशेष प्रावधान असीमित नहीं हो सकते। वर्तमान नियम मेरिट आधारित शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करते हैं।

नियमों में प्रयुक्त भाषा को अस्पष्ट और विवेकाधीन शक्तियों से युक्त बताया गया है, जो श्डॉक्ट्रिन ऑफ प्रोपोर्शनालिटीश् (आनुपातिकता का सिद्धांत) के विपरीत है। शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर कोई भी नियम लागू करने से पूर्व विधिक विशेषज्ञों, शैक्षणिक संस्थानों और सभी वर्गों से व्यापक परामर्श किया जाए। समानता के अधिकार और मेरिट आधारित शिक्षा प्रणाली का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित हो। इस अवसर पर एडवोकेट रीतेश मिश्रा, राजीव समाधिया, अश्वनी पटैरिया, नरोत्तम शर्मा, अमित शर्मा, रजनीश बाजपेयी, संजय शर्मा, नरेश समाधिया, राघवेन्द्र रिछारिया, चन्द्रपाल सिंह बुन्देला, वीरेन्द्र तिवारी, दीपक पस्तोर, अंकित पाण्डेय, रामबाबू वशिष्ठ, आदित्य शुक्ला, ब्रजेन्द्र पटैरिया, अमित खरे, चन्द्रशेखर चतुर्वेदी सहित तहसील के कई अधिवक्तागण मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में इस नियमावली को वापस लेने की माँग की।

# कांग्रेस में घमासान : जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष में बढ़ी तकरार

## पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री पर भी लगाया सहयोग न करने का आरोप

### जिलाध्यक्ष ने भेजा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को शिकायती पत्र

**- रामसेवक अरजरिया-**

**समय जगत, झांसी।** कांग्रेस कमेटी जिला झांसी के जिलाध्यक्ष देशराज रिछारिया अहिरवार ने 25 जनवरी 2026 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को एक शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने उनके साथ आमर्यादित आचरण किया है। जिससे मुझे मानसिक कष्ट पहुचां है।

उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दो प्रष्ठो का पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि दिल्ली रैली में जाने के पूर्व यह सारी वारदात 13-12-2026 को पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री के आवास पर हुई है। जिसकी सूचना उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष को पत्र के माध्यम से भेजी है। पत्र में उन्होंने जिलाध्यक्ष द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में संयोग न करने , कार्यक्रमों को विफल करने , मुझे हीन भावना से देखने और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों में न पहुंचने जैसें आरोप लगाये है।

उन्होनें कहा कि 12 जनवरी 2026 को झांसी में जब राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया जाना था और जिसके मुख्यअतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्य सभा सांसद बृजलाल खावरी थे। उक्त कार्यक्रम में न तो शहर अध्यक्षआये और न ही शहर कार्यकारणी का कोई भी सहयोग रहा। साथ ही उक्त कार्यक्रम को पूर्णतया विफल कराने का प्रयास किया गया। क्योकि उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलित समाज से थे।

जिलाध्यक्ष देशराज रिछारिया ने पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि भाजपा द्वारा मनरेगा का नाम बदलने का खिलाफ गांव-गांव में मनरेगा बचाओं अभियान की चौपाल चलाना चाहते थे। उसे भी विफल कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पर एक अलग टीम बनाकर काम करने काआरोप लगाया है। जिलाध्यक्ष यहां भी नही रूके उन्होंने पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री व कुछ कांग्रेसी नेताओं पर भाजपा क ी बी.टीम बनकर काम करने का आरोप लगाया है।

# संस्कार और राष्ट्रभक्ति के संगम से महका गणतंत्र दिवस समारोह, आपरेशन सिंदूर के मंचन ने मोहा मन



**समय जगत, झांसी।** भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 77वाँ गणतंत्र दिवस अपार उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभियोजन विभाग के संयुक्त निदेशक श्री अजय मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री आशीष उपाध्याय ने विद्यालय के प्रबंधक श्री के.के. गुप्ता के साथ ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष श्री आनंद शिवहरे ने की।

तिरंगे को सलामी देने के पश्चात एन.सी.सी. कैडेट्स अपने अनुशासित मार्च पास्ट से अतिथियों का अभिवादन किया। प्रधानाचार्य श्री छत्रसाल स्वर्णकार ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें साहसिक पिरामिड निर्माण और ऊर्जावान मैशअप नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से श्ऑपरेशन सिंदूरश् पर आधारित नाटक की मार्मिक प्रस्तुति ने राष्ट्रभक्ति का ऐसा संचार किया कि पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि श्री अजय मिश्रा ने अपने संबोधन में विद्या भारती की गौरवशाली परंपरा की सराहना की। श्री आशीष उपाध्याय ने छात्रों को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का मंत्र दिया। अंत में प्रबंधक श्री के.के. गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट किया।

मंच का सफल संचालन संयुक्त रूप से संजीव दुबे एवं बहिन वंशिका सिंह ने किया।

इस अवसर पर सह प्रबंधक मनोज अग्रवाल,डॉ यू पी सिंह, सुरेश गोस्वामी, अवधेश गोस्वामी, प्रफुल्ल सक्सेना, हरिश्चंद्र गुप्ता, शिक्षक के.के.गुप्ता, बृजभूषण झा, बृजेंद्र कुमार, राकेश बधवार मयूर गर्ग, शैलेंद्र यादव,रुचि सक्सेना, कृति मित्तल, स्मृति अग्निहोत्री, पूजा गुप्ता, ब्यूटी सिंह, रश्मि त्रिपाठी, मंजू मिश्रा, मधु भदौरिया, कौशलेश पाल, विकास श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मां यमुना को बचाने निकलीं जल सहेलियां, कलश यात्रा से हुआ अविरल–निर्मल यमुना यात्रा का शुभारंभ





**समय जगत, उरई/झांसी।** माँ यमुना को अविरल एवं निर्मल बनाने के संकल्प के साथ जल सहेली समिति के तत्वावधान में बुंदेलखंड के प्रख्यात ÷जल पुरुष÷ संजय सिंह के नेतृत्व में जल सहेलियों द्वारा एक विशाल यमुना संरक्षण अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के अंतर्गत जालौन जिले के जगम्मनपुर से कलश यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया, जो बाबा साहब मंदिर पचनदा तक संपन्न हुई।

कलश यात्रा के माध्यम से यमुना संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का संदेश दिया गया। इस यात्रा में लगभग 500 जल सहेलियों ने सहभागिता की, जिन्होंने माँ यमुना के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन का संकल्प लिया।

कलश यात्रा के पश्चात 29 जनवरी से जल सहेलियों की ÷अविरल-निर्मल यमुना यात्रा÷ का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा, जो लगभग 500 किलोमीटर की निरंतर पदयात्रा के रूप में चलकर 26 फरवरी को दिल्ली के वासुदेव घाट पर संपन्न होगी।

इस यमुना संरक्षण यात्रा का मुख्य उद्देश्य यमुना नदी के साथ-साथ उससे जुड़े तालाबों, कुओं एवं अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन करना है। जल सहेलियाँ लंबे समय से यमुना संरक्षण एवं नदी पुनर्जीवन हेतु निरंतर जन-जागरूकता फैलाने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। जल सहेलियों की यह यात्रा समाज को माँ यमुना के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। इस अवसर पर यमुना भिक्षु रवि शंकर तिवारी, भूपेंद्र गुप्ता, परमार्थ के निदेशक अनिल सिंह, शीतल सिंह तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य कारण सिंह, लंबरदार गोविंद सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही परमार्थ संस्था के कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए और यात्रा को समर्थन प्रदान किया।

# डॉ.पप्पूराम सहाय व इंजी.जगदीश लाल हुए शिवपुरी में सम्मानित



**समय जगत, झांसी।** कर्मचारी अधिकारी संघ का 2 दिन का चिंतन शिविर मध्य प्रदेश के शिवपुरी में आयोजित किया गया । जहां पर मध्य प्रदेश , उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और कई राज्यों के कर्मचारी अधिकारी कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में चिंतन शिविर में सभी के परिचय के बाद कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान पर चिंतन किया गया। जिसमें झांसी के इंजीनियर जगदीश लाल,वरिष्ठ साहित्यकार व समाज सेवी डॉक्टर पप्पू राम सहाय , कवि हरिशंकर वाल्मीकि चिरगांव , महेश जी एवं हीरालाल भारती बबीना , बाबू अमर सिंह एवं पूर्व पार्षद कैंट बोर्ड बबीना ,अनिल पहलवान मुरैना , प्रदीप खरे भिंड , सुनील अध्यक्ष नगर निगम मध्य प्रदेश कोटा ग्वालियर दतिया इंदरगढ़ और तमाम शहर और जिलों से कर्मचारी पदाधिकारी संस्था के गणमन लोगों को उपस्थित हुए कर्मचारी अधिकारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल कुमार कोड़े, सुशील कुमार कोडे एवं कार्यक्रम संयोजक संचालक जुगल किशोर कोडे ने आए हुए सभी अतिथियों एवं महानुभावों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में आयोजक कोडे परिवार ने सभी का हर प्रकार से ध्यान रखा । कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉक्टर पप्पू राम सहाय झांसी एवं इंजीनियर जगदीश लाल जी का भव्य सम्मान किया गया विचारों और चिंतन के बाद इंजीनियर जगदीश लाल ने संविधान लेकर एक प्रस्तुति दी की बड़ी दूर से आए हैं प्यार का तोहफा लाए इस गीत को गाकर कार्यक्रम में जोश पैदा कर दिया । कार्यक्रम का संचालन जुगल किशोर कोडे ने किया सुनील कुमार कोडे ने आभार प्रकट किया ।

## एक फरवरी को बारिश की है संभावना

# तीन साल बाद जनवरी में सबसे अधिक बरसे बादल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जनवरी माह में बीते तीन वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक की सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, इस माह में अब तक 21.01 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। राजधानी में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बीते तीन साल बाद जनवरी में अबतक सबसे अधिक मेघ बरसे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इस माह में अब तक 21.01 मिमी बारिश हो चुकी है। इससे पहले 23 और 24 जनवरी की सुबह 8ः30 बजे तक सफदरजंग मानक वेधशाला में 19.8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। वहीं, साल 2025 में 8.3, 2024 में बारिश ट्रेस और 2023 में 20.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी। इसके अलावा, ऑल टाइम रिकॉर्ड साल 1885 का है, जब 173.2 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। हालांकि, मौसम विभाग ने अब महीने के अंत तक बारिश नहीं होने की संभावना जताई है। ऐसे में बुधवार को पारा गिर सकता है। इससे ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में 28 जनवरी से 2 फरवरी



तक मौसम ठंडा और बादल वाला रहने का अनुमान है। 28 जनवरी से 30 जनवरी तक अधिकतर बादल छाए रहेंगे और सुबह हल्का कोहरा रहेगा। 29 जनवरी को मौसम आंशिक रूप से बादल वाला रहेगा। 31 जनवरी को भी आंशिक बादल रहने के साथ हल्का कोहरा रहेगा। 1 फरवरी को आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और एक-दो बार हल्की बारिश के साथ गरज और बिजली कड़कने की संभावना है। दिल्ली में मंगलवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिसके चलते से ठंड बढ़ गई है। बीते सोमवार को अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रहने के बाद मंगलवार को बारिश से तापमान में गिरावट हुई। इससे एक बार फिर से सर्दी की वापसी हो गई है। मंगलवार को नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली में फिर मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह नौ बजे ही अंधेरा छा गया और रात का अहसास होने लगा। ऐसे में कुछ देर बाद ही बारिश शुरू हो गई। इस दौरान दिल्ली के कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई है, जिससे कड़ाके की ठंड लौट आई। इस दौरान तेज बर्फीली हवाओं ने लोगों को सिहरन महसूस कराई। इससे दृश्यता भी कम रही। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मंगलवार को पहाड़ों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई थी। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान अधिकतम तापमान 16.9 रहा। इसमें बीते 24 घंटे में 6.3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने दिल्ली के कई इलाकों में शीतलहर की भी घोषणा की। मौसम विभाग के अनुसार, रिज में 8.7, आया नगर में 8.2, लोधी रोड में 8.4 और पालम में 9.2 न्यूनतम पारा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ अब उत्तरी पाकिस्तान और आसपास के इलाकों में सक्रिय है। इस विक्षोभ का असर दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों में भी महसूस किया जा रहा है।

# 150 करोड़ से अजंतापुरम में बिछेगी गंगाजल लाइन

**साहिबाबाद।** वसुंधरा और सिद्धार्थ विहार योजना के बाद अब आवास विकास परिषद अपने अजंतापुरम योजना में भी गंगाजल लाइन बिछाएगा। मोहन नगर जोन में भले गंगाजल न हो लेकिन परिषद की इस योजना में रहने वाले लोगों को गंगाजल का लाभ मिलेगा। करीब 150 करोड़ की लागत से योजना में गंगाजल लाइन बिछाई जाएगी। आवास विकास परिषद की गाजियाबाद में यह तीसरी योजना है जहां बेहतर सुविधाएं दिए जाने का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। परिषद की वसुंधरा और सिद्धार्थ विहार योजना में भी गंगाजल की सुविधा है। अब अजंतापुरम योजना में भी गंगाजल दिए जाने पर मुहर लगी है। सहकारी समिति पदाधिकारी आरबी शर्मा का कहना है कि लेआउट में पहले ही गंगाजल लाइन की सुविधा के एस्टीमेट को तैयार कर लिया गया था। 150 करोड़ में 70 करोड़ समितियों की ओर से दिए जाएंगे




और अन्य 80 करोड़ रुपये परिषद की ओर से लगाए जाएंगे। वहीं इस मामले में अधीक्षण अभियंता अजय मित्तल ने बताया कि योजना में गंगाजल उपलब्ध कराया जाना है। इसे लेआउट में शामिल किया गया है लेकिन इसका बजट आगे-पीछे हो सकता है। उन्होंने बताया कि अभी योजना की शुरुआत हो रही है। गंगाजल लाइन कैसे और कब से बिछाया जाना शुरू होगा, इसको लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर इसका खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एस्टीमेट कम या ज्यादा हो सकता है, पहले जो एस्टीमेट तैयार किया गया था, वर्तमान समय में खर्च बढ़ सकता है। जो भी खर्च आएगा उसका समानुपातिक खर्च परिषद और सहकारी समिति को देना होगा। गंगाजल न मिलने से गौर सिद्धार्थम में रह रहे लोगों ने नाराजगी जताई है। सोसायटी के लोगों ने आवास आयुक्त को पत्र लिखकर गंगाजल दिए जाने की मांग की है। वहीं इस मामले में परिषद अधिकारियों का कहना है कि गौर सिद्धार्थम के बिल्डर पर देनदारी बची हुई है।

## सार-समाचार

### पिकअप की टक्कर से युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र स्थित गरिमा गार्डन में माल वाहन पिकअप ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसा 12 दिसंबर रात करीब 11 बजे हुआ। इसमें बाइक सवार दिल्ली के शाहदरा स्थित चंद्रलोक निवासी शिवम वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 26 जनवरी की रात अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दर्ज मामले में शिवम वर्मा ने बताया कि 12 दिसंबर की रात वह दोस्त शिवम शर्मा के साथ बाइक पर शालीमार गार्डन जा रहे थे। बाइक उनका दोस्त ही चला रहा था। गरिमा गार्डन स्थित सीएनजी पंप के पास उनकी बाइक में पीछे से आ रहे पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और दोस्तों ने उन्हें जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें दूसरे अस्पताल रेफर किया गया। यहां उनके कूल्हे की हड्डी व जबड़ा टूटने की जानकारी डॉक्टरों ने दी। इलाज के बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पंप व आसपास की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज लेकर सर्विलांस टीम जांच कर रही है। जल्द ही वाहन चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा की दृष्टि से रद्द उड़ान ने मंगलवार से भरी उड़ान

**साहिबाबाद।** गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्दे नजर रद्द की गई कोलकाता और मुंबई की उड़ान मंगलवार से शुरू कर दी गई हैं। दोनों फ्लाइट ने अपने समय से उड़ान भरी। इससे यात्रियों को सहुलियत मिली। हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर गणतंत्र दिवस के लिए चल रही तैयारियों के बीच 23 जनवरी से सुबह की दो उड़ानें 26 तक के लिए रद्द कर दी गई थी। एयरफोर्स स्टेशन की ओर से मिले नोटिफिकेशन के आधार पर हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण ने इसकी सूचना इंडिगो को दी थी। यात्रियों को भी इसकी जानकारी पहले ही भेज दी गई थी। हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक डॉ. चिलका महेश ने बताया कि मंगलवार से उड़ाने निर्धारित समय पर शुरू कर दी गई हैं।

### डीएलएड की री-अपीयर परीक्षाएं फरवरी से होंगी आयोजित

**गुरुग्राम।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड ने नियमित और ओपन स्कूल दोनों श्रेणियों की परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। इसके साथ ही डीएलएड की री-अपीयर परीक्षाएं भी 25 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार, सेकेंडरी की नियमित, ओपन, री-अपीयर, अंक सुधार व अतिरिक्त विषयों की परीक्षाएं 26 फरवरी से 20 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। वहीं, सीनियर सेकेंडरी की नियमित, ओपन और कंपार्टमेंट परीक्षाएं 25 फरवरी से एक अप्रैल तक चलेंगी।

### कौशल और भाषा प्रशिक्षण से युवाओं को विदेशों में मिलेगा रोजगार : कृष्णा गौर

**समय जगत, भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने बताया कि अब युवाओं को केवल जापान ही नहीं, बल्कि विश्व के विभिन्न देशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इसके लिए युवाओं को नियोजक की मांग के अनुरूप डोमेन-स्पेसिफिक स्किल, सॉफ्ट स्किल एवं संबंधित देश की भाषा का गुणवत्तापूर्ण आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद चयनित युवाओं का विदेश में नियोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद ने पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना-2022 के नाम एवं प्रावधानों में संशोधन को स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह योजना अब अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिये विदेश में रोजगार नियोजन योजना-2026 के नाम से लागू की जाएगी। योजना के तहत प्रतिवर्ष अन्य पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को प्रशिक्षण देकर विदेश भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के संचालन के लिये विभागीय बजट के साथ-साथ सोशल इम्पैक्ट बॉन्ड तथा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी निधि के उपयोग का भी प्रावधान किया गया है, जिससे शासकीय कोष पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। योजना का क्रियान्वयन भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम अथवा भारत सरकार से मान्यता प्राप्त अन्य संस्थाओं के माध्यम से किया जाएगा। युवाओं के विदेश भेजने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय द्वारा जारी परामर्शों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# मथुरा की तरह चांदनी चौक के लाडली जी मंदिर में 45 दिन पहले होली हुई शुरू

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक स्थित लाडली जी राधा-कृष्ण मंदिर में बसंत पंचमी से शुरू हुई होली श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी है। मंदिर में हर वर्ष करीब 45 दिनों तक लगातार होली का आयोजन होता है, जो मथुरा-वृंदावन की परंपरा से जुड़ा है। राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर से ब्रज की होली का अनुभव करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में फूलों की गुलाल, रंग-बिरंगे गुलाल और सुगंधित पानी से भक्त राधा-कृष्ण की होली खेलते हैं। भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन और राधे-राधे के जयघोष के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। श्रद्धालु न केवल रंगों में सराबोर होते हैं, बल्कि राधा-कृष्ण की लीलाओं को भी महसूस करते हैं। यहां खेली जाने वाली होली पूरी तरह आध्यात्मिक होती है। इसमें प्रेम, भक्ति और सौहार्द का संदेश दिया जाता है। मंदिर के पुजारी नवीन गोस्वामी ने बताया कि इस परंपरा की शुरुआत वर्षों पहले मथुरा-वृंदावन की भक्ति परंपरा से प्रेरित होकर की गई थी। यहां की होली में फूलों की वर्षा, गुलाल और पानी से होली खेलने की विशेष व्यवस्था रहती है, जिससे हर आयु वर्ग के लोग सहज रूप से शामिल हो सकें। होली के इन 45 दिनों में मंदिर में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। खासतौर पर दिल्ली एनसीआर के लोग परिवार के साथ यहां आकर राधा-कृष्ण भक्ति के रंगों में रंग जाते हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि दिल्ली की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है।

## सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

# अस्पताल परिसर में ट्यूबवेल के बंद पड़े कमरे में मिला कंकाल

**फरीदाबाद।** बीके अस्पताल परिसर में मोर्चरी के पीछे खाली मैदान में ट्यूबवेल के बंद पड़े कमरे में कंकाल मिला है। मंगलवार सुबह अस्पताल में निर्माण कार्य में कार्यरत एक श्रमिक ने कंकाल देखकर सूचना दी। एसजीएम नगर थाना से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की। कंकाल के हिस्से इकट्ठा कर जांच और पोस्टमार्टम के लिए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि ये कमरा बीते लगभग 2 साल से बंद था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर कंकाल का डीएनए सुरक्षित रखा जाएगा। बीते 2 साल के दौरान गुम हुए लोगों की लिस्ट भी खंगाली जा रही है। बीके अस्पताल में बीते कई दिनों से निर्माण कार्य चल रहा है। मंगलवार सुबह कार्य में लगा एक श्रमिक मोर्चरी से पीछे की ओर खाली जगह में बने ट्यूबवेल के कमरे में कुछ सामान रखने गया। उसने कमरा खोला तो अंदर कंकाल के टुकड़े देखकर वो तुरंत वापस आया और अस्पताल के



कर्मचारियों को जानकारी दी। कर्मचारियों ने सूचना सीएमओ को दी तो एसजीएम नगर थाना पुलिस तक मामला पहुंचा। अस्पताल परिसर में कंकाल की सूचना मिलते ही एसजीएम नगर थाना, अपराध शाखा, फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंची। टीमों ने कंकाल के हिस्से जुटाकर पॉलिथीन में रखे और जांच व पोस्टमार्टम के लिए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद ही मरने वाले की संभावित उम्र, मौत के कारण, मौत के समय आदि की जानकारी मिल सकेगी। पुलिस के आधिकारिक सूत्रों की मानें तो लगभग 2 साल से कमरा बंद पड़ा था। ऐसे में ये माना जा रहा है कि कंकाल भी उतना पुराना हो सकता है। शव की बदबू को लेकर भी अंदेशा है कि मोर्चरी के पीछे की ओर ये कमरा होने से संभव है कि मोर्चरी के आस-पास शवों की बदबू के चलते इस कमरे से आ रही बदबू पर किसी ने ध्यान न दिया हो। पुलिस टीमें अब लगभग 2 साल पहले दर्ज हुई गुमशुदगी की फाइलों की भी जांच कर रही है।

# साइबर ठगी करने वाल आरोपी बिहार से हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस ने साइबर ठगी करने के आरोप में बिहार के भागलपुर से दो आरोपयों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मैसेज के जरिए एपीके फाइल भेजकर मोबाइल फोन हैक कर लिया करते थे। बाद में बैंक खातों से पैसे निकाल लेते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से ठगी की रकम 2 लाख 35 हजार रुपये नकद, वारदात में इस्तेमाल किया गया एक मोबाइल फोन और कई अहम दस्तावेज बरामद किए हैं।

उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा के अनुसार यह मामला तब सामने आया जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली के निवासी अनिल भसीन ने शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात साइबर ठगों ने नेट बैंकिंग के जरिए उनके बैंक खाते तक अनधिकृत पहुंच बनाकर 5.81 लाख रुपये निकाल लिए। शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच के दौरान साइबर थाना प्रभारी राहुल कुमार व एसआई मोहित मोहत कुमार की टीम ने डिजिटल ट्रेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया, जिससे सुराग बिहार के भागलपुर तक पहुंचे। इसके बाद आरोपियों पितांबर कुमार (29) और विकास कुमार (29) को गिरफ्तार कर लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी पीड़ितों के मोबाइल फोन पर एपीके फाइलें भेजते थे। इन फाइलों के इंस्टॉल होते ही उन्हें बैंकिंग से जुड़े गोपनीय विवरण तक पहुंच मिल जाती थी, जिसके बाद वे अनधिकृत लेनदेन को अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संभावित पीड़ितों और कडि?ों की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है।

# कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस पहुंची मौके पर



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के द्वारका कोर्ट में सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब कोर्ट परिसर में बम रखे होने की धमकी मिली। ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। इस सूचना के मिलते ही पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया। बम की धमकी मिलने की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। साइबर सेल धमकी भरे मेल की जांच कर रही है। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड को बुलाया गया है। अभी तक कुछ संदिग्ध नहीं मिला है। साइबर सिटी में 13 निजी स्कूलों में बुधवार की सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भेजे गए हैं। धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। ईमेल मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन ने एहतियात के तौर पर स्कूलों में छुट्टी कर दी और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही संबंधित स्कूलों में पुलिस की टीमों ने पहुंचकर सर्च अभियान शुरू कर दिया। स्कूलों में बुधवार सुबह धमकी भरा ईमेल उस समय मिला, जब बच्चे स्कूल पहुंच रहे थे या पहुंच चुके थे। धमकी भरी ईमेल स्कूलों को अलग-अलग समय में मिली हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमों के साथ ही बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड और एसडीआरएफ की टीमों ने संबंधित स्कूलों में पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। जांच टीमों ने स्कूल परिसरों के साथ-साथ आसपास के संवेदनशील इलाकों में भी सघन तलाशी अभियान चलाया। स्कूलों के कमरों, शौचालयों, मैदानों, गमलों से लेकर हर संभावित स्थान की बारीकी से जांच की गई।

# अदालत ने मानसिक अस्वास्थ्य के आधार पर आरोपी को किया बरी

**गुरुग्राम।** हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी की मानसिक स्थिति को ठीक नहीं मानते हुए बरी कर दिया। अदालत ने माना कि घटना के समय आरोपी अजय कुमार मानसिक रूप से ठीक नहीं था। यह आदेश अतिरिक्त सत्र एवं न्यायाधीश पुनीत सहगल की अदालत ने दिया है। मृतक रमेश कुमार की पत्नी की शिकायत पर सेक्टर-50 थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। दो मई 2022 को पुलिस को सूचना मिली थी कि झुग्गी में रहने वाले रमेश राम को मृत अवस्था में अस्पताल में लाया गया है। मृतक की पत्नी सुमित्रा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पति साइकिल से घर लौट रहे थे। जब वह डीपीएस स्कूल के पास पहुंचे तो नग्न अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति ने पत्थर उठाकर उनके सिर पर मार दिया। इसके चलते उनकी मौत हो गई। पुलिस ने



हत्या की धारा में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बचाव पक्ष ने अदालत में दलील दी कि अजय की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में उसे सजा न दी जाए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आईपीसी की धारा 84 के तहत माना कि आरोपी की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं थी। ऐसे में उसको यह नहीं पता था जो वह कर रहा है उसका परिणाम क्या होगा। चिकित्सकों की रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी को दिमाग सही -गलत में फर्क नहीं कर सकता। ऐसे में उसे दोषी करार नहीं दिया जा सकता।

# कचरा मुक्त फरीदाबाद के तहत 22 सोसाइटियों ने पेश की जीरो वेस्ट की मिसाल

## धीरेंद्र खड़गटा निगमायुक्त ने कहा-जन भागीदारी से ही बदलेगी शहर की सूरत

**फरीदाबाद।** औद्योगिक नगरी फरीदाबाद को कचरे के ढेरों से मुक्त करने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नगर निगम हर स्तर पर काम कर रहा है। इसी कड़ी में निगम की तरफ से स्वच्छ भारत मिशन को जमीन पर उतारने वाले जमीनी नायकों का सम्मान किया गया। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने शहर की 22 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, गेटेड सोसाइटियों और विभिन्न शिक्षण व सामाजिक संस्थानों को उनके द्वारा किए गए क्रांतिकारी कचरा प्रबंधन कार्यों के लिए सम्मानित किया। नगर निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन सोसाइटियों को मंच दिया गया जिन्होंने अपने परिसर के भीतर ही कचरे का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया है। इन सोसाइटियों ने वेस्ट टू वेल्थ के मंत्र को अपनाकर यह साबित कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो कचरा समस्या नहीं बल्कि संसाधन है। इस गौरवमयी सूची में इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन का नाम प्रमुखता से सामने आया। आईपीसीए ने फरीदाबाद की सोसाइटियों में एरोबिन तकनीक को स्थापित कर गीले कचरे के निस्तारण की राह आसान की है। यह तकनीक बिना किसी दुर्गंध के और कम समय में गीले कचरे को उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद में बदल देती है। कमिश्नर ने स्वयं माना कि आईपीसीए जैसी संस्थाओं के सहयोग से ही सोसाइटियों में कम्पोस्टिंग को बढ़ावा मिल रहा है। सम्मानित होने वाली 22 सोसायटियों ने अपने यहां कचरा पृथक्करण को अनिवार्य बनाया है। यहां के नागरिक सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग रखते हैं। कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने इन संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा इन सोसाइटियों ने न केवल




निगम का बोझ कम किया है बल्कि बंधवाड़ी जैसे लैंडफिल साइटों पर जाने वाले कचरे की मात्रा को भी घटाया है। यह वैज्ञानिक तरीका ही फरीदाबाद को भविष्य में बीमारियों से बचाएगा। निगम आयुक्त ने एक सख्त चेतावनी भी जारी की है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि जो सोसाइटियां या संस्थान बार-बार समझाने के बावजूद सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं उनके विरुद्ध 1 फरवरी से बड़े स्तर पर चालान अभियान चलाया जाएगा। शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाले वे वेंडर जिन्होंने अभी तक निगम में पंजीकरण नहीं कराया है उन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए निगम की तैयारी कर ली है। आयुक्त ने दो टूक शब्दों में कहा कि अनधिकृत वेंडर्स कचरे को उठाकर स?कों के किनारे या खाली प्लाटों में फेंक देते हैं जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी सोसायटियां जो अपने कचरे का मौके पर निस्तारण नहीं कर रही हैं और नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं वे निगम की निगरानी सूची में हैं। स्वच्छता अभियान को केवल कागजों तक सीमित न रखकर इसे धरातल पर लाने के लिए निगम ने एक अनूठा रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत प्रत्येक शनिवार को कमिश्नर की अध्यक्षता में एक समन्वय बैठक होगी। इसमें शहर का कोई भी जागरूक नागरिक, स्वयंसेवक या संस्था प्रतिनिधि हिस्सा ले सकता है। यह बैठक सीधे संवाद का जरिया बनेगी ताकि शिकायतों का मौके पर निपटारा हो सके। वहीं निगम अब हर वार्ड में मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति कर रहा है। ये प्रशिक्षित विशेषज्ञ वार्ड पार्षदों और स्थानीय निवासियों के बीच एक सेतु का काम करेंगे।

## संपादकीय

# विमान हादसे रोकने को उठाए जाएं कारगर कदम

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार का विमान हादसे में निधन हो गया है। यह विमान हादसा उस दौरान हुआ जब अजीत पवार बारामती के दौरे पर थे। अजीत पवार महाराष्ट्र के बड़े नेता थे। वह महाराष्ट्र की सत्ता में एक ऐसा नाम रहे हैं जिसने बीते एक दशक में राज्य की राजनीति को नया आकार दिया था। राजनीतिक माहौल उन्हें विरासत में मिला, लेकिन पहचान उन्होंने अपने दम पर बनाई। राजनीति में आने से पहले वे लंबे समय तक सहकारिता आंदोलन से जुड़े रहे, जो महाराष्ट्र की राजनीति की रीढ़ माना जाता है। गौरतलब है कि अजीत ने 23 साल की उम्र में ही राजनीति में एंट्री ले ली थी। इस उम्र में ही वे कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री के बोर्ड में सदस्य बन गए थे। 1991 में वे पुणे सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष बने। फिर 16 सालों तक इस पद पर खुद ही बैठे रहे। इसी साल उन्होंने पहली बार संसदीय चुनाव भी जीता था। साल 1995 में वे बारामती सीट से विधानसभा चुनाव जीते। फिर बारामती सीट को उन्होंने अपना अभेद्य किला बना लिया, जहां से उन्हें हर बार जनता का भरोसा मिला। इस सीट से उन्होंने 7 बार चुनाव जीता। यही सीट उन्हें राज्य स्तर की राजनीति में मजबूती से स्थापित करती चली गई और इसी इलाके में उनका प्लेन क्रैश हुआ। अजित पवार पहली बार 2010 में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बने। इसके बाद वे अलग-अलग सरकारों में इस पद पर कई बार रहे। उपमुख्यमंत्री रहते हुए उनके पास वित्त, सिंचाई और जल संसाधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग रहे। इन विभागों के जरिए वे राज्य के प्रशासनिक फैसलों में सीधे तौर पर शामिल रहे। खासकर सिंचाई परियोजनाओं और बजट से जुड़े फैसलों में उनकी भूमिका प्रमुख रही। अजीत पवार का विमान हादसे में निधन होना कहीं न कहीं देश की विमानन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इससे पहले भी ऐसे ही विमान हादसों में कई नेताओं की मौत होती रही है लेकिन विमान हादसे रोकने के ठोस उपाय नहीं हो पा रहे हैं। अभी कुछ माह पूर्व ही गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ऐसे में विमान हादसे में काल कलवित हो गये थे। विमानन कंपनियों द्वारा विमानों के तकनीकी पहलुओं पर कई बार लापरवाही बरती जाती है, जिसे ऐसे हादसों के लिये प्रमुखता के साथ जिम्मेदार माना जाता है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन भी विमान में तकनीकी खराबी के चलते होना पाया गया है। ऐसे में जरूरी है कि विमान हादसे रोकने के लिये कारगर कदम उठाए जाएं।

# समता और समावेशन की दिशा में सार्थक पहल

**सतीश शर्मा**

यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के साथ होने वाले जातिगत भेदभाव को रोकने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर यूजीसी ने इस संबंध में समिति के गठन हेतु अधिसूचना जारी की है। यह पहल किसी राजनीतिक दबाव का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों से सामने आ रही सामाजिक विसंगतियों और न्यायिक हस्तक्षेप का नतीजा है। यूजीसी ने फरवरी, 2025 में 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु विनियम, 2026' का मसौदा जारी किया था। इसके बाद यह मसौदा संसदीय स्थायी समिति को भेजा गया, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने की। 8 दिसंबर, 2025 को समिति ने संसद में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें आंकड़ों और तथ्यों के साथ यह स्पष्ट किया गया कि देश के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में केवल एससी और एसटी ही नहीं, बल्कि ओबीसी विद्यार्थियों के साथ भी जातिगत भेदभाव की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सिफारिशों और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के आधार पर 13 जनवरी, 2026 को यह विनियम राजपत्र में प्रकाशित हुआ और 15 जनवरी, 2026 से पूरे देश में लागू कर दिया गया। इस प्रावधान का उद्देश्य स्पष्ट और संवैधानिक है–धर्म, जाति, नस्ल, लिंग, जन्म स्थान अथवा दिव्यांगता के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करना तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में समता, न्याय और समावेशन को सुनिश्चित करना। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन वर्गों के लिए बनाई गई है, जिनके साथ ऐतिहासिक रूप से सामाजिक, शैक्षणिक और संस्थागत स्तर पर अन्याय होता रहा है। इसके बावजूद इस प्रावधान का विरोध किया जा रहा है। विरोध करने वालों का प्रमुख तर्क यह है कि इस समिति में 'जनरल कैटेगरी' को शामिल नहीं किया गया, इसलिए यह नियम भेदभावपूर्ण है। लेकिन यह प्रश्न विचारणीय है कि जाति-आधारित भेदभाव सामान्य वर्ग के साथ किस प्रकार होता है। जब देश के अधिकांश विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर, प्राचार्य और कुलपति पदों पर लगभग 97 प्रतिशत प्रतिनिधित्व उन्हीं वर्गों का है, तब निर्णय, मूल्यांकन और प्रशासनिक सत्ता पहले से ही उनके हाथों में है। ऐसे में उनके साथ जातिगत उत्पीड़न की आशंका वस्तुतः तथ्य से अधिक आशंका और भ्रम पर आधारित प्रतीत होती है। विश्वविद्यालयों में जातिगत भेदभाव के दुष्परिणामों का इतिहास नया नहीं है। हैदराबाद विश्वविद्यालय के शोधार्थी रोहित वेमुला की आत्महत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। अपने अंतिम पत्र में उन्होंने लिखा था– 'मेरा जन्म ही एक दुर्घटना था।' इसके बाद पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे कई मामले सामने आए। ये घटनाएं केवल व्यक्तिगत त्रासदियां नहीं हैं, बल्कि उस व्यवस्था की ओर संकेत करती हैं, जहां शिक्षा के केंद्र ही उत्पीड़न के स्थल बनते चले गए।

यह भी एक भ्रांति फैलाई जा रही है कि यदि कोई ओबीसी विद्यार्थी किसी एससी या एसटी विद्यार्थी के साथ भेदभाव करेगा, तो उस पर कार्रवाई नहीं होगी। विनियम इस संदर्भ में पूरी तरह स्पष्ट है। किसी भी वर्ग के व्यक्ति द्वारा किया गया जाति-आधारित भेदभाव जांच के दायरे में आएगा। समिति का उद्देश्य किसी को पूर्वाग्रह के आधार पर दोषी ठहराना नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच और न्याय सुनिश्चित करना है। समिति की संरचना भी संतुलित और प्रतिनिधिक रखी गई है। इसमें संस्थान प्रमुख पदेन अध्यक्ष होंगे, वरिष्ठ संकाय सदस्य, कर्मचारी प्रतिनिधि, नागरिक समाज के प्रतिनिधि, छात्र प्रतिनिधि और सचिव शामिल होंगे। साथ ही यह अनिवार्य किया गया है कि समिति में एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांगजन और महिलाओं का समुचित प्रतिनिधित्व हो। यह व्यवस्था इसलिए आवश्यक है ताकि निर्णय प्रक्रिया समावेशी और एकतरफा प्रभाव से मुक्त रहे। विरोध का एक और तर्क संभावित 'दुरुपयोग' को लेकर दिया जा रहा है। किंतु यह तर्क स्वयं में कमजोर है। महिलाओं के लिए बने कानूनों, श्रम कानूनों या आतंकवाद विरोधी कानूनों के दुरुपयोग की आशंका के बावजूद उन्हें समाप्त नहीं किया गया। किसी कानून के संभावित दुरुपयोग के डर से न्याय के रास्ते बंद कर देना स्वयं अन्याय को बढ़ावा देना है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि जिन समुदायों के विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए यह प्रावधान बनाया गया है, उनमें इसके प्रति पर्याप्त जागरूकता नहीं है। दूसरी ओर, सांस्कृतिक और संस्थागत वर्चस्व रखने वाले वर्ग संगठित रूप से मीडिया, सोशल मीडिया और न्यायिक मंचों पर इसका विरोध कर रहे हैं। यह प्रावधान कोई 'काला कानून' नहीं, बल्कि संविधान में निहित समानता और गरिमा के मूल्यों को व्यवहार में उतारने का प्रयास है। जैसे कार्यस्थलों और शिक्षण संस्थानों में महिलाओं के लिए वूमेन सेल आवश्यक माने जाते हैं, उसी प्रकार जातिगत भेदभाव से पीड़ित वर्गों के लिए यह समिति आवश्यक है। यदि आज इसे कमजोर किया गया, तो भविष्य में फिर किसी रोहित, किसी पायल या किसी दर्शन को इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

# अजित पवारः आरोपों से ऊपर उठे राजनीति के 'दादा-पुरुष'

## नजरिया

**जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है। अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं।**

**ललित गर्ग**

यह खबर केवल एक व्यक्ति के निधन की नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के एक पूरे युग के अचानक थम जाने की सूचना है। 28 जनवरी 2026 की सुबह जब बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार के असामयिक निधन की पुष्टि हुई, तो वह क्षण केवल पवार परिवार के लिए नहीं, बल्कि समूचे महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक और स्तब्धता का कारण बन गया। जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है। अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं। अजित पवार ने बहुत जल्दी समझ लिया कि यदि ग्रामीण महाराष्ट्र को साधना है तो उसे बैंक, चीनी मिल, सिंचाई और बिजली से जोड़ना होगा। यही समझ आगे चलकर उनकी राजनीतिक पहचान की सबसे बड़ी ताकत बनी। 1991 अजित पवार के राजनीतिक



जीवन का निर्णायक वर्ष रहा। पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रशासन और संगठन संचालन में अपनी दक्षता का परिचय दिया। सोलह वर्षों तक इस पद पर बने रहना अपने आप में उनकी विश्वसनीयता और पकड़ को दर्शाता है। उसी वर्ष बारामती से लोकसभा के लिए निर्वाचित होना उनके बढ़ते कद का प्रमाण था, लेकिन उन्होंने यह सीट अपने चाचा शरद पवार के लिए छोड़ दी। यह फैसला केवल पारिवारिक निष्ठा का नहीं, बल्कि राजनीतिक दूरदृष्टि का भी उदाहरण था। इसके बाद विधानसभा में प्रवेश और फिर लगातार बारामती से जीत ने उन्हें जनाधार का वह आधार दिया, जिसे महाराष्ट्र की राजनीति में विरले ही कोई चुनौती दे सका। अजित पवार को सत्ता के गलियारों में पहुंचाने वाली सबसे बड़ी विशेषता उनकी प्रशासनिक पकड़ थी। कृषि, बागवानी, बिजली और जल संसाधन जैसे कठिन और संवेदनशील विभागों को संभालते हुए उन्होंने विकास और विवाद दोनों को नजदीक से जिया। जल संसाधन मंत्री के रूप में कृष्णा घाटी और कोकण सिंचाई परियोजनाओं से उनका नाम जुड़ा। इन परियोजनाओं ने जहां किसानों के लिए पानी और उम्मीद का संदेश दिया, वहीं आलोचनाओं और आरोपों का बोझ भी उनके कंधों पर रखा। इसके बावजूद वे उन नेताओं में रहे जो फाइलों से नहीं, फैसलों से पहचाने जाते थे। उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका सफर महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनोखा अध्याय है। छह बार इस पद तक पहुंचना केवल राजनीतिक संयोग नहीं था, बल्कि सत्ता संतुलन, गठबंधन राजनीति और संगठनात्मक ताकत का परिणाम था। वे सरकार में अक्सर संकटमोचक की भूमिका में दिखे। बजट, वित्तीय प्रबंधन और संसदीय रणनीति में उनकी पकड़ ऐसी थी कि विरोधी भी उनके अनुभव को नजरअंदाज नहीं कर पाते थे। उन्हें महत्वाकांक्षी कहा गया, कभी-कभी कठोर और रूखे स्वभाव का नेता भी बताया गया, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता की वास्तविकता को वे भावनाओं से नहीं, निर्णयों से देखते थे। विवाद उनके राजनीतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे। सिंचाई घोटाले से लेकर बयानबाजी तक, कई मौके ऐसे आए जब उनकी छवि पर प्रश्नचिह्न लगे। ÷अगर बांध में पानी नहीं है तो क्या पेशाब करके भरें?÷ जैसे बयान ने उन्हें आलोचनाओं के केंद्र में ला खड़ा किया। उन्होंने माफी भी मांगी, सफाई भी दी और समय के साथ उन विवादों से उबरते हुए फिर सत्ता के शीर्ष पर लौटे। यह उनकी राजनीतिक जिजीविषा का प्रमाण था कि आलोचना और आरोप उन्हें रोक नहीं पाए। शरद पवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी हमेशा चर्चाएं रहीं। कभी मतभेद, कभी दूरी और कभी सियासी अलग राह की अटकलें। लेकिन अजित पवार स्वयं को हमेशा शरद पवार का अनुयायी बताते रहे। उन्हें मिला ÷दादा÷ का संबोधन केवल पारिवारिक नहीं था, बल्कि वह एक राजनीतिक ब्रांड बन चुका था, जो उनके समर्थकों में भरोसे और नेतृत्व की भावना जगाता था। वे संगठनकर्ता भी थे और प्रशासक भी, रणनीतिकार भी और जमीनी नेता भी। उन्हें अपनी विविध आयामी भूमिकाओं से अपने को मिले 'दादा' के अलंकरण को सार्थक भी किया और जीवंतता भी दी। उनका असामयिक निधन एक क्रूर विडंबना है। जिस नेता ने दशकों तक सत्ता की उड़ान भरी, उसकी जीवन यात्रा एक विमान हादसे में थम गई। कहा जाता है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले तक वे पूरी तरह सक्रिय थे, योजनाओं, बैठकों और राजनीतिक समीकरणों में व्यस्त। यह अचानक आई मृत्यु उस अनिश्चितता को रेखांकित करती है, जो सत्ता और जीवन दोनों के साथ जुड़ी है।

अजित पवार का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, समाज निर्माता, ग्राम-उद्धारक, सहकारी आन्दोलन पुरोधा, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे राजनीतिक सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ एवं साहसिक व्यक्तित्व थे। बेशक अजित पवार अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने जुझारु राजनीति जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति एवं राष्ट्रवादी सोच के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे। आज जब महाराष्ट्र और देश उनके निधन पर शोकाकुल है, तब अजित पवार का मूल्यांकन केवल प्रशंसा या आलोचना के तराजू पर नहीं किया जा सकता। वे विवादों से घिरे रहे, लेकिन उनसे परिभाषित नहीं हुए। उनकी राजनीति कठोर थी, लेकिन उसमें अनुभव की गहराई थी। वे लोकप्रियता से अधिक प्रभाव में विश्वास रखते थे। शायद यही कारण है कि उनके जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में एक ऐसा सन्नाटा है, जिसे शब्दों में बांधना कठिन है। अजित पवार का जीवन यह सिखाता है कि राजनीति केवल भाषणों और नारों से नहीं चलती, बल्कि निर्णय, जोखिम और जिम्मेदारी से चलती है। उनका जाना एक चेतावनी भी है और एक स्मृति भी, क्योंकि सत्ता क्षणभंगुर है, लेकिन अनुभव और प्रभाव लंबे समय तक याद किए जाते हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में ÷दादा÷ के नाम से पहचाना जाने वाला यह व्यक्तित्व अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है, लेकिन उसकी छाया आने वाले वर्षों तक राज्य की राजनीति पर बनी रहेगी।

# एफटीए से यूरोप-भारत व्यापार को बूस्टर डोज

**पुष्परंजन**

बिना एफटीए के भी यूं तो यूरोपीय देशों से भारत का व्यापार दशकों से होता आ रहा है। लेकिन, ऐसा माना गया कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने से इसे बूस्टर डोज मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया एनर्जी वीक का वर्चुअली उद्घाटन करते हुए कहा, 'ईयू-इंडिया एफटीए सभी सौदों की जननी है। यह सौदा यूके और ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौतों का पूरक है। भारत में कपड़ा, रत्न, आभूषण, चमड़ा और जूट जैसे विभिन्न क्षेत्रों को इस व्यापार समझौते से फायदा होने वाला है।' पीएम मोदी ने कहा कि यह डील भारत की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को मजबूत करेगी, और सर्विस सेक्टर को नया सहारा देगी। वर्ष 2007 में शुरू हुई वार्ता प्रक्रिया का समापन देर-सवेर हुआ ही। मनमोहन सिंह से आरम्भ वार्ता को मोदी ने अंजाम दिया। यहां तक पहुंचने में 19 साल लगे। लेकिन रुकिए, अभी बहुत कुछ होना बाकी है। सभी यूरोपीय संघ के सदस्य देशों की भाषाओं में एफटीए के कानूनी दस्तावेज़ों को प्रकाशित करना होगा। सभी धाराओं की एक-एक करके जांच होगी, जिसे 'लीगल स्क्रबिंग' कहते हैं, यूरोपीय परिषद द्वारा औपचारिक मंजूरी के बाद, यूरोपीय संसद की सहमति चाहिए, इसके प्रकारांतर भारतीय कैबिनेट द्वारा पुष्टि होगी। इन सबसे गुजरने के बाद, 2027 तक इसके लागू होने की उम्मीद है। मंगलवार को यूरोपियन कमीशन की प्रतिक्रिया ?ौर करने लायक है– 'इस डील से ईयू कंपनियों और किसानों को ज़्यादा निर्यात करने में मदद मिलेगी। इस डील से पहले ही आठ लाख यूरोपीय नौकरियों को सपोर्ट मिलता रहा है। अब एक्सपोर्ट में बढ़ोतरी से, और भी ज़्यादा यूरोपीय नौकरियां मिल सकती हैं।' यूरोपियन कमीशन का सन्देश था, 'उम्मीद है कि यह समझौता भारत को होने वाले ईयू एक्सपोर्ट को दोगुना कर देगा। इसके अलावा, भारतीय सर्विस मार्केट तक बेहतर पहुंच, खासकर फाइनेंशियल सर्विसेज़, मैरीटाइम सर्विसेज़ और दूसरे मुख्य सेक्टर्स में, नए बिज़नेस और रोज़गार के अवसर पैदा करेगी।'

यूरोपीय आयोग ने जानकारी दी, कि इस डील से 90 फीसद से ज़्यादा यूरोपीय संघ के देशों के सामानों के एक्सपोर्ट टैरिफ खत्म, या कम कर दिया जाएगा। इससे यूरोपीय प्रोडक्ट्स पर ड्यूटी में हर साल अरबों यूरो तक की बचत होगी। यूरोपियन कमीशन ने कहा, 'भारत ने किसी भी व्यापारिक सहकार को इतनी बड़ी ट्रेड ओपनिंग नहीं दी है। इससे एक्सपोर्ट को तेज़ और आसान बनाने के लिए कस्टम प्रक्रियाओं को सहज बनाया जायेगा।' 27 जनवरी को डील के तुरंत बाद यूरोपियन कमीशन ने आधिकारिक जानकारी दी कि भारत ईयू को टैरिफ में ऐसी छूट देगा, जो उसके किसी भी दूसरे ट्रेडिंग पार्टनर को नहीं मिली है, जिससे ईयू एक्सपोर्ट के लिए भारतीय बाजार में पहुंच बहुत



आसान हो जाएगी। उदाहरण के लिए, कारों पर टैरिफ धीरे-धीरे 110 प्रतिशत से घटकर 10 फीसद हो जाएगा, जिसमें हर साल 250,000 गाड़ियों का कोटा होगा। मशीनरी पर 44 प्रतिशत, केमिकल्स पर 22 परसेंट और फार्मास्यूटिकल्स पर 11 प्रतिशत तक के ऊंचे टैरिफ को जीरो पर ले आया जाएगा। टैरिफ एक टैक्स है, जो कोई देश अपने यहां विदेश से आयात होने वाले समान पर लगाता है। इससे विदेश से आने वाला सामान महंगा हो जाता है, और जिस देश में सामान आता है, उसे टैक्स से आय होता है। यूरोपियन कमीशन ने अपनी वेबसाइट पर एक चार्ट के जरिये सारा गणित समझाया है। कमीशन ने वर्ष 2024 को आकलन का आधार बनाया, जिसमें मशीनरी और इलेक्ट्रिकल उपकरण पर 16.3 बिलियन यूरो बतौर टैरिफ देने पड़े थे। एफटीए के कार्यान्वयन के बाद, यूरोपीय संघ के देशों को टैरिफ की देनदारी ?ीरो प्रतिशत हो जाएगी। विमान और अंतरिक्ष यान निर्यात पर 11 प्रतिशत के हिसाब से 6.4 अरब यूरो टैरिफ के रूप में 2024 में देना पड़ा था, आगे से यह शून्य हो जाएगा। ऑप्टिकल, मेडिकल और सर्जिकल उपकरण के एक्सपोर्ट पर 27.5 प्रतिशत के हिसाब से 3.4 बिलियन यूरो देना पड़ा था, इनमें से 90 फीसद प्रोडक्ट पर शून्य टैरिफ लगा करेगा। प्लास्टिक पर भी जीरो टैरिफ लगा करेगा, जिससे यूरोपीय संघ के देशों को 2 अरब 20 करोड़ यूरो की बचत होगी। केमिकल्स पर 22 प्रतिशत टैरिफ आगे से शून्य हो जायेगा, उससे 3 अरब 20 करोड़ यूरो की बचत होगी। आयरन एंड स्टील पर भी 22 प्रतिशत से शून्य टैरिफ हो जाने से डे? अरब और फार्मास्युटिकल्स पर टैरिफ शून्य हो जाने के बाद 1 अरब 10 करोड़ का फायदा यूरोपीय संघ के देशों को होना है। इस डील से यूरोपीय संघ के किसानों की बल्ले-बल्ले होनी है। यूरोपियन कमीशन ने समझाया है, 'यह एग्रीमेंट ईयू से एक्सपोर्ट होने वाले एग्री-फूड प्रोडक्ट्स पर अक्सर लगने वाले बहुत ज़्यादा टैरिफ (औसतन 36 प्रतिशत से ज़्यादा) को हटाएगा या कम करेगा, जिससे यूरोपीय किसानों के लिए एक बहुत बड़ा बाज़ार खुल जाएगा। जैसे वाईन पर 150 प्रतिशत टैक्स है, उसे घटाकर प्रीमियम रेंज के वास्ते 20 परसेंट और मीडियम रेंज पर 30 फीसद टैरिफ लाने के वास्ते सहमति बन गई है। स्पिरिट्स पर टैरिफ 150 प्रतिशत से घटाकर 40 पर ले आएंगे। ईयू देशों से भारत भेजे जाने वाले बीयर पर 110 प्रतिशत टैरिफ है, उसे कम कर 50 फीसद कर देना है। जैतून का तेल, मार्जरीन और अन्य वनस्पति तेल पर जो 45 प्रतिशत टैरिफ लगता था, वो जीरो हो जायेगा। कीवी और नाशपाती पर 33 से घटाकर 10 फीसद, फलों के जूस और नॉन-अल्कोहलिक बीयर पर 55 प्रतिशत टैक्स लगा करता था, आगे से जीरो हो जायेगा, प्रोसेस्ड फ़ूड (ब्रेड, पेस्ट्री, बिस्कुट, पास्ता, चॉकलेट, पालतू जानवरों का खाना) पर टैरिफ 50 प्रतिशत से जीरो कर देंगे। भेड़ के मांस पर 33 फीसद टैरिफ लगाते थे, उसे भी जीरो कर देंगे। सॉसेज और मांस से बने अन्य प्रोडक्ट्स पर जो 110 फीसद तक टैरिफ लगते थे, जब एफटीए लागू होगा, उसे 50 प्रतिशत पर ले आया जायेगा।' ईयू और भारत, बौद्धिक संपदा अधिकारों को मजबूत करने वाले 'ज्योग्राफिकल इंडिकेशन्स' पर एक अलग से समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिससे सदस्य देशों के पारंपरिक खेती वाले उत्पादों को भारत में ज़्यादा बेचने में मदद मिलेगी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन देयर लॉयेन ने कहा कि इससे दोनों पक्षों के लिए लाखों नौकरियां सृजित होंगी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने हामी भरते हुए कहा कि हम दो अरब लोगों के लिए बाजार बना रहे हैं। अब देखना यह है कि यह बहु-प्रतीक्षित समझौता भारत के 140 करोड़ लोगों, और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के 45 करोड़ लोगों के लिए कितना बड़ा अवसर लेकर आता है। हमें इसका भी इंतजार रहेगा कि इस एफटीए का ईयू-अमेरिका और भारत-चीन के उभयपक्षीय संबंधों पर क्या असर पड़ता है।

# यूजीसी के नए नियम और उनका विरोध

**प्रमोद भार्गव**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नए नियम तो उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव दूर करने की दृष्टि से बनाए थे, लेकिन इनके अधिसूचित होते ही असमानता के भेद उजागर हो गए। फलस्वरूप समूचे देश की सवर्ण जातियां आक्रोशित होकर आंदोलन पर उतर आईं। क्योंकि सवर्ण समाज को इसके दुरुपयोग की इस बात को लेकर आशंकाएं हैं कि इन्हें सवर्ण जातियों को परेशान करने के लिए एक कारगर हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। जैसा कि एससी-एसटी कानून के तहत सवर्णों को झूठे मुकदमों में फंसाने का काम किया जाता है। विडंबना है कि अब इन नए नियमों में पिछड़े वर्ग को भी जोड़ दिया गया है। साथ ही कानून में इन वर्गों के छात्र शिक्षक और कर्मचारी भी षामिल कर दिए हैं। नए कानून में नस्ल, पंत, क्षेत्र, लिंग और दिव्यांगता के आधार पर भी भेदभाव बरते जाने की शिकायत की जा सकती है। मसलन इस आधार पर किसी भी जाति के छात्र की शिकायत की जा सकती है। यानी छात्रों को परेशान करने का दायरा इस कानून के तहत विस्तृत कर दिया गया है, जबकि 2012 के इसी कानून में ऐसा नहीं था। इसीलिए इस कानून का विरोध केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ दल के भाजपा नेता, सांसद और विधायक भी कर रहे हैं। क्योंकि कानून में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि शिकायतकर्ता की शिकायत यदि झूठी पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही का कोई प्रविधान नहीं है। समता के बहाने लाए गए ऐसे कानून शिक्षा संस्थानों में जातीय वर्ग संघर्ष के हालात पैदा करने के अलावा समता के कोई उपाय नहीं कर पाएंगे। इस कानून के अधिसूचित होते ही इसके विरोध में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने त्यागपत्र दे दिया है। यह कानून आ बैल मुझे मार कहावत को चरितार्थ करने वाला है। जातिगत कटुता बढ़ाने के इस कानून के आते ही देशभर में सवर्ण समाज के आंदोलन को देख केंद्र सरकार की चिंताएं ब? गई हैं। सरकार इसका रास्ता ढूंढ़ने में भी जुट गई है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद यूजीसी ने 2012 में लाए गए समानता के नियमों में बदलाव किया है। 2012 में भी न्यायालय के आदेश पर यह कानून बना था। लेकिन इस बार यह बदलाव व्यापक असंतोष का कारण बन गया है। इन नियमों के अंतर्गत प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान में अनिवार्य रूप से समानता समीतियों (इक्विटी कमेटी) का गठन होगा। नियमों का पालन नहीं करने पर संस्थान को डिग्री या कार्यक्रम देने पर यूजीसी ने दंड के प्रावधान किए है। उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को ब?ावा देने के नजरिए से इस कानून को 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित भी कर दिया है। अर्थात ये कानून प्रभावशील हो गए है। हालांकि पिछले साल फरवरी 2025 में यूजीसी ने जब नए नियमों का प्रारूप सुझावों के लिए जारी किया था तब इसमें पिछड़ा वर्ग को जाति आधारित भेदभाव से अलग रखा गया था। इस प्रारूप में यह भी प्रस्ताव था कि यदि भेदभाव की शिकायतें झूठीं पाई जाती हैं तो ऐसे शिकायत कर्ताओं को हतोत्साहित करने के साथ जुर्माने का प्रावधान भी था, जिसे वे भविश्य में झूठी शिकायतें न करें। लेकिन जब यह कानून अधिसूचित होने के बाद सार्वजनिक हुआ तो इसमें पिछड़ा वर्ग को षामिल करने के साथ झूठी शिकायतों से संबंधित प्रावधान भी विलोपित कर दिया गया। साथ ही भेदभाव का दायरा बढ़ा दिया गया। भेदभाव को परिभाशित करते हुए कानून में कहा गया है कि यदि छात्र के खिलाफ यदि धर्म, जाति, लिंग क्षेत्र या विकलांगता के आधार पर अनुचित या पक्षपातपूर्ण व्यवहार सवर्ण जाति के छात्र करते हैं तो यह आचरण भेदभाव के दायरे में आएगा। संस्था प्रमुख को नए नियमों के अनुसार दिए उत्तरदायित्वों का समानता बढ़ाने की दृष्टि से पालन करना अनिवार्य होगा। यूजीसी भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक संस्था है। इसकी स्थापना 1956 में संसद में एक अधिनियम पारित करके उच्च शिक्षा को ब?ावा देने के लिए किया गया था।

# बाल कल्याण समिति की सतर्कता से दो बालिकायें बिकने से बचीं



**समय जगत, झांसी ।** छतरपुर म0प्र0 में बिक्री के लिए लाई गयी दो नाबालिग बालिकायें न्यायपीठ बाल कल्याण समिति की सतर्कता से बिकने से पहले ही बच गयीं।विगत दिवस खगरिया बिहार से झाँसी स्टेशन पर उतरकर छतरपुर जा रही तीन बालिकाओं को देखकर बबीना निवासी यात्री उन्हें डिप्टी स्टेशन अधीक्षक के पास ले गया। पूछताछ पर तीनों ने बताया वे छतरपुर घूमने जा रही हैं। टिकिट न होने के कारण उन्हें चाइल्ड लाइन को सोंप दिया गया। चाइल्ड लाइन द्वारा उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायपीठ अध्यक्ष राजीव शर्मा द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर दौनों बालिकाओं ने बताया कि तीसरी बालिका की शादी छतरपुर म0प्र0 में हुई है और वो दौनों को अपने साथ उनकी शादी कराने ले जा रही है। अध्यक्ष ने तीसरी बालिका के बताये फोन पर जब छतरपुर उसके तथा कथित पति से बात की तो उसने बताया कि छतरपुर के एक दलाल ने उसकी शादी करायी थी परन्तु जो लड़की दिखायी गयी थी उसके स्थान पर 16-17 साल की लड़की से उसकी शादी करा दी गयी थी। बालिकाओं का सही पता ज्ञात होने पर चाइल्ड लाइन प्रभारी बिलाल तथा कार्यालय प्रभारी मो0 साजिद खान ने बिहार में सम्बन्धित थाने पर फोन लगाकर जानकारी की तो पता चला कि तीसरी बालिका दौनों बालिकाओं को फुसला कर अपने साथ लायी है जिसकी रिपोर्ट थाना चित्रगुप्तनगर में दौनों बालिकाओं के घर वालों ने दर्ज करायी है। तीसरी बालिका जो स्वयं नाबालिग थी उसने बताया कि वह अपने साथ लायी बालिकाओं की भी शादी कराने लायी थी इससे उसे भी कमीशन मिल जाता।सूचना मिलने पर बिहार की पुलिस न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित हुई और अनुरोध कर तीनों बालिकाओं को उन्हें सोंपने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। बाल कल्याण समिति के आदेश से तीनों बालिकाओं को बिहार पुलिस को सोंप दिया गया। कार्यवाही के दौरान न्यायपीठ के सदस्य कोमल सिंह, परवीन खान, हरीकृष्ण सक्सैना व दीप्ति सक्सैना उपस्थित रहे।

## निःशुल्क आयुष शिविर में 159 रोगियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**निवाड़ी।** ग्राम पंचायत कुंवरपुरा एवं जेराखास में निःशुल्क आयुष शिविर आयोजित आयुष पद्धति का प्रचार प्रसार में जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश के आदेशानुसार कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी निवाड़ी डॉ.विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत कुंवरपुरा एवं जेराखास के करकेजेरा में निःशुल्क आयुष शिविर लगाया गया ।

निःशुल्क आयुष शिविर में जिसमें 159 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और औषधि प्रदान की गई।शिविर में रोगियों की चिकित्सा की गई। इसके अतिरिक्त स्त्रीरोग,वातरोग, उदर रोग, चर्म रोग, कास रोग आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया।बीपी.शुगर की जांच की गई। आहार बिहार और वर्तमान ऋतु में होने वाले रोगों के बचाव के उपाय बताए एवं कुपोषण को दूर करने में जागरूक किया गया।

## चार कन्याओं का विधिवत विवाह हुआ संपन्न

**समय जगत, उरई।** गहोई वैश्य सेवा संस्थान की प्रेरणा से दयाल गारमेंट्स परिवार ने चार गरीब और असहाय कन्याओं के विवाह की जिम्मेदारी उठाई। यह आयोजन सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं का एक प्रेरणादायक उदाहरण बना।

उरई नगर के राठ रोड पर एक सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इसमें चार कन्याओं का विधिवत विवाह संपन्न हुआ। इस पहल की पूरे नगर में सराहना की गई। विवाह समारोह का आयोजन पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। नवदंपतियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। दयाल गारमेंट्स परिवार ने चारों नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का संपूर्ण सामान उपहार स्वरूप भेंट किया, ताकि वे आत्मनिर्भरता से अपना वैवाहिक जीवन शुरू कर सकें।विवाह आयोजन के अवसर पर पूरे नगर में उत्सव का माहौल था। सभी दूल्हों की बारात धूमधाम से निकाली गई, जिसका नगर के दुकानदारों और नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया, जिससे सामाजिक एकता और सहयोग की भावना मजबूत हुई।दयाल गमेन्टस् परिवार उरईइस सामूहिक विवाह समारोह में नगर के संत, समाजसेवी, व्यापारी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को सुखी और समृद्ध दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। वक्ताओं ने इस आयोजन को समाज के लिए अनुकरणीय बताया और ऐसे प्रयासों को जारी रखने का आह्वान किया। यह पुनीत कार्य चार परिवारों के जीवन में खुशियां लाने के साथ-साथ समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश भी प्रसारित कर गया।

## महिला विंग कार्यक्रम में कराये गये गेम्स में ममता अग्रवाल ने प्रथम एवं प्रीति उपाध्याय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**समय जगत, झांसी।** सनशाइन क्लब के अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में पारिवारिक सभा का आयोजन किया गया। पारिवारिक सभा में महिला विंग कार्यक्रमों के अतिरिक्त मैत्री क्रिकेट मैच एवं बच्चों के गेम्स भी कराये गये। महिला विंग कार्यक्रम में कराये गये गेम्स में ममता अग्रवाल ने प्रथम एवं प्रीति उपाध्याय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त महिला विंग द्वारा अन्य मनोरंजक गेम्स कराये गये। मैत्री क्रिकेट मैच में विलास गुप्ता को बेस्ट बैट्समैन एवं संजीव कुमार नायक को बेस्ट बालर के एवार्ड से सम्मानित किया गया। सभा के संयोजक भावना-आशीष कुमार सोनी, पीएनबी एवं कल्पना-सुभाष मित्तल के द्वारा सफलतापूर्वक सभा का संयोजित किया गया।

सभा में अनुराधा गुप्ता, भारती-चन्द्रशेखर तिगुनायक, सुरक्षा गुप्ता, रन्जना-शरद पहारिया, इन्द्रा सिंह, इन्द्रा-रामकुमार अग्रवाल, श्याममुरारी अग्रवाल, सरिता-अशोक अग्रवाल, पीएनबी, बैदेहीशरण सरावगी, भारती-उमेश गुप्ता, दीपा-संजय यादव, कुसुम-अशोक सिंघल, वन्दना-नीरज भटनागर, निशा-नवीन श्रीवास्तव, ऑचल-अमित जैन, आशा-डा0 एलसीअग्रवाल, सीमा-प्रदीप अग्रवाल, रीता-विजय सेठ, सीमा-अमित गुप्ता, संगीता-आदित्य प्रकाश अग्रवाल, रेनू-अरूण पाठक, रश्मि-अरविन्द लोहिया, सुरेन्द्र गुप्ता, अर्चना-संजीव नायक, पंकज अग्रवाल, साधना-संतोष अग्रवाल, साड़ी वाले, संगीता-राजीव नगरिया, साधना-धर्मेन्द्र दुबे, आनंद बंसल, अंजली-अजय निगम, सन्देश अग्रवाल, दीपक उपाध्याय, रचना-शिशिर माथुर इत्यादि सम्मिलित हुए।

अन्त में सचिव विलास गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## आनंद उत्सव अंतर्गत विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ स्थानीय खेलों का हुआ आयोजन



**समय जगत, निवाड़ी।** आनंद उत्सव अंतर्गत आनंदम टीम द्वारा विकासखंड पृथ्वीपुर के नगर पृथ्वीपुर के सांदीपनी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पृथ्वीपुर में आनंद उत्सव मनाया गया, जिसमें विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियां के साथ स्थानीय खेलों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जोलित कर फूल माला पहनाकर आनंद उत्सव का शुभारंभ सांदीपनी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पृथ्वीपुर में किया गया। इस अवसर पर विकासखंड पृथ्वीपुर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ लंबी कूद,दौड़, कुर्सी दौड़,कबड्डी,रस्सा कस्सी एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां के साथ स्थानीय स्तर के खेलों का आयोजित कराया गया।इस अवसर पर आनंदम टीम श्री अरूण पटेरिया, गिरिजाशंकर सूत्रकार,अनिल श्रीवास्तव,उपस्थित रहे। संस्था प्रधानाध्यापक शिवकुमार रावत जी द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विजेताओं को शील्ड और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमे महिला कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जूली यादव,और पुरुष कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एन आर एस अहिरवार ने प्राप्त किया। इस अवसर पर सहभागिता करने वाले राहुल विश्वकर्मा , कुलदीप मडेलिया,जगदीश कुशवाहा,योगेंद्र मोहन पांडे,कमलेश यादव,उपस्थित रहे।

## परिवार की असहमति के बाद प्रेमी युगल ने रचाई शादी

**समय जगत, उरई।** प्रेम और विश्वास की एक मिसाल उस समय देखने को मिली, जब वर्षों से प्रेम संबंध में रह रहे एक प्रेमी युगल ने परिजनों की असहमति के बावजूद विधि-विधान से विवाह कर अपने रिश्ते को सामाजिक और वैधानिक आधार दिया। दोनों ने पहले कोंच तहसील में शादी का इकरारनामा तैयार कराया और इसके बाद मंगलवार देर शाम कैलिया थाना क्षेत्र के पहाड़गांव स्थित मंदिर में भगवान को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और एक-दूसरे को जयमाला पहनाकर पति-पत्नी बने।प्रेमी युगल झांसी जनपद के अलग अलग क्षेत्र के रहने वाले है। जिसमें प्रेमिका रोशनी कुशवाहा पुत्री फूलसिंह निवासी ग्राम टकोरी, परगना गढ़मऊ, जिला झांसी की रहने वाली है, जबकि प्रेमी आकाश कुशवाहा पुत्र रघुवीर कुशवाहा निवासी ग्राम अमरा, जिला झांसी का रहने वाला है। दोनों एक ही जाति के हैं और लंबे समय से एक-दूसरे को जानते थे। आपसी समझ और प्रेम के चलते दोनों ने एक-दूसरे को जीवनसाथी चुनने का निर्णय लिया।बताया गया कि प्रेमी युगल के परिजन इस विवाह के पक्ष में नहीं थे, जिसके चलते किसी घटना की स्थिति से बचने और अपने फैसले को कानूनी मजबूती देने के लिए दोनों ने झांसी जिले से जालौन के कोंच तहसील परिसर में शादी का इकरारनामा बनवाया।इकरारनामे में दोनों ने स्पष्ट किया कि वे बालिग हैं, अविवाहित हैं और अपनी इच्छा से पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे हैं। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि उनके दांपत्य जीवन से उत्पन्न होने वाली संतान दोनों की संपत्ति की हकदार होगी और दोनों माता-पिता का दायित्व निभाएंगे। इकरारनामा तैयार कराने के बाद प्रेमी युगल मंगलवार देर शाम पहाड़गांव स्थित कालपी माता के मंदिर पहुंचा।

## विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस 29 एवं 31 जनवरी को

**समय जगत, निवाड़ी।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिव प्रताप शुक्ल ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस पर दिनांक 29.01.2026 (गुरुवार) को एवं दिनांक 31.01.2026 (शनिवार) प्रातः 10.30 बजे से सांय 4.30 बजे के मध्य जनपद के समस्त बूथ लेविल अधिकारी अपने-अपने मतदान स्थलों पर उपस्थित रहकर आलेख्य मतदाता सूची एवं ए0एस0डी0 सूची को पढ़कर सुनाये जाने की कार्यवाही की जायेगी तथा विशेष अभियान के अवसर पर बी0एल0ओ0 द्वारा युवा, महिला एवं अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने व अपमार्जन एवं नाम में संशोधन, फोटो आदि बदले जाने हेतु कमशः फार्म-6,7 व 8 प्राप्त किए जायेंगे। इस अवसर पर मतदान स्थल वाले सभी स्कूल/कालेज खोले रखे जाने एवं आवश्यक फर्नीचर एवं पीने हेतु शुद्ध पेयजल की व्यवस्था समस्त संबंधित सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के अवसर पर बूथों पर उपस्थित बी0एल0ओ0 के पास पर्याप्त मात्रा में फार्म-6,7 व 8 की उपलब्धता रहेगी। मतदाता सूची में नया नाम सम्मिलित करने हेतु फार्म-6 के साथ फार्म-6 में उल्लिखित अभिलेखों के साथ घोषणा पत्र भरकर लगाना अनिवार्य होगा। फॉर्म 6 भरते समय जन्मतिथि एवं आवासीय पते के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड मान्य है। जन्मतिथि के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड के अलावा भी पाँच अन्य विकल्प उपलब्ध है जिनमें से भी कोई एक दस्तावेज साक्ष्य के रूप में मान्य होगा इसी प्रकार आवासीय पते के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड के अलावा छह अन्य विकल्प उपलब्ध है जिनमें से भी कोई एक दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में मान्य होगा। इन सारे दस्तावेजी विकल्पों की लिस्ट फार्म 6 में ही दी गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (सै्) में फॉर्म 6 भरते समय नयी बात यह है कि फॉर्म 6 के साथ एक घोषणा पत्र भी देना है जिसमें आवेदक को विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2003 की अंतिम मतदाता सूची में स्वयं का अथवा स्वयं के माता/पितां/दादा/दादी/नाना/नानी में से किसी एक व्यक्ति का नाम खोज कर उसकी सूचना घोषणा पत्र में भरनी है। यदि आप यह कर लेते हैं तो फिर बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेजी साक्ष्य के आपका नाम मतदाता सूची में जुड़ जाएगा।अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार विशेष अभियान दिवस पर दिनांक 29.01.2026 (गुरुवार) को एवं दिनांक 31.01.2026 (शनिवार) को विधानसभा क्षेत्रों के अन्तर्गत समस्त बूथ लेबिल अधिकारी अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाएगें। जिन मतदाताओं के नाम आलेख्य मतदाता सूची में नहीं है ऐसे युवा एवं अर्ह मतदाता अपना फार्म 6, घोषणा पत्र सहित फार्म 6 में उल्लिखित अभिलेखों के साथ भरकर बी0एल0ओ0 को प्राप्त करा सकतें हैं।

## राजस्व और पंचायत विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ भूमि संबंधी विवादों का मौके पर जाकर करें निराकरण : कलेक्टर

**समय जगत, निवाड़ी।** शासन के निर्देशानुसार लोक सेवा और जन-शिकायतों के प्रभावी निराकरण हेतु आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कड़े निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त कुल 31 आवेदकों की समस्याओं का पंजीकरण कर उन पर विस्तृत सुनवाई की गई। प्राप्त आवेदनों में प्रमुख रूप से सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्यान्न पर्ची, गरीबी रेखा सूची में नाम जोड़ना, राजस्व विवाद, भूमि सीमांकन, अवैध कब्जे की शिकायत, राहत राशि वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित मामले शामिल रहे।कलेक्टर ने पृथ्वीपुर तहसील के आवेदकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। पृथ्वीपुर निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित एसडीएम श्री अशोक सेन एवं राजस्व अमले की मौजूदगी में आवेदकों की समस्याओं को दर्ज कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती भिड़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को लंबित न रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिलना चाहिए। उन्होंने राजस्व और पंचायत विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ भूमि संबंधी विवादों का मौके पर जाकर निराकरण करने के आदेश दिए।इस अवसर पर एसडीएम सुश्री मनीषा जैन, डिप्टी कलेक्टर स्वाति सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विस्फोट के मुहाने पर पहुंचती जातिगत वैमनुष्यता

**भविष्य की आहट**
**डॉ. रवीन्द्र अरजरिया**

**समय जगत, झांसी।** देश को पतन के गर्त में पहुंचाने वाली वोट बैंक की राजनीति ने एक बार फिर अंगडाई लेने शुरू कर दी है। विभाजनकारी नीतियों को अंगीकार करने वाली कार्यपालिका के इशारे पर विधायिका ने भी स्वार्थ सिद्ध हेतु नाचना शुरू कर दिया है। ऐसे में समूचे राष्ट्र को केवल न्यायापालिका का ही सहारा बचा है।

गैर प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को अवसर देकर आरक्षण ने जहां राष्ट्रीय क्षमताओं को मौथला किया था वहीं समय-समय पर जातिगत वैमनुष्यता के संग्राम के लिए अनेक कानून लाकर आधार भी तैयार किया जाता रहा है। वर्तमान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 13 जनवरी को एक नया नियम लाकर पर्दे के पीछे से जातिगत दंगे की स्क्रिप्ट प्रस्तुत कर दी। आयोग ने प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन 2026 पास किया जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछडे वर्ग के छात्रों के खिलाफ होने वाले जातिगत भेदभाव को रेखांकित करते हुए उन्हें रोकने हेतु इसे बनाने का औचित्य निरूपित किया है। इसके नियम 3(ब) में स्पष्ट किया गया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों के खिलाफ होने वाले भेदभाव को जाति आधारित भेदभाव माना जाएगा। नए कानून के अन्तर्गत अब उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले अन्य पिछडे वर्ग के छात्र, शिक्षक और कर्मचारी भी अपने साथ होने वाले जातिगत भेदभाव या उत्पीड़न की शिकायत सक्षम प्राधिकारी के समक्ष दर्ज करा सकेंगे। अब तक जातिगत भेदभाव से जुड़ी शिकायतों और प्रकोष्ठ मुख्य रूप से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय तक ही सीमित थे। इस नए रेगुलेशन के बाद प्रत्येक संस्थान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के लिए समान अवसर हेतु प्रकोष्ठ स्थापित करना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय स्तर पर भी एक समानता समिति गठित की जाएगी। इसमें अन्य पिछडा वर्ग, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग वर्ग के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल करना जरूरी होगा। यह समिति हर छह महीने में अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी और उसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भेजना अनिवार्य होगा। यह नियम आयोग के नियम 1956 के विरुद्ध है जो उच्च शिक्षा में समान अवसर देने के उद्देश्य को नुकसान पहुंचाता है साथ ही साथ संविधान में दिए गए समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकारों का भी हनन करता है। जातिगत विभेद, कानून के मनमाने उपयोग, एकपक्षीय समिति का गठन, उनके निर्णयों को मानने की बाध्यता जैसे तानाशाहीपूर्ण फरमानों द्वारा जातीय संघर्ष हेतु तैयार किये गये मसौदे को देशवासियों पर थोप दिया गया है। इससे पहले भी शोषित, शोषक और शोषण की मनामनी परिभाषायें गढकर आरक्षण के माध्यम से गैर प्रतिभाशाली अभ्यार्थियों की सरकारी नियुक्ति, पदोन्नति और लाभ के अवसर प्रदान किये गये थे। परिणामस्वरूप देश की प्रतिभाओं को पलायन करने पर मजबूर होना पडा, सरकारी तंत्र में अयोग्य लोगों की भरमार हो गई और आवश्यक कार्यो हेतु आउटसोर्सिग पर निर्भर होना पडा। ज्ञातव्य हो कि यह आउससोर्सिग उन्हीं राष्ट्रभक्त प्रतिभाओं की दम पर खडा है जो सरकारी सेवाओं में पहुंचकर विकास में भागीदार बनना चाहते थे, जो आरक्षण जैसे हथियारों से कत्ल कर दिये गये, जो वोट बैंक के जहर से मार डाले गये, जो तुष्टिकरण के रण में शहीद हो गये। जब माइनस चालीस अंक पाने वाले को सीट और प्लस सत्तर अंक पाने वाले को सडक दी जा रही हो तो फिर अंधा बांटे रेवडी वाली कहावत चरितार्थ होने से कौन रोक सकता है। आरक्षण के नाम पर तुष्टीकरण की नींव स्वतंत्रता से पहले सन् 1902 में कोल्हापुर के राजा शाहूजी महाराज ने डाल दी थी जिसे सन् 1908 में ब्रिटिश शासन ने षडयंत्रपूर्वक बेहद विस्तार दिया था। स्वाधीनता के बाद संविधान निर्माताओं ने गोरों द्वारा रोपित उन बीजों को पोषण देने की गरज से 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र स्थापित होते ही योग्यता को तिलांजलि देते हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को शिक्षा और नौकरियों में प्रतिनिधित्व देना सुनिश्चित किया।

सन् 1953 में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए कालेलकर आयोग बनाया गया था। इसी तर्ज पर सन् 1979 में मंडल आयोग गठित करके भारत सरकार द्वारा सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गो की पहचान करने तथा उन्हें अपात्र होते हुए भी सरकारी में भर्ती, शिक्षण संस्थानों में प्रवेश आदि की व्यवस्था हेतु रिपोर्ट मांगी थी। उस समय मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री थे। आयोग ने पिछडे वर्गो हेतु 27 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की जिसे सन् 1990 में लागू किया गया। उस समय प्रधानमंत्री पद पर विश्वनाथ प्रताप सिंह सुशोभित हो रहे थे। इसके बाद यही आरक्षण निरंतर बढते हुए 50 प्रतिशत के नजदीक तक पहुंच गया। जातिगत खाई को बढाने हेतु सन् 1989 में ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 बनाया गया जिसके अन्तर्गत इन विशेष अपराधों की जांच और पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु अलग से अजाक थाने स्थापित किये गये। वे अब देश के विभिन्न जिलों में कार्यरत हैं। ये थाने विशेष रूप से इन वर्गों के उत्पीड़न से संबंधित मामलों की रिपोर्टिंग और तेजी से जांच के लिए ही समर्पित हैं। यह सामान्य पुलिस थानों से अलग काम करते हैं। मध्य प्रदेश के अजाक थाने अपने कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कृत हो चुके हैं। इसी मध्य प्रदेश में सन् 1993 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ की शुरुआत में हुई थी जिसे सन् 1994 में आधिकारिक रूप से पंजीकृत भी कर दिया गया। राज्य में यह एक सरकारी मान्यता प्राप्त सामाजिक संगठन के रूप में कार्य कर रहा है जिसमें जाति विशेष के अधिकारी, कर्मचारी आपस में बैठकर रणनीति तैयार करते हैं। कहने के लिए तो यह जाति विशेष के सरकारी कारिन्दों के अधिकारों की सुरक्षा हेतु गठित है परन्तु वास्तव में यह उच्च अधिकारी की जाति के आधार पर अधीनस्थ को संरक्षण देने वाला सशक्त मंच है जहां अपने से ऊपर वाले अधिकारी को और ऊपर वाले से जातिगत आधार पर नियंत्रित करने करवाने के प्रयास होते हैं। जातिगत असमानता को कम करने, पिछड़े वर्गो को मुख्यधारा में लाने तथा शोषणकारी जातियों की गतिविधियों पर लगाम लगाने के बाहरी दांतों वाला हाथी आखिरकार अंदर के दांतों से देश की प्रतिभाओं, क्षमताओं और व्यवस्थाओं को पूरी तरह से चबाता चला जा रहा है। राजनैतिक दलों को सत्ता सुख की गारंटी देकर कार्यपालिका अपने इशारों पर निरंतर नचा रही है।

ऐसे में गैर आरक्षित जाति के लोगों की पुलिसिया मुठभेड में मौत दिखाना, गैर आरक्षित जाति के विधायकों की बैठकों पर आपत्ति करके नोटिस जारी करना, गैर आरक्षित जाति के अधिकारियों-कर्मचारियों के आपसी मेल मिलाप पर पाबंदी लगाना कहां तक उचित है।

## जल निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग

**ललितपुर।** देवगढ़ रोड स्थित डा.अम्बेड़कर नगर में जल निकासी न होने के कारण सड़क पर कीचड़ एकत्र हो गया है, जिससे लोगों को निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि यहां जल निकासी के लिए नाली बनाये जाने की मांग पूर्व में भी की जा चुकी है, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से मांग उठायी है कि यहां पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कराया जाये।

ज्ञापन देते समय नीतू, रज्जो, देवी, ललिता देवी, सखी, ममता, अभिषेक, आदित्य, चुन्नीलाल अहिरवार, रेनका, आरती, फूलबाई, नर्वदा, ललिता के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# जेलों में बंदियों को पर्याप्त पेयजल व स्वच्छता सुविधाओं आदि की बारिकी से ली जानकारी

## जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो, सचिव रेखा यादव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागृह का किया गया औचक निरीक्षण

**धौलपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ ने जेलों में बंद कैदियों को पर्याप्त पेयजल, वस्त्र धोने हेतु जल, स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई की सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर राज्य सरकार को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति श्री अनूप कुमार ने स्पष्ट किया कि कैदी भी इंसान हैं और उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का संवैधानिक अधिकार है। न्यायालय ने कहा कि जेलों का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि कैदियों में सुधार और पुनर्वास करना है। अदालत ने माना कि राजस्थान में राजस्थान प्रिजनर्स नियम 2022 और मॉडल प्रिजन्स एक्ट 2023 लागू होने के बावजूद जमीनी स्तर पर इनका समुचित पालन नहीं हो रहा है और कैदियों को अब भी कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालसा द्वारा जारी एसओपी में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसी क्रम में माननीय राजस्थान



उच्च न्यायालय जयपुर पीठ के द्वारा पारित आदेशानुसार जिला न्यायाधीश संजीव मागो, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह मीणा द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में बंद विचाराधीन एवं दोषसिद्ध कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही पेयजल, स्वच्छता, वस्त्र धोने हेतु जल, व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरकों में जाकर कई कैदियों से निजी रूप से बातचीत की गई। कैदियों से उनकी दैनिक आवश्यकताओं, स्वच्छता, पानी की उपलब्धता, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य व्यावहारिक समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। हाईकोर्ट के आदेशानुसार बिंदुवार जांच की गई। जेल परिसर में पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध पाई गई, पानी के भंडारण एवं नलों की नियमित सफाई की आवश्यकता पर बल दिया गया। वस्त्र धोने एवं स्नान हेतु जल कैदियों को वस्त्र धोने एवं स्नान हेतु जल की सुविधा उपलब्ध पाई गई, सभी बैरकों में शौचालय एवं स्नानागार उपलब्ध पाए गए। नियमित सफाई की जा रही है, तथापि स्वच्छता के स्तर में और सुधार किए जाने की आवश्यकता है। बैरकों एवं रसोई घर में भी साफ-सफाई की व्यवस्था पाई गई। रसोईघर में भोजन की तैयारी एवं स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण दौरान जेल में स्थित रसोईघर का भी निरीक्षण किया गया एवं न्यायाधीशों ने रसोई घर में रोटी बनाने की मशीनों की जांच की एवं खाने की क्वालिटी की भी जांच की। जेल में अस्पताल, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार समय-समय पर चिकित्सकीय जांच कराई जा रही है। शिकायत निवारण के संबंध में निरीक्षण के दौरान कैदियों को माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार लिखित शिकायत प्रस्तुत करने के अधिकार के बारे में जानकारी दी गई। जेल परिसर में इस संबंध में सूचना प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर स्टेनो राहुल डण्डौतिया, चीफ एलएडीसी अमित कमठान डिप्टी चीफ एलएडीसी पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिकरवार, मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, जेल अधीक्षक सुमन मीणा, जेलर पूरन चंद इत्यादि सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# जगह-जगह शान से फहराया तिरंगा, नपा ने किया मुख्य कार्यक्रम

**समय जगत, सिवनी मालवा।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर नगर व ग्रामीण अंचलों में शासकीय व निजी संस्थानों में संस्था प्रमुखों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा शान से फहराया। पूरे नगर में देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला। इस





अवसर पर नगर का मुख्य समारोह नगर पालिका परिषद ने आईटीआई प्रांगण ने आयोजित किया। जिसमें स्कूली विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने झंडा फहराया। विभिन्न क्षेत्र और कार्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं न्यायालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान ने झंडा फहराया। पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस दौरान न्यायाधीश अंजली अग्रवाल, सरोज डेहरिया, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका कार्यालय में नपाउपाध्यक्ष स्वाती गौर ने, तो जयस्तंभ चौक पर नपाध्यक्ष रितेश जैन ने, तहसील कार्यालय में एसडीएम विजय राय ने झंडा फहराया। इस दौरान तहसीलदार नितिन कुमार झोड़, शंकर सिंह रघुवंशी, राजस्व निरीक्षक, पटवारी उपस्थित रहे। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्र सिंह चौहान ने अपने कार्यालय में, थाना परिसर में नगर निरीक्षक सुधाकर बारस्कर ने झंडा फहराया। वहीं कृषि उपज मंडी में भार साधक अधिकारी विजय राय ने झंडा फहराया। इस अवसर पर मंडी सचिव रामदीन इमने, अंतराम दामडे, व्ही. पी. ओसवाल सहित मंडी कर्मचारी शामिल रहें। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण कर गणतंत्र दिवस अमर रहें के नारे लगाए।

आईटीआई ग्राउंड पर नगर स्तरीय मुख्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रिंकू जैन ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने भाषण, लघु नाटिका, एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

**मुख्य समारोह में शामिल हुए सासंद, विधायक :** आईटीआई प्रांगण में नगर पालिका परिषद के गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने झंडा फहराया। नपाध्यक्ष रितेश ने मुख्यमंत्री के अभिभाषण का वाचन किया। इस दौरान नपाध्यक्ष की मांग पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने नगर विकास के लिए 2 किस्तों में 25 लाख रुपये देने की घोषणा की। वहीं सांसद निधि से बनवाएं गए बैग और डेस्क के वितरण का शुभारंभ किया। इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने नगर के 15 वार्डों में विकास के लिए 2-2 लाख के हिसाब से 30 लाख रुपए देने की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### चंबल नहर में गिरी बिजली कंपनी के एई की गाड़ी



**समय जगत, श्योपुर ।** मध्यप्रदेश के श्योपुर में मंगलवार-बुधवार की रात करीब 12 बजे ढोढर क्षेत्र में एक बिजली कंपनी की गाड़ी चंबल नहर में गिर गई। हादसा घने कोहरे के कारण बलावनी गांव के पास कैनाल सड़क पर हुआ। वाहन में विजयपुर के एसटीएम एई प्रेम कटारा और ठेकेदार रिंकू राठौर सवार थे। हादसे के बाद एई प्रेम कटारा तैरकर नहर से बाहर निकलने में सफल रहे और उनकी जान बच गई। उन्हें हल्की चोटें आई हैं, लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हालांकि, ठेकेदार रिंकू राठौर नहर में लापता हो गए। सूचना मिलते ही ढोढर थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। लापता ठेकेदार की तलाश के लिए नहर में तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। कुछ समय बाद एसडीआरएफ टीम को नहर में डूबी हुई गाड़ी मिल गई। गाड़ी को नहर से बाहर निकालने के लिए क्रेन मौके पर पहुंच रही है। गाड़ी बाहर निकलने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि ठेकेदार वाहन के अंदर हैं या नहीं। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर जमा हो गए हैं, जिन्हें पुलिस नियंत्रित कर रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टीकमगढ़ के 5 खिलाड़ी करेंगे प्रदर्शन, खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत की जा रही है प्रतियोगिता




**टीकमगढ़ ।** खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश की ओर से खिलाड़ीओ का आत्मविश्वास और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न खेलो की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जो ब्लॉक लेबल पर आयोजित की गई जिसके बाद चयनित प्रतियोगी अपना प्रदर्शन संभाग स्तर पर और संभाग में चयन होने के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे इसी के चलते टीकमगढ़ के पांच खिलाड़ी जिन्होंने ब्लॉक लेबल और संभाग लेबल पर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाएंगे जिसमे अनीकांत जैन, कार्तिक खरे, संयम मोदी, नमन रावत, सेजल कुशवाहा का स्टेट लेबल पर चयन हुआ है अब यह खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इंदौर में अपना प्रदर्शन करेंगे आपको बता दे की तैराकी कोच अंकित राय की मेहनत हैं जिन्होंने खिलाडीओ को तैराकी सिखाने में समर्पित भाव से कार्य किया और खिलाडीओ ने उनके मार्गदर्शन में तैराकी के गुण सीखे जिसके परिणाम स्वरूप अब यह खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुंच गए हैं।

### कीचड़ से निकलने को लोग हैं मजबूर

**बांदा।** विकासखण्ड महुआ अंतर्गत सहेवा गांव के प्राथमिक विद्यालय के दरवाजे से मुन्ना लाल प्रजापति के मकान तक जलभराव व कीचड़ होने की वजह से प्राथमिक विद्यालय व एक प्राइवेट विद्यालय के बच्चे कीचड़ से निकलने को मजबूर हैं। गांव की सबसे महत्वपूर्ण सड़क है। जिससे ज्यादातर लोग बांदा बिसंडा मार्ग में जाने के लिए इस्तेमाल करते हैं किन्तु रास्ते में जलभराव कीचड़ व गड्ढे होने की वजह से मोटरसाइकिल आदि से गिरने का खतरा भी बना रहता है। संजय प्रजापति ने बताया कि यह सड़क लगभग साल भर से अपने इसी हालत में है। कोई दिन नहीं बीतता जब दो चार लोग बाइक के फिसलने पर यहां ना गिरते हों।

### धमकी देने वाला अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**बांदा।** थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा दुकानदार की दुकान में पर्ची फेककर रंगदारी व जान से मारने की धमकी देने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना तिन्दवारी पर दुकानदार द्वारा सूचना दी गई कि 21 जनवरी को एक धमकी भरा पत्र दुकान में मिला। जिसमें रंगदारी व जान से मार देने की धमकी दी गई थी। सूचना पर अभियोग पंजीकृत करते हुए एक अभियुक्त भानू पुत्र राजकुमार निवासी अमलीकौर थाना तिन्दवारी को पकडा गया वही शनि पुत्र रनमत को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा चुका है। वांछित अभियुक्त को बबेरु रोड के क्योटरा बहिंगा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया व तलाशी में अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

# ग्राम हथनापुर में अवैध शराब बिक्री पर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

## शराब में लगाई आग, डायल 112 ने शेष शराब की जब्त

**समय जगत, सिवनी मालवा।** ग्राम पंचायत ग्वाड़ी के अंतर्गत ग्राम हथनापुर में लंबे समय से चल रहे अवैध शराब के कारोबार को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्व के दिन भी खुलेआम अवैध शराब की बिक्री किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने अवैध शराब की दुकानों पर धावा बोल दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में एसडीएम विजय राय और आबकारी विभाग द्वारा चार से पांच बार कार्रवाई किए जाने के बावजूद अवैध शराब का कारोबार लगातार धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। जिससे गांव का माहौल बिगड़ रहा है। इसी लापरवाही से क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने स्वयं मोर्चा संभाला। ग्रामीणों ने बताया कि गणतंत्र दिवस के दिन अवैध शराब बिक्री की



सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने डायल 112 पर जानकारी दी और मौके पर पहुंचकर अवैध शराब को आग के हवाले कर दिया। बाद में डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और शेष अवैध शराब को जब्त कर अपने साथ ले गई। ग्राम पंचायत के सरपंच विनोद भिलाला ने कहा कि अवैध शराब बिक्री के कारण गांव का सामाजिक वातावरण खराब हो रहा हैं। युवा वर्ग गलत दिशा में जा रहें है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब कारोबार पर सख्त कार्रवाई कर इसे पूरी तरह बंद कराया जाए। घटना के बाद आबकारी व पुलिस विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे अब उग्र आंदोलन करने पर विवश होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी आबकारी और पुलिस विभाग की होगी।

### कंबल वितरित

**बांदा।** मवई बुजुर्ग में असहाय, विकलांग, विधवा, वृद्धा और गरीब लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान भानू प्रताप गुप्ता, दीपक त्रिपाठी, लवलेश कुमार साहू, सुखलाल बौद्ध, कुलदीप यादव, शुशील कुमार शुक्ला, श्याम बिहारी वर्मा आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा देर रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हनुमान मंदिर के आगे मोड़ के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रुप से घूम रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति पंकज उर्फ भूरा पुत्र प्रमोद किशोर निवासी कनवारा थाना कोतवाली नगर को पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 40 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशों के तहत जिले में अवैध मदिरा पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरबार के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 28 जनवरी 2026 को ग्राम सारसल्ला एवं कराहल क्षेत्र में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई तथा करीब 800 किलोग्राम लाहन मौके पर ही नष्ट किया गया। आबकारी बल द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की के अंतर्गत 4 प्रकरण दर्ज किए गए। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 88 हजार रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, कोक सिंह रावत, मोनू शाक्य एवं अन्य आबकारी कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# पुल-पुलिया और गौवंश के सींगों पर लगाए गए रेडियम रिफ्लेक्टर

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने चलाया जागरुकता कार्यक्रम

**श्योपुर ब्यूरो।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं हादसों में होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया।



अभियान के दौरान शहर की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंश को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए शिवपुरी रोड, पटेल चौक, पाली रोड, बाईपास सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर गोवंश के सींगों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। इससे रात्रि के समय अंधेरे में वाहन चालकों को सड़क पर बैठे पशु आसानी से दिखाई दे सकेंगे और दुर्घटनाओं से बचाव हो सकेगा। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा शिवपुरी रोड स्थित इको सेंटर, बावन दा नाला, कल्मी, गोरस, करहल घाटी के आसपास मुख्य मार्ग के अंधे मोड़ों, पुल-पुलिया, सड़क किनारे वृक्षों तथा रेलिंग पर भी रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। इससे रात के समय वाहन चालकों को मार्ग की बेहतर दृश्यता मिलेगी और दुर्घटना की संभावना कम होगी। सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस मुख्यालय द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट, बिना बीमा, ओवरस्पीडिंग एवं ड्रंकन ड्राइविंग जैसी अनियमितताओं पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत थाना प्रभारी यातायात संजय सिंह राजपूत द्वारा पाली रोड एवं खतौली रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

**इन वाहनों पर किए चालानन** चेकिंग के दौरान कुल 42 चालान बनाए गए और 24,600 का जुर्माना लगाया गया। इसमें 03 चालान बिना सीट बेल्ट, 03 बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट, 32 बिना हेलमेट तथा 04 बिना बीमा वाले वाहनों पर किए गए। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश भी दी गई।

# वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए मिला सम्मान

## गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में हुए सम्मानित बीते करीब 20 वर्षों से पत्रकारिता से जुड़े हैं शर्मा





**समय जगत, धौलपुर।** धौलपुर जिले के वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा को गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया गया है। धौलपुर के आरएसी लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्री निधि बी टी एवं जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने विजय शर्मा को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा को सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

शर्मा को उत्कृष्ट पत्रकारिता, निष्पक्ष समाचार लेखन एवं समाज हित में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। धौलपुर के आरएसी लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में। उनके साथ इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना फारुकी, भामाशाह एवं समाजसेवी आकाश गर्ग, भामाशाह एवं समाजसेवी डॉ राम अवतार अग्रवाल एवं अन्य कई विभूतियो एवं अन्य लोगों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा ने पत्रकारिता के क्षेत्र में ईमानदारी, निर्भीकता और सामाजिक सरोकारों के साथ कार्य करते हुए जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया है, जो समाज के लिए प्रेरणादायी है।

वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा को अन्य संस्थाओं द्वारा भी पत्रकारिता, शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में सम्मानित किया जा चुका है।

# एडीआर परिसर में जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो ने किया ध्वजारोहण



**विजय शर्मा - समय जगत, धौलपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो ने सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ एडीआर परिसर में ध्वजारोहण किया एवं सभी न्यायिक अधिकारीगणों, अधिवक्तागणों एवं कर्मचारीगणों, ने संविधान एवं राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश संजीव मागो द्वारा उपस्थित लोगों को आजादी के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरा देश आज 77 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश ने स्कूली बच्चों को किताबें एवं पेंसिल वितरित की। उन्होंने कहा कि इसी दिन 26 जनवरी 1950 को भारत में संविधान लागू हुआ था और देश ने स्वयं को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न गणराज्य घोषित किया। इसी कारण हर वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। 26 जनवरी हमें यह याद दिलाता है कि भारत केवल आजाद ही नहीं, बल्कि संविधान से संचालित एक गणराज्य है, जहाँ सर्वोच्च शक्ति जनता के पास है। इस अवसर पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश राकेश गोयल एवं सभी न्यायिक अधिकारी, और बार एसोसिएशन अध्यक्ष हरिओम शर्मा एवं अधिवक्ता, कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेंट्रल एकेडमी विद्यालय में हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**रीवा।** सेंट्रल एकेडमी विद्यालय में 77वाँ गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास, अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस गरिमामय अवसर पर सेमरिया के पूर्व विधायक श्री के.पी. त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रबोध मिश्रा ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार पाठक, उप-प्राचार्य श्री ए.के. द्विवेदी, प्रधानाध्यापिका श्रीमती अर्चना मिश्रा, विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती अमिता मिश्रा एवं श्रीमती बविता तिवारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविताएँ एवं भाषण शामिल रहे। विद्यार्थियों की भावनात्मक एवं अनुशासित प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह की भरपूर सराहना प्राप्त की। मुख्य अतिथि श्री के.पी. त्रिपाठी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में 26 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन हमें हमारे संविधान की शक्ति और लोकतंत्र की मजबूती की याद दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने, कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान डिजिटल युग में मोबाइल फोन के सकारात्मक और सीमित उपयोग की सीख भी दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन ज्ञान, शिक्षा और नवाचार का सशक्त साधन है, किंतु इसका उपयोग अनुशासन और उद्देश्य के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल का सदुपयोग कर अपनी पढ़ाई और व्यक्तित्व के विकास को सशक्त बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार पाठक ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को परिश्रम, समयपालन एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। वहीं प्रधानाध्यापिका श्रीमती अर्चना मिश्रा ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम तथा वर्ष भर संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में वर्ष भर आयोजित शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से झलक रहा था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती अमिता मिश्रा एवं श्रीमती बबिता तिवारी का विशेष योगदान रहा। इनके साथ ही समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर संदेश के साथ किया गया। संपूर्ण विद्यालय परिसर देशभक्ति, एकता, अनुशासन एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### गोल्डन केरी हाई स्कूल ने रचा इतिहास



**मण्डीदीप।** नगर पालिका मंडीदीप द्वारा आयोजित बहु–क्रीड़ा प्रतियोगिता में, जहां समस्त विद्यालयों की सहभागिता होती है और अनेक खेलों का आयोजन होता है, जिसमें सर्वाधिक खेलों में विजय प्राप्त करने वाला विद्यालय 'चैम्पियन' घोषित किया जाता है । उस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में गोल्डन केरी हाई स्कूल ने लगातार 5 बार चैम्पियन बनकर एक नया इतिहास रच दिया है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि मंडीदीप के इतिहास में पहली बार दर्ज हुई है।

### केशरवानी समाज के निर्वाचन में महेंद्र गुप्ता बने अध्यक्ष



**समय जगत, रीवा ।** सिरमौर के केशरवानी समाज की एक आवश्यक बैठक डभौरा रोड स्थित विशाल गुप्ता के निज निवास पर आहूत की गई जिसमें समाज के व्यक्तियों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से अध्यक्ष के निर्वाचन पर सहमति बनी! निर्वाचन प्रक्रिया में केशरवानी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. के. गुप्ता के नेतृत्व में तथा रीवा से वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेंद्र केसरी, वरिष्ठ समाज सेवी रविंद्र गुप्ता तथा शिब्बू गुप्ता के मार्गदर्शन में चुनाव संपन्न कराया गया जिसमें अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनील गुप्ता, तथा संरक्षक रामगोपाल गुप्ता को चयनित किया गया ! महेंद्र गुप्ता के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर रामाश्रय गुप्ता , रवि गुप्ता, गंगा देवी गुप्ता, अशोक गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, मनोज गुप्ता, विशाल गुप्ता, महेश गुप्ता, अमित गुप्ता ,सचिन गुप्ता, अजय गुप्ता, धनेंद्र गुप्ता, श्रीनिवास गुप्ता, आर्यन गुप्ता ,धर्मेंद्र गुप्ता ,सुरेंद्र गुप्ता बनवारी लाल गुप्ता, सहित समाज के लोगों में खुशी जताई है! समाज के व्यक्तियों ने कहा कि महेन्द्र गुप्ता के अध्यक्ष निर्वाचित होने से समाज में संगठनात्मक रूप से मजबूती मिलेगी।

### कृषि महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**रीवा ।** भारत के चुनाव आयोग की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में और विशेष रूप से महाविद्यालय के छात्रों के बीच मतदान के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए, रीवा के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। डीन डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने और चुनावों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में चुनाव आयोग के उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित किया। डॉ. आर.के. तिवारी (एएसडब्ल्यू) ने छात्रों को मतदान करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. मनीषा द्विवेदी ने महाविद्यालय के कर्मचारियों, छात्रों और स्वयंसेवकों को देश की लोकतांत्रिक परंपरा को कायम रखने की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में डॉ. वी.के. सिंह, डॉ. शिवानी तिवारी, डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. प्रदीप मिश्रा, हरीश, द्विवेदी, श्रीशा पांडे और छात्र उपस्थित थे।

### बैकुण्ठपुर में विशाल हिन्दू सम्मेलन किया गया आयोजित



**समय जगत, रीवा ।** काफी दिनों से चली आ रही तैयारियों के बाद हिन्दू समाज बैकुण्ठपुर द्वारा आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन 28 जनवरी को धूमधाम से सम्पन्न हुआ ।सुबह 10 बजे युगल किशोर बेटा महाराज मंदिर से भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो नगर भ्रमण करते हुए हायर सेकेंडरी बालक स्कूल बैकुण्ठपुर स्टेडियम पहुंची । कलश यात्रा में माताएँ, बहनें, बच्चे, बुजुर्ग और नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल रहे ।स्टेडियम पहुंचने पर आयोजित सम्मेलन में आए हुए महान संतों द्वारा ज्ञानात्मक एवं प्रेरक प्रवचन दिए गए । संतों ने जाति–पांति से ऊपर उठकर हिन्दू सम्मेलन के महत्व, संस्कृति की महानता और समाज में एकता व जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में नगर के लोग, परिवार, युवा एवं महिलाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सम्मेलन की सफलता में योगदान दिया । आयोजकों ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया ।

# मनगवां में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**रीवा।** गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम हर्ष उल्लास पूर्वकमनाया शासकीय कार्यालय एवं अर्थशास्त्र की कार्यालय में जगह-जगह तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज रोहण किया गया आयोजित कार्यक्रम में संदीपनी विद्यालय मनगांव में विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया नमन किया इसके पश्चात मेजर शहीद आशीष दुबे के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये धोखा कब बोला था नेशनल कैडिटकोर परेड का निरीक्षण कर सलामी ली संस्कृत कार्यक्रम भी आयोजित हुआ इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति द्वारा किया गया गणतंत्र दिवस के आयोजित कार्यक्रम में मचासीन अतिथगणो शालश्रीफल से आयोजन मंडल द्वारा सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जगजीवन लाल तिवारी विधायक प्रतिनिधि डॉ विष्णु देव कुशवाहा जिला सलाहकार समिति के सदस्य लवकुश गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुणेंद्र मिश्रा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता भाजपा के सक्रिय सदस्य महेंद्र तिवारी भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष भागवत द्विवेदी कार्यक्रम के आयोजन एवं संस्था प्रमुख कैलाश चंद्र अवधिया विद्यालय के स्टाफ अभिभावक आम नागरिक विभिन्न संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता जन समुदाय मौजूद रहे इसके अलावा नगर परिषद मंनगवा व्यवहार न्यायालय सरस्वती शिशु मंदिर शासकीय कन्या विद्यालय चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर लोक निर्माण विभाग शासकीय नवीन महाविद्यालय शासकीय अस्पताल पुलिस थाना बिजली विभाग के साथ-साथ शासकीय एवं अर्थशास्त्र की समस्त संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज का कार्यक्रम आयोजित हुआ संस्था प्रमुख के द्वारा ध्वजारोहण किए जाने की खबर मिली है इसी तरह जनपद पंचायत गंगेव के जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी ने जनपद कार्यालय में पहुंचकर ध्वजारोहण किया पीएम श्री विद्यालय गढ़ में भी गणतंत्र दिवस का पर्व हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय भोज का ध्वजारोहण संस्था प्रमुख के द्वारा किया गया लोक निर्माण विभाग अनुभाग मंनगवा कार्यालय में भी हर्ष उल्लास पूर्वक आयोजित हुआ लोक निर्माण विभाग के एसडीओ शैलेंद्र कुमार द्विवेदी ने निर्धारित समय सीमा पर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में भी गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें महिला समाज सेविका एवं भाजपा की सक्रिय सदस्य प्रमिला तिवारी ने मुख्य अतिथिके हैसियत से ध्वजारोहण किया इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कुशवाहा रामकली विश्वकर्मा रानी मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# तहसील मनगवां में अखंड मानस एवं विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न



**रीवा ।** जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर तहसील मंनगवा में हर वर्ष के भाले बात इस वर्ष भी तहसील परिसर में हनुमान जी का मंदिर में अखंड मानस का कार्यक्रम आयोजित हुआ अखंड मानस समापन पश्चात हवन पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया इस विशाल आयोजन भंडारे में विधायक नरेंद्र प्रजापति प्रशासनिक अधिकारी एसडीम संजय जैन पूर्व एसडीएम केपी पांडे सहित भक्तजन भंडारे में शामिल हुए विधवत आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने बैठ कर प्रसाद ग्रहण कराए हनुमान जी के मंदिर में स्थापना के पश्चात हर वर्ष मानस 26 जनवरी को होता है और भंडारे का कार्यक्रम 27 जनवरी आयोजित जिसमें हजारों हजार से अधिक लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे हनुमान जी मंदिर में कार्यक्रम मानस एवं विशाल भंडारे का आयोजन अधिवक्ताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से कराया जाता है किंतु इस बार विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए जनता जनार्दन जन सैलाब देखने को मिला है इस कार्यक्रम में विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर विष्णु देव कुशवाहा जिला सलाहकार समिति के सदस्य लवकुश गुप्ता भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता बीजेपी के सक्रिय सदस्य महेंद्र तिवारी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बालेंद्र तिवारी पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संतोष तिवारी प्रमोद तिवारी राजदीन कुशवाहा यादवेंद्र सिंह अधिवक्ता रेखा मिश्रा रानी तिवारी प्रशासनिक अधिकारी एसडीम संजय जैन पूर्व एसडीएम केपी पांडे तहसीलदार आंचल अग्रहरि नायक तहसीलदार ममता पटेल नायक तहसीलदार अजय मिश्रा एसडीएम रीडर नीरज अवस्थी तहसीलदार के प्रवचका राजेश पांडे ए सुरेश सोनी आनंद मिश्रा विष्णु कांत शुक्ला दिलीप मिश्रा के अलावा राजस्व विभाग के माताहत कर्मचारी जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# अजीता द्विवेदी को इंदौर में मिला विंध्य गौरव सम्मान



**रीवा ।** जिले के तराई अंचल जवा तहसील से निकलकर बघेली लोकगीतों एवं हिन्दी गीतों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त संगीत मंचों पर विंध्य क्षेत्र की माटी का नेतृत्व करने वाली मधुर कंठ की धनी लोकप्रिय लोकगायिका अजीता द्विवेदी को विंध्याचल सोशल ग्रुप इंदौर द्वारा आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में गायन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर विंध्य का मान बढ़ाने हेतु विंध्य गौरव सम्मान दिया गया। वहीं लोकगायिका अजीता द्विवेदी ने आयोजन समिति के आरपी शर्मा, दिल्ली मिश्रा का धन्यवाद ज्ञापित किया। विंध्य क्षेत्र के लोक कलाकारों, कवियों , शायरों, पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने अजीता द्विवेदी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया ध्वजारोहण



**रीवा ।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल कुंज, रीवा में 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया। गणतंत्र दिवस के इस पावन बेला के ध्वजारोहण में मुख्य रूप से भाजपा रीवा संभाग प्रभारी विजय दुबे , एवं सांसद जनार्दन मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्टी के जिला पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ, वरिष्ठ नेता एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला महामंत्री विवेक गौतम, उमाशंकर पटेल, जिला उपाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, शरद साहू, जिला मंत्री सुमन शुक्ला, बिजेन्द्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना गुप्ता, पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश पांडे, वरिष्ठ नेता महाबली गौतम, विमलेश मिश्रा, राम सिंह, रमेश गर्ग कमलेश्वर सिंह माया सिंह राजेंद्र त्रिपाठी, पूर्व विधायक पन्नाबाई प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि नगर निगम रमाशंकर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, गौरव पांडे राजगोपाल मिश्रा चारी कल्पना श्रीवास्तव, साधना पटेल चंद्रशेखर तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, गंगा यादव मुनिराज पटेल, अनिमेष द्विवेदी, प्रकाश श्रीवास्तव, कमल सोनी, नरेंद्र शर्मा, सत्य प्रकाश पांडे, पार्षद ज्योति सिंह, राकेश सिंह, बुद्धसेन नापित, राजकुमार जायसवाल, उर्मिला द्विवेदी, बालानन्द द्विवेदी, अंजू गुप्ता, पूनम मिश्र तरुणा वर्माख् जय प्रताप सिंह आदि सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गई और मिठाई खिलाकर गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई।

# 'एक शाम भारत मां के नाम' कार्यक्रम किया गया आयोजित



**मोहसिन अहमद- समय जगत, टीकमगढ़।** शहर के गांधी चौराहा पर वीर शिवाजी छात्र संघ के द्वारा 12 वा वर्ष सेवा से समर्पण की ओर गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक शाम भारत मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार की रात गांधी चौराहे पर भारत माता की भाव महा आरती उतर गई वहीं कार्यक्रम में देश भक्ति एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों दी गई जिसमें बुंदेली गायक जयसिंह राजा द्वारा बुंदेली लोक संस्कृति की झलक की प्रस्तुति दी गई यह कार्यक्रम देर रात तक चला। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने आकर बुंदेली लोकगीत का आनंद उठाया। वीर शिवाजी छात्र संघ के संयोजक प्रवीण कुमार चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले 11 सालों से लगातार आयोजित किया जा रहा है इस साल इसका 12 वा संस्करण था। वहीं उन्होंने बताया कि संगठन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर संघ के द्वारा 10 साल बेमिसाल कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम एवं हर उल्लास के साथ मनाया गया था इस वर्ष भी 12 साल सेवा के समर्पण की ओर को लेकर हम सभी के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बुंदेली लोकगीत जयसिंह राजा के द्वारा देशभक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दी गई वहीं कार्यक्रम में शहर के समाजसेवी स्कूल शिक्षा में अव्वल आए हुए छात्रों , शहीद हुए जवानों के परिजनो एवं नेता प्रतिनिधि सभी का स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान भी संघ के द्वारा किया गया है। इसके अलावा वीर शिवाजी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष संघर्ष बड़कुल सोनू ने बताया कि आप सभी जिले वासियों के लिए यह खुशी की बात है कि हमारे संघ के द्वारा हर साल एक शाम भारत मां के नाम यह कार्यक्रम आयोजित कर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का त्यौहार बड़े ही हर उल्लास के साथ देशभक्ति गीतों के साथ मनाया जाता है। जिसमें आप सभी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई साथ ही कार्यक्रम को एक भव्य रूप देकर सफल बनाया इसके लिए संगठन की ओर से आप सभी का संगठन तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित करता है।

# अधिकारी अपने दायित्वों पर खरा उतरकर करीला मेला की तैयारियां रखें पूर्ण : आयुक्त



**अशोकनगर।** जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर आगामी रंगपंचमी के अवसर पर 07 मार्च से 09 मार्च तक तीन दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। वार्षिक मेले की तैयारियों के लिए जिला प्रशासन अशोकनगर द्वारा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त किया गया है, वह अधिकारी अपने दायित्वों पर खरा उतरकर सभी तैयारियां पूर्ण रखें। इस आशय के निर्देश आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री ने बुधवार को करीला धाम पर आयोजित करीला मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में निर्देशित किया कि करीला मेला हेतु पिछले करीला मेला के पूर्व अनुभवों के साथ इस बार करीला मेला में बेहतर व्यवस्थाएं हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला मेला में देश-प्रदेशों के विभिन्न अंचलों से आने वाले श्रद्धालुओं को आस्था के केंद्र पर सुगम एवं बेहतर वातावरण के साथ सभी आवश्यक सुविधा मिले। जिससे श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ मां जानकी के दर्शन कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला मेला क्षेत्र में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मेला परिसर में पर्याप्त विद्युत की व्यवस्था रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि वीआईपी के लिए मंदिर में दर्शन व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम किए जाएं। संपूर्ण मेला परिसर की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाया जाए। मेला परिसर की कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए की करीला मेला में श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो ऐसे तो सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रखी जाए। पीएचई विभाग द्वारा टंकियो की साफ -सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर डाला जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि करीला मेला आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग हेतु टेंडर लिए जाएं। पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे विद्युत व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला परिसर सहित विभिन्न मार्गों पर एम्बुलेंस सहित चिकित्सा स्टॉफ रहे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि करीला मेला को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब के विरुद्ध अभी से कार्यवाही की जाए। आईजी अरविंद सक्सेना ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सरहदी जिलों सहित करीला मेला में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि करीला मेला में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सतत निगरानी रखी जाए। करीला मेला के दौरान यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखते हुए निरंतर चेकिंग की जाए। साथ ही वैकल्पिक मार्गो की मरम्मुत कर यातायात सुंगम बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला परिवहन विभाग द्वारा वाहन की सतत चैकिंग कर फिटनिस की जांच की जाएं तथा ओवर लोडिंग न हो इस पर विशेष ध्यांन दिया जाएं। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिये आने जाने का किराया निर्धारित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कौंचा एवं मोला डेम में होमगार्ड तैराकों एवं वोट की व्येवस्थाय तथा वैरिकेटिंग लगवाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्ट्र साकेत मालवीय द्वारा करीला मेला हेतु अधिकारियों को सौपें गये दायित्वों के संबंध में की जा रही कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन के बारे में जानकारी दी। विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री एवं आईजी अरविंद सक्सेना ने करीला धाम पर मां जानकी माता की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। निर्माणाधीन कार्यो का किया निरीक्षण- इस दौरान मंदिर परिसर में निर्माणाधीन सीढ़ी निर्माण मंदिर परिसर का सौदर्यीकरण के निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

# 77वें गणतंत्र दिवस की जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## आशीष द्विवेदी, दैनिक समय जगत ब्यूरो बुंदेलखंड प्रभारी



आशीष द्विवेदी
ब्यूरोचीफ
समय जगत महोबा

77 वां गणतंत्र दिवस की जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं। गणतंत्र दिवस हमारे देश के इतिहास का एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इसी दिन 1947 में हमारा देश ब्रिटिश शासन से आज़ाद हुआ था यह दिन हमें उन सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और त्याग की याद दिलाता है जिन्होंने हमें यह आजादी दिलाने के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी। भारत की स्वतंत्रता महात्मा गांधी के अहिंसक आंदोलन साथ ही भगत सिंह सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों के प्रयासों का परिणाम है इन सभी के प्रयासों से हमें एक लोकतांत्रिक देश में रहने का अधिकार मिला है। हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे में तीन रंग हैं केसरिया सफेद और हरा केसरिया रंग देश की शक्ति और साहस का प्रतीक है सफेद रंग शांति और सत्य का प्रतिनिधित्व करता है जबकि हरा रंग उर्वरता वृद्धि और भूमि की पवित्रता को दर्शाता है झंडे के बीच में अशोक चक्र निरंतर प्रगति और धार्मिकता का प्रतीक है। गणतंत्र दिवस हमें अपने इतिहास पर विचार करने और भविष्य की ओर देखने का अवसर प्रदान करता है दोस्तों आप हमारे देश का भविष्य हैं और आप पर एक बेहतर भारत बनाने की जिम्मेदारी है जो हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करेगा एक जिम्मेदार नागरिक होने का अर्थ है अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेना समुदाय में शामिल होना और सभी को समान अवसर प्रदान करने के लिए मिलकर काम करना इसका अर्थ है कड़ी मेहनत करना ईमानदार और सत्यनिष्ठ होना दूसरों का सम्मान करना और पर्यावरण की रक्षा करना हमें भारत की शक्ति और विविधता को बनाए रखने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए शिक्षा का उपयोग गरीबी अशिक्षा और असमानता जैसी सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए किया जाना चाहिए ताकि भारत विश्व में अपना गौरवशाली स्थान पुन: प्राप्त कर सके।



चंद्रकांत
फोटोग्राफर



आर्यन
द्विवेदी



अरविंद चतुर्वेदी
ब्लाक संवाददाता
महोबकंठ



आफताब उद्दीन
नगर संवाददाता
महोबा



यासिर अराफात
क्राईम रिपोर्टर
तहसील संवाददाता



मयंक मिश्रा उर्फ गोलू
विशेष संवाददाता
महोबा



विश्वजीत मंडल
विशेष संवाददाता
पनवाड़ी



गौरव पांडे
तहसील संवाददाता
महोबा

गणतंत्र दिवस राष्ट्र के अमर सपूतों महापुरूषों के बलिदान त्याग और आदर्श की अमिट पहचान है समाज में सदभावना एकता भाइचारा रख कर शहर से गांव तक सर्वांगीण विकास का संकल्प लेकर वीर भूमि का कलपाड़ का प्रयास करना प्रत्येक का दयित्व है। देवी आफ्दा वसूके की घड़ी में समाज सेवी जनप्रतिनिधियों व्यापरियों को भी अहम भूमिका निभाना चाहिए।



गजल भारद्वाज
जिलाधिकारी, महोबा


गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सैफ खान
ग्राम विकास अधिकारी
विकासखंड पनवाड़ी
जनपद महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
चंद्रभान वर्मा
ग्राम पंचायत सचिव
विकासखंड कबरई
जनपद महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निजाम अली
ग्राम विकास अधिकारी
विकासखंड पनवाड़ी
जनपद महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

बाल गोविन्द पाठक
समाजसेवी ग्राम कौहारी
जिला महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पुष्पेंद्र सिंह राजपूत
ग्राम विकास अधिकारी
विकासखंड पनवाड़ी
जनपद महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जीशान मुहम्मद उस्मानी
ग्राम पंचायत सचिव
विकासखंड कबरई
जनपद महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
इं. राममिलन
अवर अभियंता
पी.डब्ल्यू.डी. विभाग
महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

बी.डी. शुक्ला
अवर अभियन्ता
पी.डब्ल्यू.डी. महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामनिरंजन
वनक्षेत्राधिकारी
चरखारी

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद कुमार
वनाक्षेत्राधिकारी छतेशर पनवाड़ी

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अरूण कुमार सगरवाल
सहा. अभियन्ता
सिंचाई विभाग मौदाहा बांध

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जीतेन्द्र कुमार
वनक्षेत्राधिकारी जैतपुर अजनर
रामखिलावन
लिपिक

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव श्रीवास
वनक्षेत्राधिकारी
महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दयाशंकर
ए.आर.टी.ओ.
महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
के.पी. वर्मा
ग्राम पंचायत सचिव
सुनील तिवारी
ग्राम प्रधान बरा
सुखनन्दन प्रजापति
ग्राम प्रधान बसौरा
कालूराम अहिरवार
ग्राम प्रधान सलारपुर
सुमित सिंह यादव
ग्राम प्रधान तिन्दौली
विकास खण्ड कबरई जनपद महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
बाबूराम यादव
ग्राम प्रधान छानीकला
जगदीश मौर्या
ग्राम प्रधान महेवा
रामऔतार
ग्राम प्रधान कहरा
देवकीनन्दन
ग्राम प्रधान बरबई
श्रीमती राधा
ग्राम प्रधान लिलवाही
श्रीमती साधना सिंह
ग्राम सिचौरा
विकास खण्ड कबरई
जनपद महोबा

जगत नारायण
ग्राम पंचायत सचिव

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सुलभ सक्सेना
समाजसेवी भाजपा नेता महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जय प्रकाश अनुरागी
जिला पंचायत
अध्यक्ष, महोबा

अमित प्रताप सिंह
अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

नरेंद्र सिंह
प्रभागीय
वनाधिकारी, महोबा

गजल भारद्वाज
जिलाधिकारी
महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

राजीव तिवारी
जिला पूर्ति
अधिकारी महोबा

आलोक पटैरिया
पूर्ति निरीक्षक
महोबा

सिंचाई प्रखण्ड महोबा की ओर से समस्त जनपदवासियों को अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इं. मोतीलाल
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई प्रखण्ड महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
इं0 भरत पटेल
अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग महोबा
इं0 धनराज सिंह
अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग महोबा
इं0 घनश्याम
अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई वि0 जैतपुर महोबा
समस्त अवर अभियंता कर्मचारीगण


स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# गांधी चौक पर नगर परिषद अध्यक्ष ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

## देशभक्ति के माहौल में हुआ कार्यक्रम, आमजन की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी



**समय जगत खिरकिया।** गणतंत्र दिवस पर नगर के ऐतिहासिक गांधी चौक पर सुबह 9 बजे नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिंह खनूजा जनपद पंचायत अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत खनूजा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज केवल हमारी पहचान नहीं, बल्कि हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें महात्मा गांधी के आदर्शों–सत्य, अहिंसा और स्वच्छता–को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस दोरान अनुविभागीय अधिकारी शिवागी बघेल, तहसीलदार, नायव तहसीलदार एवं उपाध्यक्ष विजयंत गौर लोकनिर्माण संभापति नितिन गुप्ता फूलबाई उईके, वंदना इरलावत, पुष्पा अनिल जैन, सत्यनारायण गौर स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेटर रश्मि श्रीमाल हेमलता अग्रवाल शंकर सिह खरबडिया गंगाविशन मुनिम, पूनमचंद गुप्ता, हेमचंद नागडा महेन्द्र सिह खनूजा भरत हेडा राजेश मेहता, कपिल गीते प्रचारक शिवनारायण साद शरद तोष्णीवाल, राजू महवाल, सुनिल निलोशे प्रफुल वर्मा महेश टाले, हर्ष राज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल द्वारा मुख्यमंत्री संदेश का वाचन किया गया एवं अध्यक्ष इंद्रजीत कौर ने तीन बड़ी घोषणाए की। जिसमें बताया गया है कि पुराने गांधी चौक का भवन पुनर्निर्माण, बस स्टेण्ड हेतु जमीन एवं खेल स्टेडियम केलिए शासन से भूमि आवंटन करवाई जाएगी। लोक निर्माण सभापति नितिन गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष इंद्ररजीत कौर द्वारा नगर परिषद साढे तीन वर्ष के कार्यकाल में किये गये विकास कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे से एकीकृत कन्या शाला खिरकिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि कमल पटेल पूर्व कृषि मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि रानू दशरथ पटेल जनपद अध्यक्ष, इंद्ररजीत कौर नगर परिषद अध्यक्ष विजयंत गौर उपाध्यक्ष वंदना इरलावत, फूलबाई उईके, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवागी बघेल, तहसीलदार, नायव तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गंगाविशन मुनीम भगवानदास मूदडा सुनिल जैन, शकर खरबडिया महेश टाले, अनिल निलोसे पूनमचंद गुप्ता, शैतान सिह, गोलू राजपूत, प्रफुल वर्मा, चंपालाल भंडारी, रश्मि माल, ममता वर्मा, हेमलता अग्रवाल, प्रदीप रिछारिया सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित था। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वप्रथम पीटी, सियांन रे स्कूल बैड एंव एनसीसी बेड अब्बल रहा एंव एसडीएम द्वारा सभी विभागों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र से समानित किया। प्रथम पुरुस्कार सांदिपनी शा.उ.मा.वि. खिरकिया द्वितीय पुरूस्कार आदिवासी कन्या शाला छात्रावास तृतीय पुरुस्कार पीएमश्री शा.कन्या शाला उ.मा. को दिया गया। इस दोरान छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधीगण नागरिकगण मौजूद थे।

# वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारों के बीच यूजीसी के नए नियमों में संशोधन की मांग

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**पचोर।** मंगलवार को सर्व स्वर्ण समाज के बैनर तले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रस्तावित उच्च शिक्षा संस्थानों में समान अवसर संवर्धन नियम को लेकर आपत्ति जताई गई और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संगठन ने कहा कि नियमों का उद्देश्य समान अवसर सुनिश्चित करना सराहनीय है, लेकिन कुछ प्रावधानों से छात्रों और शिक्षकों में भ्रम, भय और प्रशासनिक दबाव उत्पन्न होने की आशंका है। साथ ही यह भी कहा गया कि नियमों में समानता के साथ मेधा , न्याय ,और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित होना चाहिए।

**संगठन ने की है प्रमुख मांगें:** भेदभाव की परिभाषा और प्रक्रिया स्पष्ट हो झूठी शिकायतों से बचाव के लिए प्रारंभिक जांच, दोनों पक्षों की सुनवाई, समयबद्ध जांच और अपील का अधिकार सुनिश्चित हो नियमों में उल्लंघन पर संस्थानों को बंद करने या योजनाओं से बाहर करने जैसे कठोर प्रावधान के बजाय पहले सुधार का अवसर और चरणबद्ध कार्रवाई हो ज्ञापन सौंपने के लिए गांधी चौक पर एकत्रित होकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ मुख्य मार्ग से होते हुए तहसील परिसर पहुंचा, जहां तहसीलदार आनंद जायसवाल को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया सहित पुलिस बल उपस्थित रहा। इस मौके पर भूपेंद्र ठाकुर, विकास शर्मा, दीपक दुबे, राजकुमार मीडानिया, ऋषिकुल नव युवा संगठन अध्यक्ष सच्चिदानंद मिश्रा, तहसील अध्यक्ष करणी सेना परिवार शत्रुघन सिंह परमार, कुंवर वीरेन्द्र सिंह (लाला बना), जिला संयोजक करणी सेना परिवार महेंद्र सिंह बीटू बना,सचिन शर्मा, अभिषेक ठाकुर, मुनिराज सिंह परमार, पारस शर्मा, भविष्य पाराशर, योगेश शर्मा ,राहुल सिंह सौम्य शर्मा, देवेंद्र त्रिपाठी, विकास माहेश्वरी, आशु जैन ,सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कलाकारों ने लोक उत्सव भारत पर्व पर गुलाब चक्कर में बिखेरे सांस्कृतिक रंग

**रतलाम।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर रतलाम स्थित गुलाव चक्कर परिसर में लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का गरिमामय आयोजन किया गया।इस अवसर पर कलाकारों द्वारा देश के सांस्कृतिक रंगों की छठा बिखेरी गई।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, विप्लव जैन, प्रवीण सोनी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर, कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, पी.ओ डूडा अरूण पाठक, सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की कल्याणकारी योजना पर आधारित विकास प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे उपस्थित दर्शकों द्वारा सराहा गया।कार्यक्रम में शाजापुर के बालकृष्ण मालवीय एवं उनके दल द्वारा देशभक्ति लोकगीत प्रस्तुत किये गये।देवास की सुश्री मुस्कान गोस्वामी एवं उनके दल द्वारा लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।

### चंद्र विद्या इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**सोहागपुर ।** चंद्रविद्या इंटरनेशनल स्कूल, सोहागपुर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुई।इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों को भावविभोर कर दिया।विद्यालय परिवार द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम के समापन के बाद स्कूल की प्राचार्य भावना शर्मा द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाई गई और सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### रौनक आमे और हर्षित साध हुए इंदौर में सम्मानित



**समय जगत, खिरकिया।** हरदा जिले की खिरकिया तहसील के 7 वी कक्षा में पढ़ने वाले रौनक आमे पिता दयाराम आमे मुहाल कला एवं हर्षित साध सोमगांव कला को ग्रीन लैंड हायर सेकंडरी स्कूल, इंदौर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय द्वारा क्रिकेट बैट देकर सम्मानित किया गया।दोनों बच्चों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर समाजजन सहित नागरिकगणों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया

## छात्र–छात्राओं ने गौशाला का किया भ्रमण



**पिपरिया।** सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख आनंद प्रकाश शर्मा ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात सरस्वती वंदन पूजन दीप प्रज्वलन विधि विधान पूर्वक संपन्न किए गए ।उपरांत ही छात्र/छात्राओं ने आकर्षक देशभक्ति से और ओत प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। उसे उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर बोलते हुए संस्था प्रमुख आनंद प्रकाश शर्मा ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और संविधान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी ,प्रभारी आशीष स्वामी, प्रधानाचार्य श्रीमती अंजू जाटव, ऑफिस रीडर अनीता बाथरे है। वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिका और स्टाफ मौजूद रहे अंत में मिष्ठान वितरण संपन्न हुआ। सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 11वीं 12वीं की छात्राओं और स्टाफ दल द्वारा 26 जनवरी को नजदीकी ग्राम बारी देवी स्थित गौशाला का भ्रमण किया गया, जहां पर गौशाला प्रबंधन कर्ता युद्धवीर शर्मा ने छात्र छात्राओं और स्टाफ को गौशाला के दैनिक प्रबंधन की बारीकियां से अवगत करते हुए गौशाला के अंदर भ्रमण कराया और वहां गायों की रखरखाव देखभाल व्यवस्था को भी समझाया ,छात्राएं गौशाला में हजारों गायों को अपने बीच में पाकर बेहद खुश हो गई उन्होंने गायों से संबंधित अन्य जानकारियां भी श्री शर्मा से प्राप्त की जिन्हें बताते हुए युद्ध वीर शर्मा ने वर्तमान समय में गायों की सामाजिक दशा में लोगों द्वारा पॉलिथीन के कू प्रबंधन को बहुत कुछ हद तक जिम्मेदार बताया। आपने कहा शहरों में और अब तो गांवों में भी लोग वाग समान खाली हों जाने पर पन्नीयों को यहां वहां फेंक देते हैं, जिससे गाये उन्हें निगल जाती है ,और यही बात उनके लिए दर्द नाक मृत्यु साबित होती है, इस अवसर पर छात्राओं को ऐसी मृत गायों की अस्थियां भी दिखाई दीं जहां मृत गायों के पेट में कुंटलों पॉलिथीन की पन्नीयां उलझी हुई नजर आ रही थी, जिन्हें देखकर छात्राएं और मौजूदा स्टाफ हतप्राह रह गए, इस अवसर पर सर्वोदय शिक्षण संस्था के अध्यक्ष आनंद प्रकाश शर्मा ने भी गायों की महत्वता को और शास्त्रों में वर्णित प्राणी मात्र के जीवन से जोड़कर बातें गहराई से बातें समझाई आपने आपने कहा कि गाय गोलोक से लेकर देवताओं और मनुष्य के जीवन चक्र को प्रभावित करती है शास्त्र बताते हैं ,की गाय के अस्तित्व के बिना मनुष्य या अन्य प्राणियों का अस्तित्व मुश्किल है। गौशाला भ्रमण के पश्चात छात्रों ने वहां के ग्रामीण परिवेश और वनसंपदा को भी जाना, साथी हीं (ओशो)रजनीश के ध्यान आश्रम को भी छात्राओं और स्टाफ ने बाहर से देखा और उस भी चर्चा की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष आनंद प्रकाश शर्मा, प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी, प्रभारी आशीष स्वामी, प्रधानाचार्य अंजू जाटव ऑफिस रीडर अनीता बाथरे आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में 76 आवेदनों पर हुई जनसुनवाई

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 76 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदक भंवरसिंह पिता गिरधारी निवासी ग्राम रायनापाड़ा मजा जमुनिया ने पुत्र की करंट से मृत्यु होने पर मुआवजा राशि स्वीकृत करने हेतु आवेदन दिया । कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। आवेदक अम्बाराम पिता कारूजी निवासी ग्राम इस्लामनगर तहसील जावरा ने प्रतिप्रार्थीगण द्वारा आवेदक की कृषि भूमि के रास्ते को फाड़कर, खाई खोदने एवं कांटे डालकर रास्ता बंद करने के संबंध में आवेदन दिया । कार्यवाही हेतु तहसीलदार जावरा को निर्देशित किया गया। आवेदक भुवानगिर पिता भगवानगिर निवासी असावती ने पूर्व मे मिल रही किसान सम्मान निधी जो 1 वर्ष से नही मिली है उसे पुनः चालु करने हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु तहसीलदार जावरा को निर्देशित किया गया। आवेदिका पूजा पति धीरेन्द्र निवासी भक्तन की बावड़ी ने भूमि का पट्टा प्रदान करने हेतु आवेदन दिया । कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। आवेदिका मनुडी पति नन्दु निवासी ग्राम भूतपाडा तहसील रावटी ने उज्जवला योजना अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन स्वीकृत होने के बाद भी गैस कनेक्शन की टंकी गैस एजेन्सी द्वारा नहीं देने के संबंध में आवेदन दिया । कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। धामनोद ग्राम के कृषकों द्वारा नहर की सफाई करवाने के लिए आवेदन दिया । किसानों ने बताया कि सफाई नहीं होने के कारण धामनोद बाँध से मिलने वाले नहर का पानी पिछले 3-4 सालो से नही मिल रहा है। जिससे खेत सुखे पड़े है। कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

# पीएम सूर्य घर योजना में अब तक 29 हजार 275 उपभोक्ताओं के खातों में पहुंची 228 करोड़ से अधिक की सब्सिडी

**समय जगत, भोपाल।** संभाग के 16 जिलों में पीएम सूर्यघर योजना के तहत अब तक कुल 29 हजार 273 उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। जिन्हें 228 करोड़ से अधिक की राशि सब्सिडी के रूप में उनके खातों में जमा कराई जा चुकी है। कंपनी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उपरांत विद्युत वितरण कंपनी में रजिस्टर्ड अधिकृत वेंडर से ही सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाएं। देश के करोड़ों घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। लोगों को इस योजना का लाभ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत एक किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयन्त्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। गौरतलब है कि पीएम सूर्यघर योजना का शुभारंभ 13 फरवरी 2024 को हुआ था। तब से लेकर आज दिनांक तक हजारों बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा गया है। योजना में शामिल होने के लिए आनलाइन आवेदन करना होगा। जिसके लिए पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट अथवा उपाय एप, वॉट्सएप चेटबॉट व टोल फ्री नं, 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर सब्सिडी मिले इसके लिए वेंडर और उपभोक्ता दोनों को ध्यान रखना होगा कि उनके बैंक खाते में नाम, आधार कार्ड में नाम तथा बिजली बिल में नाम एक समान होना चाहिए।

गौरतलब है कि 1 दिसंबर 2024 से स्थापित होने वाले प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सौर संयंत्रों में केवल स्मार्ट मीटर ही लगाए जा रहे हैं, जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एस.ओ.आर. रेट पर उपभोक्ताओं को प्रदान किए जा रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं द्वारा सोलर वेंडर को किए जाने वाले भुगतान में लगभग 6 से 8 हजार रूपये तक की कमी परिलक्षित हो रही है।

# प्राथमिक स्कूल झंडाखेड़ा में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**देवकरण झांजा– समय जगत,गुलाना ।** गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय झण्डा खेड़ा में झंडावंदन मुख्य अतिथि नरेन्द्र जी यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शाजापुर विशेष अतिथि अरविंद जी परमार मंडल अध्यक्ष अकोदिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश चंद जी जायसवाल, ने की अतिथि के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत नितडली प्रहलाद जी, उपसरपंच, पंचायत सचिव गोपाल परमार, जनशिक्षक पोलायखुर्द हरिनारायण परमार, सहजकर्ता शिक्षक देवी सिंह सूर्यवंशी, पंच राहुल पुरी, राकेश जायसवाल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राकेश उपाध्यक्ष मोना मानकराव इंगड़ाई, कलावती कुशवाह, गंगा बाई, माखनपुरी पटेल, प्रहलाद, शेरसिंह, राजपुरी सहित कई गणमान्य सदस्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसी अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय झण्डा खेड़ा के नवसृजन कक्ष का अवलोकन फीता काटकर किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए शाला प्रबंधन समिति झंडाखेड़ा द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय झण्डा खेड़ा के शाला प्रभारी का शिल्ड स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। इंग्लिश ओलंपियाड में जिला स्तरीय चयन पर छात्र विराट कक्षा 3 को भी सम्मान किया गया। एवं उल्लेखनीय कार्य के लिए शाला के बच्चों को मेडल प्रदान किए गए। प्रशंसा पत्र,एवं स्मृति चिह्न भी भेट किया गया। मुख्य अतिथि महोदय जी यादव एवं अरविंद जी परमार को मां शारदा के चित्र का रजत सिल्वर पत्र स्मृति चिह्न शासकीय प्राथमिक विद्यालय झण्डा खेड़ा के शाला प्रभारी आर खान द्वारा भेट किया गया। आभार मोना मानकराव इंगड़ाई के निदेशानुसार दीपक सूर्यवंशी ने किया। मिठाई वितरण एवं स्वरुचि भोज के पश्चात मुख्य मंत्री के संदेश का वाचन शाला प्रबंधन समिति की बैठक में किया गया। संचालन रमजान खान प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय झण्डा खेड़ा द्वारा किया गया। इसी अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भाजपा नरेंद्र जी यादव द्वारा मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह जी परमार से शाला परिसर को बेहतर बनाने हेतु पेपर ब्लॉक लगवाने, एवं आंगनवाड़ी के छोटे बच्चों हेतु खिलौने प्राथमिक शिक्षा हेतु जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने, का आश्वासन दिया । मंत्री जी के मद से टीन शेड 10लाख रुपया की जल्दी जारी हो जाएगी ऐसा आश्वासन दिया गया जिससे समस्त ग्रामवासी में हर्ष की लहर है।

# मातमौर जैन तीर्थ में बसाहट और मांस–मदिरा का विरोध, सकल जैन समाज ने दिया ज्ञापन

**देवास।** जिले के चापड़ा में स्थित मातमौर जैन तीर्थ में बसाहट के लिए प्रस्तावित पट्टे वितरण ओर तीर्थ क्षेत्र के आस पास मांस-मदिरा की बिक्री के विरोध में सकल जैन समाज ने जैन समाज सामाजिक संगठन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि मातमौर स्थित प्रसिद्ध श्री त्रिभुवनभानु पार्श्वनाथ - श्री मणि भद्रवीर जैन तीर्थ, मातमोर (तहसील बागली, जिला देवास) एक अति प्राचीन तीर्थ और श्रद्धा का केंद्र है, जहां की पवित्रता को लेकर वर्तमान में समाज में भारी चिंता व्याप्त है।मातमौर जैन तीर्थ के समीप की भूमि पर पट्टा वितरण प्रस्तावित है। जानकारी के अनुसार, इन क्षेत्रों में मुर्गी पालन एवं बकरी पालन जैसी गतिविधियों की योजना है, जो कि एक अहिंसक जैन तीर्थ की मर्यादा के पूर्णतः विरुद्ध है। तीर्थ के समीप वर्तमान में भी मांस एवं मदिरा की दुकानें संचालित हो रही हैं। यदि यहाँ मांसाहारी एवं व्यसन प्रधान आबादी को बसाया जाता है, तो इससे क्षेत्र का सात्विक वातावरण दूषित होगा। तीर्थ क्षेत्र में निरंतर जैन साधु-संतों का प्रवास रहता है और हज़ारों दर्शनार्थी यहाँ दर्शन हेतु आते हैं। प्रस्तावित पट्टा वितरण से यहाँ भय, अशांति और असुरक्षा का माहौल निर्मित होगा, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचेगी। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म के पालन और धार्मिक स्थलों की रक्षा का अधिकार देता है। ज्ञापन में मांग की गई कि मातमौर तीर्थ क्षेत्र के आसपास प्रस्तावित पट्टा वितरण प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। तीर्थ क्षेत्र की सीमा के भीतर मांस-मदिरा की दुकानों एवं पशुवध केंद्रों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। क्षेत्र को पवित्र क्षेत्र घोषित कर इसकी प्राचीनता और सात्विकता को संरक्षित किया जाए। तीर्थ क्षेत्र के 500 मीटर के दायरे को पूर्णतः शाकाहारी और व्यसन मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाए। ज्ञापन का वाचन संगठन सचिव दिलीप चौधरी ने किया। ज्ञापन देने पधारे सभी ट्रस्ट मंडल और समाजजनों का संगठन उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने आभार माना।उक्त जानकारी संगठन अध्यक्ष महावीर जैन ने दी। ज्ञापन देने हेतु जैन समाज के ट्रस्ट श्री ऋत्रिभुवनभानु पार्श्वनार्थ-श्री मणिभद्रवीर जैन मंदिर ट्रस्ट, शिवपुर मातमौर देवास, श्री आदेश्वर जैन श्वे. मंदिर ट्रस्ट, देवास, श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट, देवास, श्री चंदा प्रभु स्वामी मणिभद्र वीर जैन श्वे. मंदिर ट्रस्ट, देवास, श्री चन्दाप्रभु स्वामी जैन मंदिर ट्रस्ट, देवास, श्री मुनिसुव्रत स्वामी जैन श्वे. मंदिर ट्रस्ट, देवास, श्री वर्धमान स्थानक संघ ट्रस्ट, देवास, श्री दिगम्बर जैन मंदिर कवि कालिदास मार्ग ट्रस्ट, देवास, श्री दिगम्बर जैन मंदिर विजय नगर ट्रस्ट, देवास आदि।

## झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा मिठाई एवं झंडे का किया गया वितरण



**समय जगत, छिंदवाड़ा।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फिरोज खान और अन्य साथियों द्वारा बच्चों को मिठाई एवं झंडा वितरण किया गया ।

# नर्मदापुरम से जुड़ी विविध मांगों को लेकर प्रधानमंत्री– वित्तमंत्री को भेजा मेल



**नर्मदापुरम।** मप्र का एक संभागीय मुख्यालय है। यह शहर नर्मदा नदी के किनारें बसा है। इस शहर का एक गौरवषाली है जिसमें स्वतंत्रता आंदोलन में नर्मदापुरम की बड़ी भूमिका रही है। महात्मा गॉधी , जवाहरलाल नेहरू व युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का नगर आगमन हो चुका है। विकास की जो गति पूरें देष में दिखाई दे रही है उसमें नर्मदापुरम मप्र काफी पिछड़ गया है। एक संभागीय मुख्यालय के नातें नर्मदापुरम में नगर निगम , विष्वविद्यालय , आई आई टी या एन आई टी , आई आई एम , एम्स व मेडिकल कॉलेज , स्टेडियम , रेडीमेट गारमेंट फैक्ट्रीयां , सैनिक स्कूल , पूरे जिलें में फोर लेन सड़कें , शहर में पक्की चौड़ी सड़कें , अतिक्रमण मुक्त कर शहर कों सुन्दर बनाना , होना चाहिए। इन सब मांगो को लेकर शहर कें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सामाजिक कार्यकर्त्ता आनंद मिश्रा ने 14 जनवरी व 26 जनवरी 2026 को ईमेंल प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री भारत सरकार को किया है। इसमें उनने संसद के आगामी बजट में उपरोक्त सारी मांगो को पूर्ण करने के लिये निवेदन किया है। पूरी आषा है कि नर्मदापुरम की जनता की उपरोक्त सारी मांगे प्रधानमंत्री , वित्तमंत्री अवष्य पूर्ण करेंगें। जिले की समस्त जनता से भी अपील है कि वे भी अपने स्तर से इसका प्रयास करें।

## गणतंत्र दिवस समारोह में सीएमओ सम्मानित



**सुठालिया ।** पदायित्वो का सफलतापूर्वक निर्वहन करने पर राजगढ़ में आयोजित 77 वे गणतंत्र दिवस समारोह में स्थानीय मुख्य नगर पालिका अधिकारी रईस खान को प्ररस्ती पत्र देकर जिला कलेक्टर डा गिरीश मिश्रा राजगढ, सांसद रोडमल नागर साहब विधायक अमर सिंह यादव एवम पुलीस अधिक्षक अमित तोलानी राजगढ़ द्वारा सम्मानित किया गया । किया गया । उल्लेखनीय हे की श्री खान ने एस आई आर सर्वे सहित अन्य कार्यों में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई इसी के चलते उन्हें सम्मानित किया गया ।

# मैहर में जननायक कर्पुरी ठाकुर जयंती समारोह का हुआ आयोजन




**मैहर।** एस.सी., एस.टी. एवं ओ.बी.सी. महासभा के तत्वावधान में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती समारोह का आयोजन संत रविदास जी आश्रम, देवीजी रोड, मैहर में किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। समारोह में देवदत सोनी की विशेष व प्रभावशाली भूमिका रही। अपने संबोधन में उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के सामाजिक न्याय, समानता एवं वंचित वर्गों के उत्थान से जुड़े विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। देवदत सोनी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी का जीवन संघर्षशील समाज के अधिकारों के लिए समर्पित रहा है और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जेपी शास्त्री जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, मौलिक अधिकार पार्टी) रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. आई.एस. वर्मा (पूर्व विधायक, मझगवां) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार कोल, एडवोकेट पी.के. शुक्ला एवं बी.एल. सेन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट राजेन्द्र सेन एवं वीरेन्द्र सिंह कुसेड़ी द्वारा किया गया।

समारोह में उपस्थित गणमान्यजनों में आर.जी. सेन (कटनी), रामसनेही सेन, लक्ष्मण सेन, अशोक सेन, अमृतलाल पटेल (किसान नेता), स्वामीदान कुशवाहा (समाजसेवी), रवि पटेल, विनोद नायक, रघुनाथ सेन, लालजी सेन, जितेन्द्र सेन, आदर्श सेन, राजेश सेन, सुमित सेन, वीरेन्द्र वर्मा, अवधेश सेन, राजू सेन, विक्रम सेन, जितेन्द्र कुशवाहा, प्रह्लाद कोल, सम्पत कोल, उमेश कोल, अशोक कुशवाहा, श्यामलाल सेन, शंकरलाल सेन, संजय सेन, अजय सेन, रानी प्रजापति एवं पंकज कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन एवं नागरिक शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

# भारतीय किसान संघ तहसील इकाई सिराली द्वारा एक दिवसीय धरना- प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

### भावांतर राशि सहित कई प्रमुख मांगें हैं शामिल



**समय जगत, हरदा।** भारतीय किसान संघ तहसील सिराली द्वारा कृषि उपज मंडी में दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक अपनी मांगों को लेकर धरना दिया इसके बाद संगठन द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से मांग है कि इस वर्ष गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर की जाए,सोयाबीन की भावांतर राशि शीघ्र किसानों के खातों में डाली जाए, आगामी रवि सीजन में गेहूं एवं चने के साथ मक्का की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए, गंजाल मौरण्ड संयुक्त सिंचाई परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए,ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए माचक नहर में पर्याप्त पानी दिया जाए,सिराली तहसील अंतर्गत किसानों के खेतों तक जाने वाले मार्गो का अतिक्रमण हटाया जाए,सिराली तहसील में किसानों के अविवादित नामांतरण एवं सीमांकन के प्रकरण निश्चित समय अवधि में पूर्ण किया जाए,ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए किसानों को कृषि विभाग द्वारा उन्नत किस्म के बीज समय से पूर्व उपलब्ध करवाया जाए,सप्ताह में एक दिन अनुविभागीय अधिकारी सिराली तहसील मुख्यालय पर बैठना सुनिश्चित करें, मेंटेनेंस के नाम पर बिजली विभाग बार-बार बिजली कटौती बंद करें, सरकार के घोषणा पत्र अनुसार किसानों को बारह घंटे दिन में बिजली दी जाए,ई-टोकन से रासायनिक उर्वरक वितरण व्यवस्था पारदर्शिता पूर्ण बनाई जाए,सिराली तहसील मुख्यालय पर नगद खाद वितरण केंद्र के लिए संगठन द्वारा सुझाए गए स्थान पर विपणन संघ को वेयर हाउस निर्माण की अनुमति दी जाए, सिराली तहसील क्षेत्र में जितनी भी गोचर भूमि है उसे अतिक्रमण मुक्त कर गौ अभ्यारण बनाया जाए, सिराली नगर के मुख्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए । इन सभी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सिराली तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रांत मंत्री- शैतान सिंह राजपूत,जिला सदस्य- विनय पटेल,तहसील अध्यक्ष विजेश मुकाती,तहसील उपाध्यक्ष सुरेश जोशी,तहसील मंत्री जितेंद्र शर्मा,तहसील सह मंत्री दिनेश राजपूत,युवा वाहिनी संयोजक नीरज कुशवाहा,रूप सिंह राजपूत, प्रदीप पाटील,महेश राजपूत,बद्री प्रसाद मुकाती,संजय कुशवाहा, हरिओम गौर सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

## जीनियस प्लानेट में गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए रंगारंग कार्यक्रम

**समय जगत, इटारसी ।** जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पूरे जोश और उल्लास से मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस द्य इस समारोह में अतिथि के रूप में श्रीमती राधा दयाल, श्रीमती अजिता शुक्ला, श्रीमती प्रीति दुबे, श्रीमती रेणु कोहली, श्रीमती कुमुद बाजपेई ने उपस्थित होकर तिरंगा फहराया हुए द्य इस अवसर पर स्कूल संरक्षक यूनिस सिद्दीकी, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सुनील सचान, स्कूल पीटीए अध्यक्ष सर्वजीत सिंह सैनी, राकेश दुबे, हैप्पी थाटस फाउंडेशन की पूनम गुरुवानी, मनीषा बिजलानी, निशा चतुर्वेदी, लायंस समर्पण अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव अनिल साहू, नवल चौहान, मनोज गालर, लायंस पंख से जया गांधी, वनिता अग्रवाल, पूनम शर्मा के साथ ही स्कूल की अन्य कमेटी सदस्य धर्मिशा यादव, पल्लवी सिंह के साथ ही कई अभिभावक मौजूद रहेद्य अतिथियों का स्वागत संचालकद्व जाफ़र मनीता सिद्दीकी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गयाद्य तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए साथ ही कुछ विद्यार्थियों द्वारा गणतंत्र दिवस पर अपने विचार रखे द्य विद्यार्थियों द्वारा माँ तू याद आती है, धरती माँ क़ो बचाओ, जय जवान जय किसान औऱ महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप की प्रस्तुतियों ने खूब वाह वाही लूटीद्य साथ ही कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों के लिए फेंसी ड्रेस हुआ जिसमें 183 विद्यार्थियों ने भागीदारी की पहली थीम गॉड की रही जिसमें बच्चे राम, लक्ष्मण, हनुमान, माँ काली आदि भगवान रूप के साथ ही फ्रीडम फाइटर, समाज के हेल्पर, प्रकृति थीम पर बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दीद्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और स्टेज पर दी गई प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कीद्य उपस्थित द्वारा कार्यक्रम ने भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरुष्कार वितरित कियेद्य उपस्थित सभी जनों का आभार संचालक मनीता सिद्दीकी द्वारा व्यक्त किया गयाद्य पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया गया ।

## सार संक्षिप्त

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन

**इटारसी ।** नर्मदापुरम जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी के नेत्रत्व में कांग्रेस जनो ने एस.आई. आर. पुर्नरीक्षण 2026 के संबंध में प्राप्त दावों, आपत्तियों और त्रुटियों के नियमों के अनुसार निष्पक्ष जांच और अवलोकन कर न्यायपूर्वक नाम हटाए या जोड़े जाएं । यह ज्ञात हुआ है कि विधानसभा क्रमांक 137 और 138 में कुछ नामों पर जो आपत्ति की गई है वह गलत है ।एक समुदाय विशेष को लक्षित कर उन नामों पर आपत्ति की जा रही है और उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित करने की कोशिश की जा रही है, जो न्यायसंगत नहीं है ।इन्हीं सभी बिंदुओं को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय और नगर कांग्रेस समिति के अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी द्वारा एक ज्ञापन स.ष्ठ.रू प्रतिक राव तहसीलदार सुनीता सहनी एवं नायक तहसीलदार उइके जी को ज्ञापन सौंपा । इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम सेन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन झालिया, जिला संगठन मधुसूदन यादव, अभय दुबे, किसान नेता बाबू चौधरी, अजय मिश्रा,पंकज राठौर पूर्व अध्यक्ष संजय दुबे एडवोकेट ज्ञानेंद्र मालवीय, शेख रामजान जी, नारायण गौर, गुफरान अंसारी, निलेश मालोनिया विकास जैन, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार लाली सलूजा, अभय दुबे राजेंद्र मालवीय, एडवोकेट अनिल बस्तरवार, राजेंद्र गोस्वामी मुकेश चौधरी, नीलेश मालोनीय, विकास जैन सुशील बस्तरवार, अतुल तिवारी, बसंत आसरे, विनोद चौधरी, सोनू बकोरिया, रंजीत सिंह ठाकुर, असपद्मक खान, कृष्ण चौधरी, अर्जुन कुचबंदिया, मोहम्मद कादिर, मयंक कालोसिया युवा नेता, मुकेश रघुवंशी, लक्की भाईजान अनिप कांचीले, संतोष वामने, प्रमोद कालोसिया ।

### माता बिजासन की पूजा उपरांत हुआ पंचम महायज्ञ के लिए इंद्र ध्वज पूजन



**पवन पाटीदार- समय जगत, भ्याना ।** बुधवार को चैत्र नवरात्रि में माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में आयोजित होने वाले पंचम 108 कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ की सफलता एवं लोककल्याण की मंगलकामना के लिए विधिवत माता बिजासन की पूजा-अर्चना की गई । इस अवसर पर जगतजननी माँ भगवती से यज्ञ की निर्विघ्न सम्पन्नता के लिए प्रार्थना की गई तथा ग्राम में विराजित समस्त देवी-देवताओं का आव्हान किया गया । सबसे पहले ग्राम पटेल भागीरथ प्रसाद नागर के नेतृत्व में , भंवर पूरी गोस्वामी ,विष्णु सेन ,सरदार सिंह प्रजापति ,भागीरथ मालवीय द्वारा ग्राम की सीमा में विराजित सभी देवी देवताओं का पूजन परम्परागत तरीके से किया गया ।

उसके बाद माता बिजासन की पूजा-अर्चना उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञाचार्य पंडित इंद्रजीत पाराशर, ग्रामाचार्य ओम प्रकाश पाठक ,पंडित अनिल व्यास द्वारा इंद्र देव का आव्हान किया गया विधिविधान विधिवत इंद्र ध्वज पूजन किया गया एवं इंद्र ध्वज का शुभारोहन किया गया, जिससे क्षेत्र में सुख-समृद्धि, वर्षा, शांति एवं कल्याण का संचार हो ।

इस पावन अवसर पर जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर,पटेल भागीरथ प्रसाद नागर,मुख्य यजमान सत्यनारायण माहेश्वरी ,पुजारी कैलाश पण्डाजी सर,जनपद उपाध्यक्ष कैलाश नागर ,पन्नालाल नागर ठेकेदार,समाजसेवी हेमराज पटेल ,विष्णु नागर शिव सेठ ,राजेश भंडारी,दुर्गेश पण्डाजी ,बिट्ठल नागर दुर्गेश प्रजापति , तथा आयोजन समिति के सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे ।

इस वर्ष चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित होने वाला यह महायज्ञ पांचवां 108 कुंडिय महायज्ञ होगा जो चैत्र के गुड़िपडवा एकम दिनांक 19 मार्च को शुरू होगा इसी दिन विशाल कलश यात्रा के साथ विधिवत यज्ञ की शुरुआत हो जाएगी इसी दिन शाम 4 बजे से रामकथा की शुरुआत होगी नो दिन तक चलने वाले महायज्ञ एवं रामकथा का समापन रामनवमी के पावन अवसर पर दिनांक 27 मार्च को यज्ञ पूर्णाहुति ओर रामकथा का समापन वा महाप्रशादि का वितरण किया जाएगा । ,वही इस बार प्रेममूर्ति पंडित प्रेमभूषण जी महाराज अयोध्या धाम द्वारा कथा व्यास पीठ पर विराजित होंगे ।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान पर शिक्षिका संजूलता सिंगौर सम्मानित



**मंडला।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा मंडला द्वारा श्रीमती संजू लता सिंगौर, शिक्षक, को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के अंतर्गत प्रथम चरण के कार्य में उल्लेखनीय एवं सराहनीय योगदान देने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने उनके द्वारा निर्वाचन संबंधी कार्यों को जिम्मेदारी, निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने की सराहना की। श्रीमती सिंगौर ने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सका। उल्लेखनीय है कि श्रीमती संजूलता सिंगौर एक कुशल एवं समर्पित शिक्षिका होने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी निरंतर सक्रिय रहती हैं। शिक्षा के क्षेत्र के अलावा वे समाजसेवा, जन-जागरूकता एवं प्रशासनिक अभियानों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती रही हैं। उनके इस सम्मान से न केवल शिक्षा जगत बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी हर्ष का वातावरण है। सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सोशल मीडिया का शातिर शिकारीः रेलवे अफसर बनकर युवतियों को फंसाता रहा आरोपी



**आनंद शर्मा- समय जगत अम्बिकापुर ।** सोशल मीडिया के जरिए युवतियों को झांसे में लेने वाले एक शातिर युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को रेलवे विभाग का अफसर बताकर फर्जी पहचान के सहारे युवतियों से संपर्क करता था और उन्हें शादी व सरकारी नौकरी का सपना दिखाता था। पुलिस के मुताबिक बिहार के पटना निवासी मोहम्मद महफूज ने फेसबुक पर तरुण पैकरा नाम से फर्जी आईडी बनाई थी। वह विशेष रूप से पैकरा सरनेम वाली युवतियों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजता और विश्वास जीतने के बाद अपना नाम स्वराज पैकरा बताकर खुद को बिलासपुर में पदस्थ रेलवे अधिकारी बताता था।

**होटल में बुलाकर की छेड़छाड़ :** दो दिन पहले आरोपी अम्बिकापुर पहुंचा और एक आदिवासी युवती को मिलने के लिए बुलाया। शहर के एक होटल में फर्जी नाम से कमरा बुक कर वह दो दिन तक रुका। इसी दौरान युवती को संदेह हुआ। आरोपी के बाहर जाने पर जब युवती ने उसका बैग चेक किया तो उसमें असली आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी सच्चाई सामने आ गई।

**शिकायत के बाद तत्काल कार्रवाई :** युवती की सूचना पर गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी ने अम्बिकापुर की एक अन्य युवती, जो माइक्रो फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है, से 54 हजार रुपये की ठगी भी की थी।

**हकीकत कुछ और निकली :** पुलिस जांच में सामने आया कि खुद को रेलवे अफसर बताने वाला आरोपी असल में पटना में एक कपड़े की दुकान में काम करता है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने युवतियों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति से सतर्क रहें और जरा भी संदेह होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# नशे पर सिराली पुलिस का करारा वार: 5 किलो 700 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**समय जगत खिरकिया सिराली।** जिले के सिराली थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 57 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रेस नोट के अनुसार थाना सिराली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बंदीमुहाडिया क्षेत्र में एक व्यक्ति गांजा लेकर बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली, जिसमें उसके पास रखे बैग से 5 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर गांजा जब्त किया और आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम और पता बताया, जिसके आधार पर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से गांजा की तस्करी में शामिल हो सकता है।आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसकी सप्लाई किन लोगों तक की जानी थी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की इस कार्रवाई को अहम माना जा रहा है।

## कार्यवाहक अध्यक्ष हर्षित ठाकुर ने बुरहानपुर के लोधीपुरा की हम्माल यूनियन कार्यालय पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर फहराया झंडा

**बुरहानपुर ।** सोमवार सुबह 9 बजे गणतंत्र दिवस का पर्व जिले में बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष हर्षित ठाकुर के द्वारा झंडा फहराया गया । पर्व को लेकर सभी में उत्साह का माहौल देखने को मिला । कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष हर्षित ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपने संविधान को लागू कर एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित की । गणतंत्र भारत की शक्ति, आत्मसम्मान और लोकतांत्रिक चेतना का मूल आधार है । संविधान से प्राप्त अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है । जिस के बाद सभी ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी । तो वही स्वर्गीय पूर्व सांसद ठाकुर शिवकुमार सिंह की जयंती का कार्यक्रम आयोजित हुआ । ठाकुर शिवकुमार सिंह श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई इस मौके पर सौराभ कुरैशी, निर्मित शाह अब्दुल नईम , कबीर खान ,इकबाल उद्दीन,शेख सद्दाम , शेख मोहसिन,फिरोज खा, शेख साबिर,मोहम्मद कलीम,दत्तगिर खान,संदीप तायड़े,कैलाश मोरे,पान पाटील, शेख एजाज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी में एनएसएस के तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**समय जगत, ब्यौहारी।** शासकीय महाविद्यालय, ब्यौहारी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 77वाँ गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त गुरुजन, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। इन प्रस्तुतियों में देशभक्ति गीत, कविता पाठ एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहे, जिन्हें उपस्थित जनसमूह द्वारा खूब सराहा गया। छात्रों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी जीवंत एवं प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान के मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था अत्यंत अनुशासन, सेवा भाव एवं जिम्मेदारी के साथ संभाली गई। मंच संचालन से लेकर कार्यक्रम की व्यवस्था तक स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति, एकता और अखंडता के संकल्प के साथ किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणास्त्रोत एवं गौरवपूर्ण क्षण रहा।

# गणतंत्र दिवस पर संस्थाओं में हुआ झंडावंदन, ब्लॉक स्तरीय मुख्य समारोह में हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**समय जगत, सिरोंज।** गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर क्षेत्र की सभी शासकीय व अषासकीय संस्थाओं में झंडावंदन संस्था प्रमुखों द्वारा किया गया। साथ ही ब्लॉक स्तरीय मुख्य समारोह संदीपनि स्कूल प्रांगण में पौने नौ बजे से आयोजित किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू द्वारा रथ व कचरा गाड़ी के साथ झांकी निकाली गई और प्रदेश में 42 वां व देश में 43 वां स्थान स्वच्छता के मामले में सिरोंज का आने पर लोगों का आभार जताया गया और स्वच्छता के लिये लोगों से सहयोग की अपील की गयी। इसके पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पाबाई हमीर सिंह यादव द्वारा झंडावंदन किया गया। और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन हुआ। कार्यक्रम के समापन पर मंचासीन अतिथि जनपद अध्यक्ष, कुरवाई विधायक प्रतिनिधि राकेश शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष संजीव माथुर, हमीर सिंह यादव, जितेन्द्र बघेल, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, एलबीएस कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने स्कूलों को पुरस्कृत किया गया और पटवारी सुनील यादव, एसडीएम रीडर अरविंद विश्वकर्मा, तहसीलदार बाबू वीरू जाटव, बंटी अहिरवार आदि को उत्कृष्ट कार्य करने पर पशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसदौरान एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर, जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण मौजूद रहे। न्यू स्टार पैट्रोल पंप पर मैनेजर नसीम खांन द्वारा झंडावंदन किया गया, पत्रकार भवन में पत्रकार संघ के अध्यक्ष रोहिताश्व शर्मा सहित मुकेश रघुवंशी ने झंडावंदन किया। इस दौरान पत्रकारगण मौजूद रहे। इसके साथ ही कांग्रेस द्वारा ढाल बाजार में झंडावदन किया गया। इस दौरान नगराध्यक्ष सेफू गौरी, अंसार खांन, सुरेन्द्र रघुवंशी राजेन्द्र रघुवशी, राकेश शर्मा, नसीम खान, भरतदीप मेहता, अकबर अली, आसिमदांद खांन, सादिक कुरैशी, सुभान गौरी, अर्जुन सिंह दांगी, जयकुमार साहू, चंद्रशेखर तिवारी, बिलकिस जहां, गगनेन्द्र रघुवंशी, सुशीला वंषकार, पूरन साहू आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे। भाजपा द्वारा पुरानी सब्जी मंडी स्थित मुखर्जी चौक पर नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह द्वारा झंडावंदन किया गया। नपा में अध्यक्ष मनमोहन साहू द्वारा झंडावंदन किया गया। इसदौरान उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, सीएमओ रामप्रकाश साहू सहित पार्षदगण एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। मंडी में प्रशासक एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा द्वारा झंडावंदन किया गया । इसदौरान सचिव एलएन भिलाला मौजूद रहे। क्षेत्र की ग्राम पंचायतों झंडावंदन किया गया। इसदौरान देवपुर में सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन राजपूत मौजूद रहे।

# प्रीति संजीव सूरी की पहल पर निगम कार्यालय में पहली बार आयोजित हुई महापौर जनसुनवाई




**कटनी।** जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं का पूरा संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध तरीके से निराकरण कराने के उद्धेश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अभिनव एवं संवेदनशील पहल पर मंगलवार 27 जनवरी को नगर निगम के एम आई सी कक्ष में पहली बार महापौर जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याएं पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्या का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था आईएचएसडीपी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अतिक्रमण, ड्रेनेज, पात्रता पर्ची, सहित नगर विकास से जुड़ी कुल 26 आवेदनों एवं समस्याओं पर सुनवाई की जाकर 9 प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही कराते हुए मौके पर ही प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। इस दौरान बिना आवेदन समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे नागरिकों को आवेदन लिखने की सुविधा भी महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर प्रदान की गई। जनसुनवाई के दौरान पार्षद श्रीमती वंदना राजकिशोर यादव, शकुंतला सोनी सहित निगम के अधिकारी उपायुक्त शैलेष गुप्ता, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, असित खरे, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री आदेश जैन, उपयंत्री जे.पी सिंह बघेल, अश्विनी पांडेय, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह योजना प्रभारी सनद विश्वकर्मा, रविशंकर पांडेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो से पहुंचे 9 नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं पर महापौर श्रीमती सूरी के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करवाई जाकर संबंधितों को प्रमाणपत्र का वितरण भी किया गया। इस दौरान वंशस्वरूप वार्ड निवासी आलिया असलम की लाड़ली बहना योजना में ई-केवाईसी, रामकृष्ण परमहंस वार्ड निवासी अंशिका शुक्ला एवं इंदिरा गांधी वार्ड शिवाजी नगर निवासी अदिती साहू , नेहरू वार्ड हाउसिंग बोर्ड निवासी पूर्वी गर्ग, गांधी गंज निवासी कृष्ण कुमार सरावगी की लाड़ली लक्ष्मी योजना में लाभ हेतु प्रमाणीकरण का कार्य किया ।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य समारोह में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने राष्ट्रध्वज फहराकर ली परेड की सलामी



**दमोह।** जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देश की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, जिले भर में शान से फहराया। मुख्य समारोह स्थानीय स्टेडियम मैदान में आयोजित किया गया जिसमें संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रातरू 9 बजे राष्ट्रध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी सहित परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक अभिनव साहू के साथ सलामी परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने हर्षोउल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे गगन में मुक्त किये। राज्यमंत्री ने माला पहनाकर और साल श्रीफल भेंट कर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व गुण के फलस्वरूप यह संभव हुआ है। आज संपूर्ण विश्व में भारत की गरिमा बढ़ रही है। भारत को पूरी दुनिया में सम्मान की नजर से देखा जा रहा है। हमारे देश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। खेती किसानी करने वाले भाईयों के जीवन में मुस्कान लाने के लिए बहुआयामी प्रयास किए गए। मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

### केंद्रीय विद्यालय में कलेक्टर ने राष्ट्रध्वज फहराया



**समय जगत,दमोह।** देश के 77 वें गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय विद्यालय दमोह में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने राष्ट्रध्वज फहराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य धर्मेन्द्र सिंह और शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कलेक्टर कोचर ने यहां विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक एवं आकर्षक देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री कोचर ने एक कदम स्वच्छता की ओर के तहत विद्यालय की ओर से छात्रों के अभिभावकों को थैले का वितरण किया। उन्होंने छात्रों को पुरूस्कार भी वितरित किये। इसके पहले कलेक्टर ने छात्रों के पालकगणों से भेंट की।

# पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग पर एसबीआई कर्मियों ने की काम बंद हड़ताल

## बैंकिंग सेवाएं रहीं ठप्प, नागरिक हुए परेशान




**कटनी।** भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों की एक दिवसीय हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर हुआ यह आंदोलन दरअसल सरकार और नीति-निर्माताओं के प्रति एक स्पष्ट संदेश है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग व्यवस्था पर जिम्मेदारियों का बोझ तेजी से बढ़ा है। डिजिटल लेन-देन का विस्तार, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, ऋण वितरण की जवाबदेही और ग्राहक अपेक्षाओं का बढ़ता दबाव इन सबके बीच बैंक कर्मचारी सीमित संसाधनों और अपर्याप्त अवकाश के साथ काम करने को विवश हैं। ऐसे में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग कोई विलासिता नहीं, बल्कि कार्य-जीवन संतुलन की बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। हड़ताल का सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ा। नकद निकासी, पेंशन, वेतन भुगतान और जरूरी बैंकिंग कार्यो के लिए शाखाओं तक पहुंचे लोग निराश होकर लौटे। जब भी व्यवस्था और कर्मचारियों के बीच संवाद टूटता है, उसकी कीमत अंततः आम जनता को चुकानी पड़ती है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस यूएफबीयू के आह्वान पर मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक एसीबीआई के कर्मचारियों ने एकदिवसीय हड़ताल की। हड़ताल के चलते जिले की सभी एसबीआई शाखाओं में कामकाज पूरी तरह ठप रहा, जिससे बैंकिंग सेवाओं पर निर्भर आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नकद लेन-देन, चेक क्लियरेंस, पासबुक एंट्री, ऋण संबंधी कार्य और अन्य जरूरी सेवाएं प्रभावित रहीं। हड़ताल में शामिल बैंक कर्मियों ने बताया कि यह आंदोलन उनकी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर किया गया है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग बैंकिंग क्षेत्र में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने और सप्ताह में दो दिन का अवकाश सुनिश्चित करने की है। उनका कहना है कि इस मांग को लेकर कई बार सरकार और संबंधित प्राधिकरणों का ध्यान आकर्षित किया गया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से अभियान भी चलाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। बैंक कर्मचारियों के अनुसार, हाल के वर्षो में बैंकिंग कार्यभार में लगातार वृद्धि हुई है। डिजिटल बैंकिंग, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, ऋण वितरण और ग्राहक सेवा की जिम्मेदारियों के कारण कर्मचारियों पर मानसिक और शारीरिक दबाव बढ़ता जा रहा है।

# शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

**विदिशा।** मंगलवार को ग्राम पंचायत सोराई के ग्राम बराखेड़ा के ग्रामीण बड़े संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और जनसुनवाई में आवेदन दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा मंदिर सहित अन्य शासकीय जगह पर अतिक्रमण किया जा रहा है जिसके कारण से ग्रामीण काफी परेशान हैं। इसका विरोध करने पर ग्रामीणों के साथ झूठी हरिजन एक्ट की शिकायत कराई जाती है जिसके कारण ग्रामीण डरे हुए हैं। ग्रामीणों ने आवेदन देकर गांव की शासकीय भूमि पर कब्जे हटाने की मांग की है।

मंगलवार को बराखेड़ा के ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम आवेदन दिया गया। इस दौरान ग्रामीण सूरत सिंह, योगेंद्र सिंह, धर्मेंद्र, राजकुमार राजपूत ने बताया कि रिटायर्ड पुलिसकर्मी और उनके परिवार के लोगों द्वारा मंदिर की जगह पर अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि शासकीय हैंडपंप और प्राथमिक शाला भवन की जगह पर भी कब्जा किया हुआ है। उन्होंने कहा कि कई बार आवेदन दे चुके हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं होती है। उन्होंने कहा कि शंकरजी का मंदिर बन रहा है और निर्माण कार्य कॉकरोच का निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि गांव के शासकीय रास्ते पर भी अतिक्रमण कर सकरा कर दिया गया है जिसके कारण से वाहन निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की पुराना पेड़ काटकर रास्ता चौड़ा किया था, लेकिन अतिक्रमण कर संकरा कर दिया है। इसी प्रकार स्वर्गीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पोती डीआर रूपाल पुत्री रमेश चंद मंदोईया ने बताया कि पटवारी अजय कुमार चौधरी द्वारा नक्शा और नंबरों में अदला बदली की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो नंबर पहले 111 था उसे ऊपर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि खसरा नंबर 112 की नपती के वक्त मुझे पटवारी अजय चौधरी द्वारा सूचना नहीं दी गई थी। खसरा नंबर क्रमांक 112 के बगल से एक तरफ मेरा भूखंड खसरा क्रमांक 113 है एवं दूसरी दूसरी तरफ सर्वे नंबर 111 भूखंड स्थित है, जिसमें अभी तक कोई मकान नहीं बना है। उक्त भूमि खुली हुई है।

# प्रभारी मंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, परेड की ली सलामी



**समय जगत, पन्ना।** राष्ट्रीय पर्व एवं देश का 77वां गणतंत्र दिवस समारोह पन्ना जिले में भी हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउण्ड पन्ना में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन बजाई गई और हर्ष फायर किया गया। ध्वजारोहण पश्चात प्रभारी मंत्री श्री परमार ने खुली जिप्सी में कलेक्टर ऊषा परमार एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के साथ परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने नागरिकों के नाम संबोधित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन कर आकाश में गुब्बारे छोड़े। राष्ट्रपति एवं सेना के सर्वोच्च कमांडर का जयघोष किया गया। समारोह में परेड की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद अतिथियों ने टोली नायकों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर प्रजातंत्र रक्षकों का सम्मान भी किया गया। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल के बच्चों ने देश भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। अपार उत्साह के साथ बच्चों द्वारा बैण्ड की धुन पर सामूहिक पीटी प्रदर्शन भी किया गया। गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में शासकीय विभागों की अलग-अलग थीम पर केन्द्रित झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं। कार्यक्रम उपरांत उत्कृष्ट परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। सशस्त्र परेड में जिला पुलिस बल पुरूष की टुकड़ी को प्रथम, जिला पुलिस बल एवं एसएएफ की टुकड़ी को द्वितीय और जिला पुलिस बल महिला की टुकड़ी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि गैर शस्त्र परेड सीनियर वर्ग में वन विभाग उत्तर वन मंडल की टुकड़ी को प्रथम, एनसीसी सीनियर डिवीजन छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना की टुकड़ी को द्वितीय और एनएसएस महिला दल की टुकड़ी को तीसरा स्थान मिला। निःशस्त्र परेड जूनियर वर्ग में शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना के गाइड दल को प्रथम, शौर्या दल की टुकड़ी को द्वितीय तथा स्काउट दल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर नपा दैनिक वेतन भोगी सड़क पर, नहीं मानी मांगें तो सफाई व्यवस्था होगी ठप्प



**राजगढ़।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन कांग्रेस के बैनर तले जिला अध्यक्ष वीरू कछवाए के आव्हान पर ब्लॉक अध्यक्ष पवन घेंघट के नेतृत्व में नगर पालिका में फैली अव्यवस्था पूर्ण कार्यशैली के चलते सफाई कर्मियों द्वारा विरोध दर्ज कराते हुए मंगलवार 27 जनवरी को लामबंद होकर शहर के मंगल भवन परिसर में एकत्रित हुए। जहां सभी के द्वारा अपनी सात सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर जुलूस की शक्ल में नगर पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां नपा सीएमओ पवन अवस्थी के नाम सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का निराकरण शीघ्र कराए जाने की बात कही गई। वहीं 28 जनवरी को शाम पांच बजे तक सौंपे गए ज्ञापन की सात सूत्रीय मांगों का निराकरण न होने पर 29 जनवरी से समस्त सफाई दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी काम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी सफाई कर्मियों द्वारा नपा प्रशासन पर थोपी गई व सात सूत्रीय ज्ञापन में जहां भेदभाव पूर्ण वेतन भुगतान की बात कही गई । वहीं सफाई निरीक्षक की कार्यशैली पर भी असंतोष जाहिर किया गया। वहीं साप्ताहिक अवकाश का मुद्दा भी सफाई कर्मियों द्वारा उठाया गया और बताया गया कि पूर्व में 9 सीएल नपा द्वारा दी जाती थी लेकिन सालों से छुट्टी नहीं दी जा रही है। स्मरण रहे की पूर्व में सफाई कर्मियों को दो माह का वेतन भुगतान होना था, जिसके भुगतान का आश्वासन विधायक राजगढ़ द्वारा दिया गया था। किंतु सफाई कर्मियों को एक माह का ही वेतन दिया गया। वहीं सफाई कर्मियों द्वारा कलेक्टर रेट से वेतन भुगतान किए जाने की बात फिर दोहराई गई। साथ ही शासन द्वारा नियत समय से अधिक ओवर टाइम कार्य कराया जा रहा है और न तो निर्धारित सफाई कर्मियों को नपा की अधिकृत ड्रेस और न ही पर्याप्त संसाधन दिए जा रहे हैं।

# ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में आयोजित हुआ जन चौपाल कार्यक्रम

# जी राम जी कानून के क्रियान्वयन से बनेगी गांवों के समग्र विकास की बेहतर कार्ययोजना : प्रभारी मंत्री



**पन्ना।** पन्ना उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी बिल गांव की समग्र विकास की बेहतर कार्ययोजना तैयार करने का आधार बनेगा। इसके जरिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वावलंबी भारत के निर्माण का स्वप्न भी पूरा होगा। जी राम जी के माध्यम से ग्राम पंचायतें गांव के विकास के लिए कार्य का स्वनिर्धारण कर स्वयं इसका क्रियान्वयन भी करेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए स्वावलंबी ग्राम और स्वावलंबी मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में कार्य करना आवश्यक है। प्रभारी मंत्री गणतंत्र दिवस के अवसर पर पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए और ग्रामवासियों एवं कृषकों से संवाद कर सरकारी योजनाओं के लाभ संबंधी जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने विकसित एवं स्वावलंबी भारत के संकल्प का आह्वान किया और जी राम जी कानून के लाभ भी बताए। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पूर्व के मनरेगा योजना को संशोधित कर नवीन रूप में और सशक्त बनाया गया है। यह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मददगार होगा। साथ ही पारदर्शी तरीके से श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान प्राप्त होगा और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी।

# प्रभारी मंत्री ने झंडावंदन कर ली परेड की सलामी



**विदिशा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के पावन पर्व पर विदिशा जिला मुख्यालय पर आयोजित गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने तिरंगा फहरा कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री का जनता के नाम भेजे गए संदेश का अभिकल वाचन किया। इसके पश्चात् प्रगति के प्रतीक गुब्बारों को मुक्त आकाश में छोड़ा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने विदिशा के पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित समारोह में खुली जीप में सवार होकर परेड़ का निरीक्षण किया। उनके साथ कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी भी मौजूद थे। समारोह में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, शौर्यादल के द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। गणतंत्र दिवस अमर रहे के नारो के बीच हर्ष फायर किया गया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने मीसाबंदियों का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री लखन पटेल, विधायक मुकेश टण्डन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा समेत अन्य अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों एवं उत्कृष्ट परेड प्रस्तुत करने वाले प्रथम तीन और विभागीय प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाली विभागीय झांकियों को निर्णायकों के चयनित आधार पर सम्मानित किया गया है। गौरतलब हो कि 15 विभागो के द्वारा विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों पर आधारित झांकियों का रेखांकन मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया था। शैक्षणिक संस्थाओं के विद्याार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों पर दर्शकगण एकटक मंत्रमुग्ध होकर देखते रहे। जिला मुख्यालय पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी, पूर्व कॉपरेटिव बैंक के द्वय अध्यक्ष बाबूलाल ताम्रकार, श्याम सुन्दर शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। जिला भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष द्वारा झंडा वंदन किया गया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा द्वारा नगर पालिका कार्यालय पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडा वंदन किया गया।

# पुलिस की पहल नागरिकों ने लगवाए सीसी कैमरे, सुरक्षा के लिए रखी जाएगी नजर



**सुठालिया।** शहर में आए दिन हो रही छुटपुट चोरी की वारदातों व अन्य घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने नवाचार करते हुए एक अभिनव पहल की है थाना प्रभारी अनिल राहोरिया नगर की सुरक्षा के लिए मैं हूं नगर का सजक प्रहरी नाम से अभियान चलाया है जिसके तहत शहर के व्यापारियों को पुलिस के साथ परस्पर समन्वय बनाया जाएगा साथ ही व्यापारियों व आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए शहर के मुख्य चौराहो व सड़क पर कैमरे लगाने की अपील की थी जिसके तहत नगर के छह व्यापारियों ने 13 कैमरे नगर सुरक्षा के लिए पुलिस को सौंप दिए हैं साथ ही दो कैमरे मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता प्रीतीश ठाकरे ने दो कैमरे लगवाएं हैं अब इन 15 केमरो से शहर के मुख्य चौराहे के साथ ही मुख्य बाजार की सड़क की 24 घंटे निगरानी हो सकेगी बता देगी सुठालिया गुना जिले की सीमा से सटा हुआ है यही कारण है कि यहां पर चोरी की वारदातें लगातार होती रहती है कुछ महीना पहले भी यहां पर एक डकैती की योजना करने के उद्देश्य से दो दर्जन के करीब हथियार बंद बदमाश नगर में घुस आए थे इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने इस अभियान को शुरू किया है इसके प्रथम चरण में 15 कैमरे लगाए गए हैं थाना प्रभारी अनिल राहोरिया का कहना है कि सुठालिया के सभी एंट्री एग्जिट प्वाइंट पर जन सहयोग से कैमरे लगवाए जाएंगे इससे अपराधी के प्रवृत्ति के लोगों पर नजर रखी जा सकेगी।

**इन्होंने किया इस अभिनव पहल में सहयोग-** सुठालिया पुलिस की अपील पर नगर के कपड़ा व्यापारी जगदीश पालीवाल ने बस स्टैंड तिराहे पर तीन कैमरे लगवाए हैं वही ग्रैंड मर्चेंट सोनू अग्रवाल ने दो कैमरे इसके अलावा कृष्णा मेडिकल के ललित गहलोत ने दो कैमरे वही किराना व्यापारी रामबाबू पालीवाल ने दो कैमरे प्रीतम पालीवाल के यहां भी दो कैमरे लगेंगे जो कि बड़ा बाग रोड और बस स्टैंड की तरफ निगरानी रखेंगे इसके अलावा गांधी चौक पर करण सोनी ने दो कैमरे पुलिस सहयोग के लिए दिए हैं इसमें गांधी चौक से लेकर कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल व मस्जिद की तरफ पूरी निगरानी हो सकेगी सभी व्यापारियों के पर प्रतिष्ठान पर पहुंचकर किया सुठालिया थाना प्रभारी अनिल राहोरिया प्रधान आरक्षक आशीष दुबे ने पुष्पहार से सम्मान किया।

## बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से हुई फसल नुकसानी का तत्काल सर्वे कराया जाकर किसानों को दी जाये बीमा व मुआवजा राशि : विधायक डॉ.आरके दोगने





**समय जगत,हरदा।** क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ.रामकिशोर दोगने द्वारा म.प्र के मुख्यमंत्री, आयुक्त नर्मदापुरम एवं हरदा कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर हरदा जिले में बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से खराब हुई किसानों की फसलों का तत्काल सर्वे कराया जाकर बीमा एवं मुआवजा राशि दिलाये जाने की मांग की गई है। विधायक डॉ दोगने द्वारा प्रेषित किए गए पत्र में लेख किया गया है कि हरदा जिले में 27 जनवरी की रात हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ग्राम सोनतलाई, कचबैड़ी,बिछोला, हनीफाबाद, पचोला, सालाबेड़ी, सेनगुड, लोटिया, जामली, करनपुरा, धनगांव, खेड़ा, भवरतलाव, चौकी, डुमलाय, हीरापुर, बेसवां, कुसिया सहित हरदा जिले के अन्य ग्रामों में हजारों एकड़ कृषि भूमि पर लगी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। इस प्राकृतिक आपदा से किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। फसलें चौपट होने से किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इस हेतु हरदा जिले में हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित समस्त ग्रामों की सूची तैयार कर फसल नुकसानी का सर्वे तत्काल कराया जावे। जिससे किसानों को समय पर बीमा व उचित मुआवजा राशि प्रदान की जा सके और फसल नुकसानी से किसानों को हुई आर्थिक क्षति की भरपाई हो सके।

# युवा और उत्साह का संगम सांसद खेल महोत्सव समापन को लेकर हुई प्रेस वार्ता



**समय जगत, रायसेन ।** सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन का भव्य समारोह आगामी 1 और 2 फरवरी को रायसेन खेल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा ।आयोजन को लेकर बुधवार को भोपाल रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं विधायक डॉ प्रभु राम चौधरी, विदिशा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, सीहोर के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीया, आदि ने कार्यक्रम के संबंध में पत्रकारों को अवगत कराया ।इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश तोमर, भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी सीएल गौर, कार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर उपस्थित रहे ।इस अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि रायसेन शहर में पहली बार इतना बड़ा भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है,इस गरिमामय आयोजन में मीडिया की भी अहम भूमिका है, उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव समापन कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलड़ी रविंद्र जडेजा जी आ रहे हैं ।हमने आयोजन को लेकर गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं समाजसेवियों से भी अनुरोध किया है ।उन्होंने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।इस मौके पर विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है । विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने सहभागिता की है और अब दो दिवसीय समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा ।पूरे भारत देश में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया ।जिससे खेल प्रतिभाएं उभर कर सामने आई है, आठों विधानसभाओं से खिलाड़ी शामिल हुए, उन्होंने बताया कि समापन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी, खिलाड़ी और आमजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे ।आयोजन को लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल है । इस समापन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर रविन्द्र जडेजा भी शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे, बच्चे युवा नई पीढ़ी में विशेष उत्साह देखा जा रहा है ।इस अवसर पर प्रेस वार्ता में बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु मौजूद रहे ।

# धर्म के रंग में रंगा खिलचीपुर , विशाल हिन्दू सम्मेलन बना एकता का प्रतीक

## एक दिन, एक मंच, एक स्वर: विशाल हिन्दू सम्मेलन में दिखी सामाजिक एकता




**समय जगत खिलचीपुर।** सकल हिन्दू समाज खिलचीपुर नगर के तत्वावधान में आज 28 जनवरी 2026 (बुधवार) को नगर के खेल मैदान (फील्ड ग्राउंड) में आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन भव्यता और अनुशासन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजजन, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग की सहभागिता रही।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः लाल दासाजी के मंदिर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा एवं शस्त्र पूजन समारोह से हुई। केसरिया ध्वजों, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ निकली यात्रा ने पूरे नगर को धर्ममय वातावरण से सराबोर कर दिया और नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सम्मेलन स्थल पर पहुंची।

सम्मेलन में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर अरुणगिरि जी (साध्वी वर्षा जी नगर) का सान्निध्य प्राप्त हुआ। अपने ओजस्वी उद्बोधन में उन्होंने सनातन संस्कृति, समाज की एकता, नारी शक्ति और राष्ट्र धर्म पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो गया।

इस अवसर पर नगर के सभी समाजों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भी मंचासीन रहे। सभी ने एक स्वर में समाज की एकता, आपसी समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। विभिन्न समाजों की संयुक्त उपस्थिति ने सम्मेलन को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान नगर के व्यापारियों द्वारा स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आयोजन को समर्थन दिया गया, जिसकी नगरवासियों ने प्रशंसा की। समापन अवसर पर आयोजक मंडल ने सभी समाज प्रमुखों, श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

विशाल हिन्दू सम्मेलन को खिलचीपुर नगर के सामाजिक-धार्मिक इतिहास का एक सफल, अनुकरणीय और प्रेरणादायक आयोजन बताया जा रहा है।

# बुरहानपुर संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज





**बुरहानपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्मा, अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं विद्यालयों में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# सत्संग से मिलती है जीवन को दिशा, ईश्वर की कृपा है बहुमूल्य : जगतगुरु दिनेशाचार्य



**सिलवानी।** मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य भगवान से संबंध स्थापित करना है। ईश्वर से नाता जुड़े बिना मानव जीवन अधूरा है। संसारिक रिश्तों में उलझकर मनुष्य ईश्वर को भूल जाता है, जबकि भगवान से संबंध बनने पर ही जीवन का कल्याण संभव है। यह विचार रामकथा के दौरान जगद्गुरु दिनेशाचार्य जी महाराज ने व्यक्त किए।

सिलवानी अंचल के ग्राम साईखेड़ा में आयोजित 11 कुंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय, राष्ट्रभाव और धार्मिक चेतना से ओत-प्रोत हो गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से गांव का वातावरण राममय बन गया।

महायज्ञ का आयोजन यज्ञाचार्य श्री राम कृपालु जी महाराज के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत किया जा रहा है वहीं श्रीराम कथा का भावपूर्ण ओजस्वी और विचारोत्तेजक वाचन जगद्गुरु दिनेशाचार्य जी महाराज द्वारा किया जा रहा है।

सत्संग से विचारों की शुद्धि, जीवन को मिलती है सही दिशा श्रीराम कथा के दौरान जगद्गुरु दिनेशाचार्य जी महाराज ने कहा कि सत्संग से ही मनुष्य के विचार शुद्ध होते हैं और जीवन की दिशा तय होती है। उन्होंने भारत भूमि की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह वही पावन धरती है, जिसके लिए असंख्य वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। ऐसे शहीद सदैव देशवासियों के हृदय में जीवित रहते हैं।

**राष्ट्र और धर्म एक-दूसरे के पूरक :** महाराज जी ने कहा कि राष्ट्र के बिना धर्म की कल्पना नहीं की जा सकती और धर्म के बिना राष्ट्र अधूरा है। शहीदों के बलिदान से ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने समाज से बुराइयों को समाप्त कर एक सशक्त, संस्कारित और समरस समाज के निर्माण का आह्वान किया।

**भारत की संस्कृति विश्व को देती है शांति का संदेश:** भारत की विशेषता बताते हुए जगद्गुरु ने कहा कि यह ऐसा देश है, जहां देवता भी जन्म लेने को लालायित रहते हैं। भारत की संस्कृति शांतिपूर्ण, सहिष्णु और सर्वस्वीकारी है। कुंभ जैसे आयोजनों में करोड़ों सनातनी एकत्र होकर पूरे विश्व को शांति का संदेश देते हैं।

**उन्होंने सनातन धर्म का मूल मंत्र उद्धृत किया:** सर्वे भवन्तु सुखिन जो संपूर्ण विश्व के कल्याण की भावना को दर्शाता है। सनातन पर होने वाले आक्रमणों पर उन्होंने कहा कि सनातन की जड़ें इतनी मजबूत हैं कि कोई भी शक्ति इसे कमजोर नहीं कर सकती। काव्यात्मक अंदाज में उन्होंने कहा रामचरित्र से जीवन को आदर्श मार्ग मिलता है । भगवान शिव-पार्वती संवाद का उल्लेख करते हुए महाराज जी ने कहा कि भगवान सर्वव्यापी हैं, फिर भी लोककल्याण के लिए अवतार लेते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को आदर्श बताते हुए उन्होंने कहा कि हर माता-पिता की इच्छा होती है कि उनका पुत्र राम जैसा मर्यादित आज्ञाकारी और चरित्रवान हो।

# हरदा डिग्री कॉलेज में मशरूम उत्पादन का दिया प्रशिक्षण



**समय जगत,हरदा।** कौशल विकास एवं स्वरोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत आधुनिक व्यवसायिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए मशरूम उत्पादन पर हरदा डिग्री कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय की मशरूम उत्पादन ईकाई द्वारा ऑयस्टर मशरूम का सफल उत्पादन किया गया।वर्तमान समय में मशरूम एक महंगा उत्पाद है जो कि प्रोटीन,विटामिन से भरपूर होता है इसका उपयोग भोज्य पदार्थो के रूप में,औषधियो के रूप में,सौंदर्य प्रसाधन के रूप में किया जाता है। इस कार्यशाला में जीव विज्ञान संकाय के सहा. प्राध्यापक आनंद वर्मा,नरेन्द्र खोरे ने मशरूम के व्यापारिक उत्पादन और इसके प्रबंधन को विस्तारपूर्वक समझाया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के जीव-विज्ञान संकाय से सहा.प्राध्यापक पवन राठौर, अभिलाषा टांक,मुस्कान जैन, करिश्मा यादव उपस्थित रहे। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.गिरीश सिंहल,प्राचार्या डॉ. अभिलाषा सिंहल,उपप्राचार्य गणेश श्रीवास्तव,जीव विज्ञान के विभागाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह परिहार ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के कौशल विकास एवं सर्वांगीण विकास में सराहनीय है।

## धार जिले में 27 मार्च तक धारा 163 लागू, त्योहारों व परीक्षाओं के मद्देनज़र बरती जा रही है सख्ती

**धार ।** आगामी महाशिवरात्रि, होली, ईद, गुड़ी पड़वा सहित विभिन्न त्योहारों एवं परीक्षाओं के दौरान कानून-व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से अपर जिला दण्डाधिकारी संजीव केशव पांडेय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सम्पूर्ण धार जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत पाँच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, जुलूस, धरना व प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा ।किसी भी प्रकार की भड़काऊ, आपत्तिजनक या साम्प्रदायिक सामग्री के प्रचार-प्रसार पर पूर्ण रोक लगाई गई है ।हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन, बोतलों में पेट्रोल-डीजल की बिक्री, बिना पहचान सत्यापन होटल में ठहराना प्रतिबंधित रहेगा ।होली के दौरान जबरन रंग-पानी डालना, नशे में उत्पात तथा परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर क्षेत्र में भीड़, डीजे व लाउडस्पीकर का उपयोग वर्जित रहेगा ।आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी ।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर 27 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगा ।

## गुरुजी भारतभूषण त्रिपाठी के पुण्य स्मरण कार्यक्रम को हुए पांच वर्ष



**टीकमगढ़ ।** हम सभी के प्रेरणास्रोत, मार्गदर्शक और समाज के लिए प्रकाशपुंज रहे श्रद्धेय गोलोकवासी श्री भारतभूषण त्रिपाठी (गुरुजी) के पुण्यस्मरण में आयोजित कार्यक्रम को अब पाँच वर्ष पूर्ण हो चुके हैं ।26 जनवरी 2026 को उनके 66वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित यह पुण्यस्मरण कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और भावनात्मक स्मृतियों का अनुपम संगम बन गया था ।कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री 1008 गोंगबेर हनुमान मंदिर, सागर रोड, टीकमगढ़ में सायं 3 बजे से किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गुरुजन, शिष्यगण और नगरवासी उपस्थित हुए ।उपस्थित लोगों ने गुरुजी के जीवन, उनके विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।पुण्यस्मरण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित भजन संध्या विशेष आकर्षण का केंद्र रही ।सागर के क्रस्टूडियोज से आए सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया ।भजनों के माध्यम से गुरुजी के आदर्शों, सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का भावपूर्ण संदेश दिया गया ।श्रद्धालु भजनों में तल्लीन होकर भाव-विभोर दिखाई दिए और कई श्रद्धालुओं की आँखें स्मृतियों के भाव से नम हो उठीं ।भजन संध्या के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया ।

# बाजार क्षेत्र में फलों के ठेलों को सख्ती से हटाने, अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के दिए निर्देश



**समय जगत, इटारसी।** नए साल की शुरूआत के साथ शहर एवं विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित निर्माण एवं विकास कार्यो को तेज गति से पूरा करने एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए पूर्व विस अध्यक्ष एवं विधायक डा. सीतासरन शर्मा ने सभी विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक ली। नपा सभागार में मंगलवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं, साथ ही आगामी कार्ययोजना पर काम करने की प्लानिंग बनाई गई है। बैठक में विधायक डा. सीतासरन शर्मा, एसडीएम नीलेश कुमार शर्मा, तहसीलदार रितु साहनी, सीएमओ रितु मेहरा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, विधायक प्रतिनिधि जगदीश मालवीय मौजूद रहे।

विधायक डा. शर्मा ने बताया कि मार्च-अप्रैल तक इटारसी तवा कालोनी और पवारखेड़ा में तैयार हो रहे दोनों सांदीपनी स्कूल सीएम राइज बनकर तैयार हो जाएंगे, पहले इटारसी का भवन हैंडओवर होगा, मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के हाथों इसका लोकार्पण कराने की तैयारी है। नए सत्र में दोनों सांदीपनी स्कूल शुरू किए जाएंगे।

नर्मदापुरम में विधि महाविद्यालय की प्रकिया भी शुरू हो गई है, प्रस्ताव बन गया है, जल्द ही टेंडर कराए जाएंगे।

**1 फरवरी से नया स्टैंड चालू होगा :** शर्मा ने बताया कि पुरानी इटारसी में तैयार नवीन बस स्टैंड 1 फरवरी से चालू कराया जाएगा, कमिश्नर ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है, यहां यात्री प्रतीक्षालय समेत अन्य प्रबंध नपा तेजी से कराएगी, स्टेशन रोड स्थित मौजूदा बस स्टैंड पर पिक एंड ड्राप की व्यवस्था जारी रखने पर आरटीओ से बात की जाएगी, चूंकि बस आपरेटर मनमानी बंद नहीं कर रहे हैं, यहां लंबे समय तक बसों को खड़ा कर यातायात बाधित किया जा रहा है, उन्होंने नपा अधिकारियों से कहा कि नए स्टैंड पर सारे प्रबंध कर लिए जाएं, हम 1 फरवरी से नया स्टैंड चालू कर रहे हैं।

**गारंटी अवधि की बदहाल सड़कों का मेंटनेंस हो:** शर्मा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में बनी ऐसी सड़कों के मेंटनेंस के निर्देश दिए, जो गारंटी अवधि में हैं, ओर समय से पहले खराब हो गई हैं, इसके अलावा न्यास से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 46 को जोड़ने वाले बायपास में अर्जित की गई निजी जमीनों के मुआवजा प्रकरणों पर भी चर्चा हुई, एसडीएम ने कहा कलेक्टर को प्रकरण भेजा है, जल्द ही सूचना प्रकाशन के बाद अवार्ड पारित कराए जाएंगे। बूढ़ी माता मंदिर से डोलरिया तिराहे तक बनी सड़क के मेंटनेंस के अलावा बूढ़ी माता मंदिर के पीछे स्वप्नेश्वर मंदिर से सोनासांवरी सांवलखेड़ा मार्ग तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव भी बनाया जा रहा है, डा. शर्मा ने मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री से पत्राचार किया था, जिसकी प्रकिया जारी है।

**हाथठेले जब्त होंगे- मनमानी पार्किंग रूकेगी :** शर्मा ने बताया कि राजस्व, पुलिस एवं नपा मिलकर गुरूवार से अभियान शुरू करेगी, इसमें सड़कों पर लगने वाले फलों के ठेलों को जब्त कराएंगे, इसके अलावा सड़कों पर गाड़ियां लगाकर गोडाउन की तरह उपयोग करने वाले वाहन भी हटाए जाएंगे। हाथठेलों के बाद मनमानी पार्किंग करने वाले दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों पर एक्शन होगा। इनके लिए पार्किंग के नए स्थल चिन्हित किए जाएंगे।

**दोनों भुजा का काम जारी तीसरी भुजा का अभिमत मांगा :** बैठक में सोनासांवरी ओवरब्रिज का मुद्दा भी उठा, ब्रिज कार्पोरेशन अधिकारियों ने बताया कि दोनों तरफ की भुजा का काम अधूरा है, साल 2027 तक इसे पूरा करने की तैयारी है, विधायक डा. शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि निष्पक्ष तरीके से ब्रिज के दोनों तरफ एप्रोच सड़कों के लिए भू अधिग्रहण किया जाएगा। ब्रिज के केन्द्र बिंदु से दोनों तरफ समान अधिग्रहण किया जाएगा, अभी बंगाली परिवारों की आपत्ति आई है, इसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए।

तीसरी भुजा पर शर्मा ने कहा कि मैनिट के बाद तीसरी भुजा के लिए आईआईटी इंदौर से अभिमत मांगा गया है, जिसकी रिपोर्ट आना है, भविष्य में तीसरी भुजा बनाई जाएगी, इसमें कोई गलतफहमी न पाले कि रेलवे लाइन के नीचे से निकले बायपास के कारण तीसरी भुजा नहीं बनेगी, इस बायपास के उपयोग पर रेल महाप्रबंधक ने साफ इंकार किया है, इसलिए तीसरी भुजा बेहद जरूरी है।

शर्मा ने ग्रीष्मकाल को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी पड़ी जल जीवन मिशन की अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। लोनिवि अधिकारियों को धौखेड़ा से खेड़ा तक बिछाई जाने वाली भूमिगत पाइप लाइन के लिए एनओसी देने की मांग भी नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने की, जिस पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**पानी की टंकियों पर चढ़ने पर पाबंदी :** डा. शर्मा ने आबकारी एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि शहर में बनी पानी की टंकियों के ऊपर तक असामाजिक तत्व चढ़ रहे हैं, कमला नेहरू पार्क की टंकी के आसपास दिन भर शराबी गंजेड़ियों का जमघट रहता है, यहां पुलिस जाए और शराबियों को सबक सिखाए। टंकियों पर एंट्री रोकने के लिए आसपास फेसिंग एवं कांटे लगाए जाएंगे। शर्मा ने शहर के कई इलाकों में खुलेआम हो रही शराब की अवैध सप्लाई की रोकथाम कर शराब ठेकेदारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए, उन्होंने गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने को कहा। शर्मा बोले, शराबी घर बैठकर पिएं, सार्वजनिक स्थलों पर नशा कर महिलाओं-स्कूली छात्राओं को परेशान करते हैं, पुलिस स्कूलों के आसपास भी नियमित गश्त करे।

आरटीओ के उड़नदस्ता प्रभारी हिमांशु जैन द्वारा अवैध वसूली का मुद्दा भी उठा, इस पर शर्मा ने कलेक्टर को पत्र लिखने को कहा, मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने बताया स्कूली वाहनों को जांच के लिए नाम पर वसूली की जाती है, रुपये न देने पर वाहन जब्त कर आरटीओ दफ्तर भेजे जाते हैं, इस मनमानी पर रोक लगाई जाए।